२ तृषा परिषह, ३ शीत परिषह ४ ऊष्ण परिषह ५ दंसमशक परिषह, ६ अचेल
परिषह, ७ अरति परिषह, ८ स्त्री परिषह, ९ चर्या परिषह, १० निषद्या परिषह
११ शय्या परिषह १२ आक्रोश परिषह, १३ वध परिषह, १४ याचना परिषह १५ अलाभ परिषह, १६ रोग
परिषह १७ तृणस्पर्श परिषह १८ जल मैल परिषह, १९ सत्कार पुरस्कार परिषह २० प्रज्ञा परिषह,
२१ अज्ञान परिषह, और २२ दर्शन परिषह॥*॥ अब इन बावीस परिषह का वर्णन विस्तारपूर्वक दो दो
गाथा द्वारा कहते हैं श्री सुधर्मा स्वामी कहते हैं, कि अहो जम्बू ! काश्यप गोत्रीय श्री महावीर स्वामीने

सूत्र

हरिस्सामि आणुपुर्व्वि सुणेहमे ॥ १ ॥ दिगिंच्छा परिगए देहे, तवस्सी भिक्खू थामवं॥ नछिंदे नछिंदावए, नपए न पयावए ॥ २ ॥ कालीपव्व सकासे, किसेधमणि संतते ॥ मायन्ने असणपाणस्स अदीनमणसो चरे ॥ ३ ॥ तओ पुट्ठो पिवासाए,

अर्थ

बावीस परिषह अनुक्रम २ कहे हैं उन का ही कथन में दृष्टान्त सहित अनुक्रम से कहता हूं सो तू श्रवण कर ॥ १ ॥ सब परिषह में क्षुधा परिषह सहन करना दुष्कर है इसलिये प्रथम इसका कथन कहते हैं-संयम व तप में जिन का आत्मा बलवान है वैसा तपस्वी साधु को क्षुधा व्याप्त हो जावे और अचित्त निर्दोष आहार का योग बने नहीं तो सचित्त वस्तु फलादि का स्वयं छेदन करे नहीं अन्य से छेदन करावे नहीं और छेदन करने वाले को अच्छा भी जाने नहीं वैसे ही स्वयं अशनादि पकावे नहीं अन्य से पकवावे नहीं पकाते को अच्छा जाने नहीं ॥ २ ॥ काक पक्षी की जंघा समान जिस का शरीर दुर्बल होगया होवे रक्त मांस सूक गये होवे और मात्र नसा जाल रही होवे वैसा तपस्वी असन पान की मात्रा प्रमाण का जान बना हुवा अदीन पना से विचरे अर्थात् आहार विना शरीर इतना शुष्क होजावे तो भी दीनता धारन करे नहीं ॥ ३ ॥ क्षुधा परिषह पर हस्तीमित्र सेठ की कथा कहते हैं-उज्जयनी नगरी में हस्तिमित्र नामक कोई श्रेष्टि रहता था किसी कारण पश्चात् पिता पुत्र वैरागी बनकर दीक्षा अंगीकार कर ग्रामानुग्राम विचरते हुवे कोई अटवि में पडगये वृद्धावस्था के कारण से हस्ति

मित्र साधु विहार करसके नहीं, जिस से अपने आचार्य से बोले कि-मेरा शरीर श्रम से अत्यंत खेदित होगया है और मैं नहीं चल सकता हूं इसलिये मैं अनशन व्रत लेकर संथारा अंगीकार करूं और आप आगे पधारो आचार्यने उन की शक्ति देखकर संथारा करवाया और उन का पुत्र साधु को आचार्यने अपने साथ आने के लिये बहुत कहा परंतु पितापर मोह होने के कारन वह वहां ही रहा. कालांतर में पिता साधु आयुष्य पूर्ण कर देव लोक में गये, और अवधि ज्ञान से अपने पूर्व भव के पुत्र साधु को शरीर की रक्षा करता हुआ देख कर मोह होने से वह देवता वहां आया, और उस मृत कलेवर में प्रवेश कर के अपने क्षुधा से पीडित पुत्र को कहने लगा कि-अहो मुने! इस जगह में जो वृक्ष फले हैं वे खाने योग्य हैं इसलिये खाओ, पुत्र साधु ने उत्तर दिया कि साधु को वैसा सचित्त अहार अकल्पनीय है, इसलिये मैं प्राणांत में भी वैसा आहार नहीं करूंगा उस साधु की ऐसी दृढता देखकर देवने वैक्रेय से श्रावक श्राविका का संघ बनाया और आहारादिक का आमंत्रण किया, परंतु उसे भी देव कृत्य जानकर ग्रहण किया नहीं तपश्चात् आस पास में ग्राम नगरादि बसाये और आहार की निमंत्रणा की परंतु उन में से भी आहार लिया नहीं इस से देवताने प्रसन्न होकर जहां उन का साधु समुदाय था वहां उस साधु को पहोंचा दिया और उन के गुरु को देवताने की हुई सब हकीकत कह सुनाइ गुरु खुश हो गये और उन की बहुत प्रशंसा की उस पुत्र साधुने भी शुद्ध संयम का पालन कर आत्म कल्याण किया इस तरह अन्य साधु को भी क्षुधा परिषह सहन

सूत्र

हरिस्सामि आणुपुव्विं सुणेहमे ॥ १ ॥ दिगिंच्छापरिगए देहे, तवस्सी भिक्खू थामवं॥ नछिंदे नछिंदावए, नपए न पयावए ॥ २ ॥ कालीपव्व सकासे, किसेधमणि संतते ॥ मायन्ने असणपाणस्स, अदीणमणसो चरे ॥ ३ ॥ तओ पुट्ठो पिवासाए,

अर्थ

बाइस परिषह प्रसंग २ करे हैं उन का ही कथन मैं दृष्टांत सहित अनुक्रम से कहता हुं सो तू श्रवण कर ॥ १ ॥ सब परिषह में क्षुधा परिषह सहन करना दुष्कर है इसलिये प्रथम इसका कथन करते हैं-संयम व तप में जिन का आत्मा बलवान है वैसा तपस्वी साधु को क्षुधा व्याप्त हो जाव और अचित्त निर्दोष आहार का योग बनें नहीं तो सचित्त वस्तु फलादि का स्वयं छेदन करे नहीं अन्य से छेदन करावे नहीं और छेदन करने वाले को अच्छा भी जाने नहीं वैसे ही स्वयं अशनादि पकावे नहीं अन्य से पकवावे नहीं पकाते को अच्छा जाने नहीं ॥ २ ॥ काक पक्षी की जंघा समान जिस का शरीर दुर्बल होगया होवे रक्त मांस सूक गये होवे और मात्र नसा जाल रही होवे वैसा तपस्वी असन पान की मात्रा प्रमाण का ज्ञान वाला हुवा अदीन पना से विचरे अर्थात् आहार बिना शरीर इतना शुष्क होजावे तो भी दीनता धारन करे नहीं ॥३॥ क्षुधा परिषह पर हस्तीमित्र श्रेठ की कथा कहते हैं-उज्जयनी नगरी में हस्तिमित्र नामक कोई श्रेष्टि रहता था किसी कारण वशात् पिता पुत्र वैरागी बनकर दीक्षा अंगीकार कर ग्रामानुग्राम विचरते हुवे कोई अटवि में पहुंचे वृद्धावस्था के कारण से हस्ति

विरयं लूह सीय फुसइ एगया ॥ नाइवेलं मुणी गच्छे, सोच्चाण जिनसासण ॥ ६ ॥

पता देख कर सोचा कि और कोई नहीं देखते हैं; परन्तु अनंतज्ञानी तो देख रहे हैं यह असंख्य जीवों का पिंड मेरे एक जीव की रक्षा के लिय नाश करना, तैसे ही महा पुण्योदय के प्राप्त अनंत भव निध्वंसक संयम का एक भव के क्षणिक सुख के लिये नाश करना मुझे उचित नहीं है इस विचार से लिया हुवा पानी यत्ना पूर्वक पीछा रख दिया फिर वहां से उठते हुए चक्कर आया और मूर्च्छित होकर नीचे गिरगया वहां से वह आयुष्य पूर्ण कर देवलोक में देवता हुआ वहां अवधि ज्ञान से अपना पीछे का भव देखा, और पिता साधु का मनोगत दुष्ट भाव जाना इस पाप की निवृत्ति कराने के लिये वह देव अपने कलेवर में प्रवेश कर जहां आचार्य और पिता साधु थे वहां आया और आचार्य को वंदनानमस्कार किया, परन्तु पिता साधु को वंदना नमस्कार किया नहीं आचार्य के पूछने पर वह देव बोला कि-अहो भगवन् ! सचित्त पानी भोगवाने का उनोंने दुष्ट मन से आदेश किया था, यों अथ इति सब कथन कह सुनाया और पिता साधु को प्रायश्चित्त दिलाकर शुद्ध किया स्वर्ग वहां से देवलोक में चला गया यह तृषा परिषह सहन करने पर धनमित्र साधु की बारहवी कथा हुई ॥ १२ ॥ ✿

क्षुधा तृषा से रहित निर्बल शरीरवाले को शीत विशेष होवे, इस से तीसरा शीत परिषह कहते हैं जो अग्नि आदि के आरंभ से निवर्ते हैं जिन का शरीर तपादिक से रूक्ष बना है अथवा तैलादिक विलेपन रहित रूक्ष हैं वैसे ग्रामानुग्राम विचरते हुवे साधु को कदाचित् शीत का परिषह होवे तो वह साधु जिन भगवान की आज्ञा श्रवण कर क्रिया काल का उल्लंघन करे नहीं परंतु कालोकाल क्रिया

सूत्र

दोगुञ्छीलज्जसजए ॥ सीओदग न सेविज्जा, वियडस्सेसण चरे ॥ ४ ॥ छिन्नावएसु पथेसु, आउरेसु विवासिए॥ परिसुक्क मुहे दीणे, त तितिक्खे परिसहे ॥ ५ ॥ चरत

अर्थ

करना चाहिये पर प्रथम क्षुधा परिषह पर हस्ति मित्र साधु की इग्यारवी कथा पूर्ण हुई ॥ ११ ॥ ❀ ❀ आहार करने से तृषा होती है इसलिये दूसरा तृषा परिषह का कथन करते हैं—अनाचार की दुगंछा करनेवाला और संयम की लज्जावाला संयति को तृषा की परिषह होवे तो सचित्त ठंडा पानी पीवे नहीं परंतु निर्दोष अचित्त पानी की गवेषणा करता हुवा विचरे ॥ ४ ॥ जिस मार्ग में कोई भी मनुष्य नहीं आवे जावे वैसे मार्ग में तृषा से आकुल व्याकुल बना हुवा और जिस का मुख सूक गया है वैसा साधु दीनपना रहित तृषा परिषह सम्यक् प्रकार से सहन करे परंतु सचित्त पानी का सेवन करे नहीं ॥ ५ ॥ इस

कथा

परिषह पर धनमित्र साधु की कथा कहते हैं। किसी आचार्य के पास पिता पुत्रने दीक्षा ली वे ऊष्ण काल में विहार करते हुवे तृषातुर हो गये पुत्र साधु का शरीर कोमल होने से वह बहुत घबराया आगे चलते हुए कोइ जलाशय दृष्टिगत हुवा, तब पिता साधुने विचार किया कि मेरी लज्जा से यह पानी नहीं पीवेगा इसलिये जल्दी २ पांव उठाकर आगे चलेगये पुत्र साधु पीछे से आ रहे थे उनोंने जलाशय देखकर पानी पीने का विचार किया, और चारों तरफ देखते कोइ दिखा नहीं इस से उस जलाशय में जाकर उस में से पानी की अंजली भरकर पीने का विचार किया जितने में उस पानी में रहे हुवे ...

परिवेवए ॥ ८ ॥ उण्हाहि तत्तो मेहावी, सिणाण नो वि पत्थए ॥ गाय नो परिसिं
चेज्जा, न वीएज्जाय अप्पयं ॥ ९ ॥ पुट्ठो य दंसमसएहिं, समरेव महामुणी ॥ नागो

मैल वगैरह से, अभ्यतर तृषा से पीडित बना हुवा साधु शुष्टि वायु मे साता होवे वैसा इच्छे नहीं ॥ ८ ॥ ऊष्ण ताप से पीडित बना हुवा साधु स्नान की भी प्रार्थना करे नहीं, पानी से गात्र का सिंचन मात्र भी करे नहीं, वैसे ही वींजने से हवा भी करे नहीं ॥९॥ इस ऊष्ण परिषह पर अरणक मुनि की कथा कहते हैं-तगरा नगरी के दत्त साहुकारने अपनी भद्रा भाया और अरणिक पुत्र के साथ दीक्षा अंगीकार की दत्त साधु वृद्धावस्था क कारन से आप ज्ञानाभ्यास कर सके नहीं, परंतु अपने पुत्र साधु को ज्ञानाभ्यास में लगाया और आप उस की वैय्यावृत्य करने लगा अब वह पिता साधु उस के लिये आहार वस्त्र पात्र वगैरह जो चाहिये सो लाकर देता था कालान्तर में वह पिता साधु काल के अवसर मे काल कर देवलोक में गया अब अरणिक मुनि को ही भिक्षा करने के लिये जाना पडा भीक्षार्थ भ्रमण करते हुए ताप से पीडित हो आकुल व्याकुल बन कर एक गृहस्थ के प्रासाद की छाया में खडे रहे उस समय उसही प्रासाद में रहनेवाली विरहिनी स्त्रीने अपने गवाक्ष में रहे हुवे साधु को देखे और दासी को बोलाने के लिये भेज दी अरणिक साधुने भिक्षा के लिये उस के घर में प्रवेश किया वहां उस स्त्रीने अनेक हाव भाव कटाक्ष से उस साधु को मोहित कर अपना तन मन व धन अर्पन कर दिया अरणिक साधु ऐसे भोगोंमें लुब्ध बन वहां रहने लगे उनकी माता साध्वी को अरणिक मुनि का का पता नहीं लगने से मोह से भ्रमित बन ढुंढने के लिये निकली और अरनक !

नमेनिवारं अत्थि, छविचाण न विज्जइ ॥ अहं तु अग्गि सेवामि, इइ भिक्खू न चिंतए ॥ ७ ॥ उसिण परियावेण, परिदाहेण तज्जिए ॥ घिंसुवा परियावेण, सायं नो करे ॥ ८ ॥ शीत का निवारण करने के लिये मुझे घर नहीं है, वस्त्र भी पूरे नहीं है इस से मैं अग्नि का सेवन करूं, ऐसी चिंतवना मात्र भी साधु करे नहीं ॥ ७ ॥ इस पर भद्रबाहु आचार्य के चार शिष्यों का दृष्टांत करते हैं—राजगृही नगरीमें चार वणिक थे कि जिनों भद्रबाहु आचार्य के पास दीक्षा अंगीकार कर ज्ञानाभ्यास करते व ग्रामानुग्राम विचरते पुनः राजगृही नगरी में आये इन चारों साधुओं में से एक वैभारगिरी पर्वत पर, दूसरा पर्वत के नीचे, तीसरा राजगृही के पंथ में वृक्ष के नीचे, और चौथा राज गृह नगरी के द्वार के पास दिन अस्त होने से रात्रि के चार प्रहर पर्यंत ध्यान करके स्थिर रहे रात्रि में अत्यंत शीत पडने से पर्वत पर का साधु प्रथम प्रहर में, पर्वत के नीचे का साधु दूसरे प्रहर में, राजगृही नगरी के पथ का साधु तीसरे प्रहर में और द्वार के पास का साधु चतुर्थ प्रहर में यों चारों साधु शीत परिषह को समभाव से सहन करते हुए आयुष्य पूर्ण होने से काल कर देवलोक में देवता हुए यह शीत परिषह पर भद्रबाहु आचार्य के चार शिष्यों की तेरवी कथा हुइ ॥ १३ ॥

* *

शीतकाल पीछे उष्ण काल आवे इस से चौथा उष्ण परिषह कहते हैं—ग्रीष्म ऋतु (ज्येष्ट आषाढ) अथवा शरद ऋतु (आश्विन कार्तिक) इन में उष्ण भूमि आदि के आताप से और बाह्य पसीना

उवेह न हणे पाणे, भुंजते मससोणियं ॥ ११ ॥ परिजुण्णेहिं वत्थेहिं, होक्खा
मित्ति अचेलए ॥ अदुवा सचेलए होक्खं, इइ भिक्खू न चिन्तए ॥ १२ ॥ एगया

प्राणियों मांस व रुधिर खाते होवे तो भी उन प्राणियों को त्रास देवे नहीं वैसे ही उन को अलग भी करे नहीं किंबहुना उन पर मन से भी द्वेष करे नहीं, परंतु उन की उपेक्षा [दया] करे, किसी प्रकार से उन जीवों को अन्तराय करे नहीं॥११॥ दंसमशक परिषह पर श्रमणभद्र कुमार की कथा कहते हैं चंपा नगरी के जितशत्रु राजा के श्रमणभद्र कुमारने दीक्षा अंगीकार करके ज्ञानाभ्यास किया अन्यदा वृक्ष के नीचे कायोत्सर्ग करके रहे वहां वृक्ष पर मधुका छत्ता था इस में से किसी प्रयोग से शहद मुनि के शरीर पर पडा जिस से मधुमक्षिका उस शहद लेने के लिये मुनि को दंश देने लगी मधु मक्षिकाओंने सब शरीर छिद्रमय बना दिया, तो भी वे चले नहीं, अत्यंत उज्वल नरक जैसी वेदना समभाव से सहन की उस समय नरक तिर्यचादि दुःखों का विचार कर अपने परिणाम की विशुद्ध धारा पूर्वक समाधि मरण मरकर देवलोक में गये यों श्रमणभद्र साधु समान सब साधुओं को दंश मशक का परिषह सहन करना यह श्रमणभद्र की पन्नरहवीं कथा संपूर्ण हुई ॥१५॥

दंशक मशक की बाधा निवारने के लिये वस्त्र की जरूर होने इस से छठा वस्त्र परिषह कहते हैं, वस्त्र जीर्ण होजाने से मैं वस्त्र रहित हो जाऊंगा तब मैं क्या करूंगा यों खेदित होवे नहीं वैसे ही किसी से याचना करते वस्त्र प्राप्त होजावे तो हर्षित भी होवे नहीं यों दोनों प्रकार का चिन्तवन साधु करे

सगाम सीसेवा, सूरो अभिहणे पर ॥ १० ॥ न सतसे न धारेज्जा, मणसि न पओसए॥

भरनक ' यों पुकारती फिरने लगी पकडा यह साध्वी माता इस तरह पुकारती हुइ उस ही मासाद नीचे से जा रही थी सो भरनकने देखी यह माता को देख लज्जित हुआ महेल से नीचे उतरकर साध्वी माताके पांव वंदन किया माता बोली अहो पुत्र ! चिंतामनी समान सयम व्रत का नाश कर तैने यह अनर्थ किया तब भरनकने उत्तर दिया कि-मातु श्री ! सयम की दुष्कर क्रिया मेरे से नहीं पलती है, परतु आज्ञा होवे तो जिस ऊष्ण परिषह से मैं भ्रष्ट हुआ हु उस ही ऊष्ण परिषह से मैं मेरे आत्मा का सुधारा करलू माताने कहा-आत्म कल्याण करना ही श्रेष्ठ है ऐसा सुन कर भरणकने सूर्य के ताप से अत्यंत तप्त बनी हुइ पत्थरकी शिला पर अपना शरीर डाल दिया और आहार व शरीर का त्याग कर सथारा किया जैसे अग्नि के ताप से मक्खन पीगलता है वैसे ही उन भरनक साधु का शरीर पिगल गया और आप समाधि भाव में लीन बने कर्म क्षय कर तत्काल स्वर्ग गये यह भरणक मुनि की चौदनी कथा सपूर्ण हुई ॥ १४ ॥

ऊष्ण काल पीछे चतुर्मास आवे और चतुमास में जीवादिक की उत्पत्ति होने से पांचवा दंशमशक का परिषह होने सा करते हैं जैसे संग्राम के अग्र भाग में रहा हुवा शूरवीर हाथी भाला आदि शस्त्र के बहुत प्रहार होने पर भी शत्रु की घात करता है वैसे ही दंशमशक परिषह से स्पर्शाया हुवा महा मुनि परिषह को जीतता है अर्थात् दंशमशक का परिषह प्राप्त होने पर समभाव से रहता है ॥ १० ॥ दंशमशकादि छुद्र

साधु हुआ अग्यारह अंग पढाये और पूर्व की विद्या पढाने के लिये वज्रस्वामी के पास भेजा वस रात्रि को वज्रस्वामी को स्वप्न आया कि किसी दीक्षितने दुध पीके २ छोड दिया प्रातःकाल में आर्यरक्षित मुनि मीले और सब वृतांत कह सुनाया वार्तालाप होने से उसे योग्य जान पुर्वो का अभ्यास शरू करवाया अभ्यास करते २ नव पूर्व का अभ्यास पूर्ण किया और दशवा पू। पढते गुरुजी से पूछा कि अब और कितना पढना बाकी है ! गुरुजीने उसे थका जान पढाना बंध कर दिया योग्य जानकर आचार्य पद पर स्थापन किये वे वहां से विहार कर दशारन पूर आये, वहां प्रतिबोध देकर माता को और फल्गु रक्षिता दे भाइयों को दीक्षा दी सोमदेव लज्जा से साधु का लिंग नहीं धार सके परंतु आचार्य सब फीरते रहे लोग आचार्यादि सब साधुओं को वंदना करे परंतु सोमदेव को वंदना करे नहीं सोमदेव के पुछने पर लोग ऐसा ही उत्तर देते थे कि हम साधु को वंदन करते हैं तुम दंड कमंडल धारी हो ऐसा सुनकर सोमदेवने दंड कमंडल छोड दिये परंतु धोती का त्याग किया नहीं आचार्यने उन के आत्मा का उद्धार के लिये श्रावक के बालकों को सीखला कर सोमदेव की धोती रस्ते चलते हुवे छिनवाइ वहां एक गृहस्थने सोमदेव को चोलपट्टा दिया उस पहनकर आचार्य के पास आवे और बालकों की निंदा करने लगे जब कोइ श्रावक बोला कि क्या धोती लादेऊं ? उन्होंने कहा कि अब लज्जा तो गइ धोती से क्या काम है अब तो ऐसा ही वस्त्र पहिनूगा तब वे सोमदेव प्रमाणोपेत वस्त्र धारी बने और आचार्यने उन को दीक्षा दी वे चारित्र

अचेलए होइ, सचेले आवि एगया ॥ एय धम्म हिय णच्चा, नाणी नो परिदेवए ॥

नहीं ॥ १२ ॥ कदापि जिनकल्पी की अपेक्षा वस्त्र रहित भी होजाऊं और स्थविर कल्पी की अपेक्षा कदापि वस्त्र सहित भी होजाऊं तो भी वस्त्र सहित अथवा रहित यों दोनों प्रकार के धर्म को हितकारी मानकर साधु खेदित होवे नहीं ॥ १३ ॥ इस अचेल परिषह पर आर्यरक्षित कुमार की कथा कहते हैं—दशपुर नगर का सोमदेव पुरोहित का पुत्र आर्य रक्षित परदेश से चवदह विद्या का अभ्यास कर आया उसे राजा आदिने बहुत धूमधाम से नगर में प्रवेश कराया वह अपने पिता के चरणारविंद में पडकर जैनधर्मावलम्बिनी माता के पास गया परंतु माता का मुख कमल आनंदित देखा नहीं, तब उसने माता से कारन पुछा माताने कहा कि कदापि तू चौदह विद्याका निधान बन आया है परन्तु यह चौदह विद्या तेरा आत्मकल्याण नहीं करसकती है कल्याण मात्र धर्म से ही होता है तब पुत्रने माता से पुछा कि धर्म का अभ्यास मुझे कौन करावे ? माताने कहा कि—तोतली पुत्र आचार्य कि जो तेरे संसार के मामा होते, उन के पास जा वे ही धर्मज्ञान पढा सकेंगे यह माताकी आज्ञा प्रमाण कर घर से निकलते ही इक्षु के नव अखंड सांठे ले जाते हुए का शकुन हुआ तब माताने कहा कि हे पुत्र ! तू नव पूर्व का अभ्यास करेगा तब वह आर्यरक्षित तोतलीआचार्य के पास आया, और वंदना नमस्कार कर सब वृत्तांत कहा तब आचार्य ने कहा कि जो संसार त्यागी होते हैं उन को ही हम ऐसी विद्या का अभ्यास करा सकते हैं यों सुनकर वह आर्यरक्षित [illegible]

पुत्र की स्थिति सुनकर राजा क्रोधित हो कर साधु के पास आया, परंतु अपने भाई को ही साधु देखकर लज्जित हुआ कि-राज पुत्र की यह क्या अवस्था की? साधुने उत्तर दिया कि-तुम्हारे ग्राम में किसी साधु को नहीं रहने देना यह कितना अनर्थ है? अब तेरा पुत्र दीक्षा लेवे तो अच्छा होवे राजाने उन की आज्ञा प्रमाण की और वे दोनों पुत्र अच्छे हो गये दोनों ने डर से दीक्षा ले राजकुमार शुद्ध संयम पालने लगा परंतु पुरोहित पुत्र जाति अभिमान से द्वेष सहित दीक्षा पालता था दोनों आयुष्य पूर्ण कर देवता हुए महा विदेह क्षेत्र में श्री सीमंधर स्वामी के दर्शनार्थ वे दोनों गये और पूछा कि-अहो भगवन्! हम सुलभ बोधि हैं या दुर्लभबोधि हैं? भगवानने राजपुत्र को सुलभ बोधि कहा और पुरोहित पुत्र को दुर्लभ बोधि कहा पुरोहित पुत्रने पुनः प्रश्न किया कि अहो भगवन्! मैं यहां से चवकर कहां जाऊंगा भगवानने उत्तर दिया कि-कौशाम्बी नगरी में मूकसेठ का तू भाई होगा अहो भगवन्! मूकसेठ कौन है? भगवान बोले कि कौशाम्बी नगरी में श्री नामक सेठ अपने वारस में एक पुत्र छोड़कर मर कर वह भंडसूर हुआ, उसे किसी प्रयोग से उस के पुत्रने मार डाला वह वहां से मरकर सर्प हुआ, वहां भी उस को पुत्रने मारा, और वहां से उस के पुत्र के वहां ही पुत्रपने उत्पन्न हुआ वहां जातिस्मरण ज्ञान से अपना पूर्व भव जाना और विचार हुआ कि-मैं बेटे को बाप कैसे कहूं? पुत्र वधू को माता कैसे कहूं? यों विचार वह मौन रहता था इस से उस का नाम मूक रखा वहां चार ज्ञान के धारक साधु आये और कहा कि—तू पहिले भंडसूर पीछे सर्प और वहां से पुत्र के पुत्रपने उत्पन्न हुआ है

सूत्र

॥ १३ ॥ गामाणुगाम रीयंतं, अणगारं अकिंचणं ॥ अरई अणुप्पवेसेज्जा, तं तितिक्खे परिसहं ॥ १४ ॥ अरई पिट्ठओ किच्चा विरए आयरक्खिए ॥ धम्मारामे निरारंभे, उवसंते मुणी चरे ॥ १५ ॥ संगो एस मणुस्साणं, जाओ लोगम्मि इत्थिओ

कथा

पाकर देवलोक में गये जैसे सोमदत्तने अचेल परिषह सहन किया वैसे ही सब साधु को अचेल परिषह सहन करना यह अचेल परिषह पर आर्यरक्षित कुमार की सोलहवी कथा हुई ॥ १६ ॥

अर्थ

सब नहीं मीलने से चिंता होवे इस से सातवा अरति परिषह कहते हैं—परिग्रह से रहित साधु को ग्रामानुग्राम विचरते हुए अरति होवे तो उस अरति परिषह को सहन करे ॥ १४ ॥ आत्मा की रक्षा करनेवाला विरतिवन्त व उपशांत मुनि अरति को दूर करके आरंभ रहित धर्म रूप बगीचे में विचरे ॥१ ॥ अचल पुरी नगरी के मित्रप्रभु राजा का पुत्र सागर चन्द्र और पुरोहित पुत्र इन दोनोंने राधाचार्य के पास दीक्षा अंगीकार की फिर शास्त्राभ्यास कर के उज्जयनी गये वहां सुना कि वहां का राजपुत्र और पुरोहित पुत्र ग्राम में साधुओं को नहीं रहने देते हैं, इस से लोगों को मना करने पर भी दोनों पुत्र को प्रतिबोध देने गये राजपुत्र साधु को देखकर बोला कि क्या तुम नृत्य करोगे ? साधु ने कहा कि वार्दित्र बजाओगे ? यों सुनकर दोनों पुत्र साधु को मारने आये, परंतु साधु के तप बल से रक्त का वमन करते हुए मूर्छित हो पड गये साधु वहां से स्वस्थान आ गये ऐसी अपने

जरेस एया परिन्नाया, सुकडं तस्स सामण्णं ॥ १६ ॥ एयमादाय मेहावी, पंक भूयाओ इत्थिओ ॥ नो ताहिं विणिहन्निज्जा, चरेज्जत्तगवेसए ॥१७॥एग एव चर लाढे

को सम्झान के लिये देवता उस के सामने सूके घास का भारा लेकर अग्नि में प्रवेश करने लगा तब दुर्लभ बोधि बोले,—रे मूर्ख ! घास का भारा ले कर जाज्वल्यमान अग्नि में क्यों मरने को जाता है ? देवता बोला हां हां ! मैं एक ही बार जलकर मरूंगा परन्तु तुम तो संसार रूप प्रज्वलित अग्नि में जाते हो जिस से तुम को अनंत वख्त मरना पड़ेगा, साधु मौन रहे आगे देवता पथिक का रूप बनाकर कांटे वाले मार्ग में खुल्ले पांव से चलने लगा उसे देख साधु बोले रे मूर्ख ! अच्छा मार्ग छोड़कर कांटे में क्यों चलता है ? देवता बोला कि यह कांटे तो निकल जायेंगे परन्तु तू संयम मार्ग छोड़कर कंटक रूप संसार मार्ग में क्यों जाता है ऐसा सुनकर वह चमक गया और पूछा कि तू कौन है? देवताने कहा कि-मैं एक श्रावक हूं यों अथ इति सब वृत्तान्त सुनाया—तब वह दुर्लभ बोधि मिटकर सुलभबोधि हुआ और शुद्ध मन से संयम ग्रहण कर शुद्ध संयम पालकर देवता हुआ ऐसा सुनकर अन्य साधुओंको अरति परिषह समभाव से सहन करना चाहिये यह अरति परिषह पर तपस्वी कथा हुई ॥ १७ ॥

भिक्षा जाने से स्त्री का स्मरण होवे इस से अब आठवा स्त्री परिषह कहते हैं—लोक में मनुष्यों को स्त्रियों का संग कर्म बंध करनेवाला है ऐसा जानकर जो स्त्री को त्याग करते हैं उस का ही साधुपना अच्छा है पंडित पुरुष कीचड़ समान स्त्रियों को जानकर मन से संयम की घात करे नहीं, परंतु आत्मगुण गवेषक होता हुआ विचरे ॥ १६ १७ ॥ स्त्री परिषह पर स्थूलीभद्र मुनि की कथा कहते हैं—

कथा

अब तू समज और जिन भाषीत धर्म अंगीकार कर उस समय उस मूक ने श्रावक पना धारन किया और धर्म ध्यान करने लगा हे देव तू उस का भाइ होगा अब वह देवता भगवान को नमस्कार कर मूकसेठ के पास आकर कहने लगा कि मैं तुम्हारी माता को स्वप्न में आम्र फल बताकर पुत्र पने उत्पन्न होउंगा तुम मुझे धर्मोपदेश करना मूक श्रावकने इस बात का स्वीकार किया अब वह देवता वहां से चवकर वहां मूक श्रावक के भाइपने उत्पन्न हुवा वह उस को धर्म का उपदेश सुनाते तब रोने लगे, साधुजी महाराज के पास भी जावे नहीं, पूर्व जन्मकी बात कह लगावे तो भी समजे नहीं यों कितनेक उपाय करते हुए भी उसे धर्म की रुचि हुई नहीं अब कितनेक दिन पीछे मूक श्रावक मर कर देवता हुवा ज्ञान से अपने भाइ को देखकर समजाने आया परंतु वह समजा नहीं तब उस को जलोदरका रोगी बना दिया और आप वैद्यका स्वांग बना कर आया उसने वैद्य से अपना रोग दूर करने का अत्यागृह किया वैद्यने कहा कि तू मेरा नौकर बन तो मैं तेरा रोग दूर करूं उसने वह स्वीकार किया उस का रोग दूर करके अपनी औषधि की थेली पांच मनवजन बना कर उस के शिर पर देकर चलता जिस से वह घबराने लगा साधु को देख देवता बोला जो तू साधु होवे तो तुझे छोड दूं! उस ने मन नहीं होने पर भी दुःखसे छुटने का साधु होना कबूल किया उसे साधु बनाकर देवता स्वस्थान गया वह दुलभबोधी संयमछोडकर घर भग गया देवताने फीर जलोदरका रोग उस के शरीरमें डालदिया यों वह तीन वक्त भगगया, और देवताने उसे साधु बनाया इस तरह भी धर्म में स्थिर नहीं रहने से उस

यह पाखंड है गुप्त रीति से तपास करते प्रधान को उस का भेद मालूम हो गया और थेली पानी से गुप्तपने निकलवा ली। फिर राजा और प्रधान दोनों वहां गये ब्राह्मणने स्तुति पूर्ण होने पर पटिया बहुत ही दबाया परंतु थेली बाहिर आई नहीं जिस से बड़ा शरमिंदा हो गया राजा प्रधान दोनों घर आ गये अब उस ब्राह्मण का अपमान होने से प्रधान को मारने का उपाय करने लगा प्रधान के छोटे पुत्र श्रिये के लग्नोत्सव में राजाजी को नजराणा करने के लिये राजा के आभूषण व शस्त्रादि बनवाते थे इस बात की वररुचि पंडित को मालूम हुई जिस से गाँव के बालकों को एक दुहा बनाकर सिखलाया कि-दुहा नंदराय नवी जान ही जो शकडाल करेश।। नंदराय मारी करी,श्रीयो राजठवेश ॥१॥ राजाने बालकों के पास से सुनकर प्रधान के घर में गुप्तपने तपास कराई तो मालुम हुवा कि प्रधान के वहां भी छत्र, चामर, व शस्त्र बनवा रहे हैं यह सुनकर राजा कोपातुर हो गया प्रधान राजा के पास आया तब राजाने मुख फिरा लिया प्रधान अपने घर गया और पुत्र से कहा कि राजा मेरे से रुष्ट हो गये हैं इस से सब कुल का नाश करदेंगे इसलिये राजसभा में राजा के सन्मुख तू मुझे खड्ग से मार डाल अब प्रधान पुत्र के साथ राजा को पुन नमन करने गया परंतु राजाने सामने देखा नहीं तब श्रियाने उस को खड्ग से मार डाला राजा हाहा कर कहने लगा कि—यह क्या ? श्रिया बोला कि जिस पर स्वामी कोपित हो गये हैं उस का ऐसा ही हाल करना चाहिये राजा

पाटली पुर नगर के नंद राजा का शकडाल प्रधान के स्थूलिभद्र और श्रिया नामके दो पुत्र और सेना प्रमुख सात पुत्रियों थी बडे पुत्र को कोश्या नामक वेश्या के यहां विद्याभ्यास करने को बैठाया वह उस के भोगों में लुब्ध बनकर वहां ही रहने लगा सातों पुत्रियों महा विदुषी थी इन में से पहिली एक बार श्रवण करने से, दूसरी दो बार श्रवण करने से, यावत् सातवी सात बार श्रवण करनेसे कोई भी ग्रन्थ कंठस्थ कर लेती थी वहां रुचि नामक परदेशी ब्राह्मण नित्य १०८ नविन श्लोक राजा को सुनाया करता था जिस से राजा संतुष्ट हो सदैव १०८ सुवर्णमहोर उस को दिया करता था प्रधानने विचार किया कि इस तरह देने से राजाका भंडार खाली हो जायगा इस से यह बंध करना ऐसा विचार कर राजा से बोला कि यह ब्राह्मण नविन श्लोकों का ढोंग कर आप को प्राचीन श्लोक सुनाता है राजाने कहा कि तुम कैसे जानते ? प्रधानने कहा कि मेरी पुत्रियों को ये श्लोक कंठाग्र आते हैं सातों पुत्रियोंको राजसभा में लाया, ब्राह्मण जो श्लोक बोला उस पहिली पुत्रीने एक बार सुनकर सब बोल दिया फिर दूसरी यों सातों पुत्रियोंने सब श्लोक सुना दिये तब वह ब्राह्मण खेदित होकर चला गया अब वह ब्राह्मण गंगा नदी की रेती में एक पटिया डालकर उसके किनारेपर खडा रहता और दूसरे किनारे पर गंगा नदी में १०८ सुवर्ण महोरों की थैली रखकर गंगा की स्तुति करता था स्तुति पूर्ण हुए पीछे पांव से पटिया दबाने से दूसरे किनारे पर रही हुई सुवर्ण महोरों की थैली उछलती थी वह हाथ में झेलकर लोगों को कहता था कि

र चतुर्मास करने की आज्ञा मांगी तब चौथे स्थुलिभद्रने कोश्या वश्या के यहां चौमासा करने की आज्ञा मांगी गुरुजीने चारो को सुख होवे वैसे करो—यों चौमासा करने की आज्ञा दी चारों इच्छित स्थान गये स्थुलि भद्र को आते हुए देख कर कोश्या खुश होगइ, साधुने चौमासा रहने के लिये स्थान मांगा, तब वैश्याने कहा कि आप का देह और गेह है! यों कह कर स्थुलि भद्र के पास आइ, स्थुलि भद्रने कहा मैं साधु हूं मेरे से दूर खडी रह कर बोलना कोशा वेश्याने विचार किया कि यह थोडी देर का वैराग्य है इसे पीछे से वश में करूंगी यों विचार कर कहने लगी की जैसी आप की इच्छा अब स्थुलि भद्र चित्रशाला में चतुर्मास रहे वह कोशावेश्या सदैव अनेक हाव भाव व कटाक्ष से उन को चलित कर परंतु स्थुलिभद्र चलायमान हुये नहीं और उपदेश देवे यों उपदेश देकर वश्या को श्राविका बनाइ बारह व्रत धारन कराये, राजा आज्ञा कर किसी पुरुष को भेज उस के आगार और अन्य सब पुरुषसे भोगका त्याग किया चोमासा पूर्ण हुए पीछे चारों साधु गुरुजी के पास आये; गुरुजीने तीन साधुओं को दुक्कर करनी करने वाले कहे परन्तु स्थूलिभद्र को महा दुक्कर करनी करने वाले कहे इस से तीनों को ईर्षा हुई और परस्पर कहने लगे कि काष्ट जैसा शरीर बनाकर आये हैं तब दुक्कर कहा और यह स्थूलिभद्र वेश्या की चित्र शाला में मनोरम षट्रस के भोजन खाकर पुष्ट शरीर बना आया, उस को महा दुक्कर कहा गुरुजी सो प्रधान पुत्र का पक्ष रखते हैं तब गुरुजीने कहा कि वहां रागवती वेश्या और नित्य षट्रस के भोजन सदा विषय स्थान में रहना, और मनोहर शरीर की धारक ये या की संगति ऐसा होने पर, स्थूलिभद्र

सुनकर खुशी हुआ, और उस के पिता का पद उस को ही देने लगा तो उसने कहा कि मेरा बड़ा भाई स्थुलिभद्र है उस को दो स्थुलिभद्र को कोशा वेश्या के यहां से बोलाया और प्रधान पद का कहा उसने विचार किया कि जैसे पिता का हाल हुवा वैसा ही मेरा हाल होगा यदि मैं इस बात का स्वीकार करु नहीं तो बलात्कार से मुझे उस पद पर नियत करेंगे इस से बचने का यही उपाय है कि दीक्षा लेना ऐसा विचार कर साधु का वेष पहिन कर राजा के पास आया राजा बोले कि यह क्या किया? स्थुलिभद्रने उत्तर दिया कि आत्मा तारने का यह मार्ग है राजा बोले अच्छा है परंतु जैसा लिया वैसा ही पार पहुंचाना स्थुलिभद्र संभूति आचार्य के पास दीक्षा लेकर नव पूर्व का ज्ञान पढे कोशा वेश्या स्थुलिभद्र के दीक्षा का समाचार सुनकर उदास हो गई उस से श्रियाने स्थुलिभद्र की दीक्षा का कारन पूछा श्रियाने सब कथन कह सुनाया और वररुचि पंडित को मारने का उपाय किया वेश्याने उस वररुचि पंडित को अपने वश में कर मदिरा पान कराया और श्रियाने उसे राज्यसभा में पकड मंगवाया औषधि देकर उस को वमन करवाया जिस से मदिरा निकली सब लोगोंने उस की दुर्गछा की राजाने उस को भ्रष्टाचारी जानकर ऊष्ण ताम्बे का रस पिलाया वह मरकर दुर्गति में गया, यहां स्थुलिभद्र संभूति आचार्य के पास ज्ञानाभ्यास करते विचर रहे हैं उतने में चतुर्मास का काल नजदीक आया एक शिष्यने कुवे के बीच में रहा हुवा काष्ट पर कायोत्सर्ग से चातुर्मास व्यतीत करने की आज्ञा मांगी दूसरेने सिंह की गुफा में चतुर्मास पूर्ण करने की आज्ञा मांगी, तीसरेने सर्प की बिल के

पर चतुमास करने की आज्ञा मांगी तब चौथे स्थुलिभद्रनें कोश्या वेश्या के यहां चौमासा करने की आज्ञा मगी गुरुजीने चारो को सुख होवे वैसे करो—यों चौमासा करने की आज्ञा दी चारों इच्छित स्थान गये स्थुलि भद्र को आते हुए देख कर कोश्या खुश होगई, साधुने चौमासा रहने के लिये स्थान मांगा, तब वैश्याने कहा कि आप का देह थोर गेह है ! यों कह कर स्थुलि भद्र के पास आई स्थुलि भद्रने कहा मैं साधु हूं मेरे से दूर खडी रह कर बोलना कोशा वेश्याने विचार किया कि यह थोडी देर का वैराग्य है इसे पीछे से वश में कर लूगी यों विचार कर कहने लगी की जैसी आप की इच्छा भब स्थुलि भद्र चित्रशाला में चतुर्मास रहे वह कोशावेश्या सदैव अनेक हाव भाव व कटाक्ष से उन को चलित कर परंतु स्थूलिभद्र चलायमान हाये नहीं और उपदेश देवे यों उपदेश देकर वेश्या को श्राविका बनाइ बारह व्रत धारन कराय, राजा आज्ञा कर किसी पुरुष को भेजे उस का आगार और अन्य सब पुरुषसे भोगका त्याग किया चोमासा पूर्ण हुए पीछे चारों साधु गुरुजी के पास आये, गुरुजीने तीन साधुओं का दुक्कर करनी करने वाले कहे परंतु स्थूलिभद्र को महा दुक्कर करनी करने वाले कहे इस से तीनों को ईर्षा हुई और परस्पर कहने लगे कि काष्ट जैसा शरीर बनाकर आये हैं तब दुष्कर कहा और यह स्थूलिभद्र वेश्या की चित्र शाला में मनोरम षडरस के भोजन खाकर पुष्ट शरीर बना आया उस को महा दुक्कर कहा गुरुजी तो प्रधान पुत्र का पक्ष रखते हैं तब गुरुजीने कहा कि वहां रागमती वेश्या और नित्य षड रस के भोजन सदा विषय स्थान में रहना, और मनोहर शरीर की धारक वेश्या की संगाते ऐसा होने पर, स्थूलिभद्र

रहे इस लिये सच ही महा दुष्कर करणी करनेवाले हैं तब सिंहगुफावासी साधु ने ईर्षा से दूसरा चौमासा आया तब वेश्या के यहां रहने की आज्ञा मांगी गुरु मौन रहे तब शिष्यने आज्ञा विना ही चलदिया अब वह कोशा वेश्या के यहां गया वेश्या उस मुनि को आते हुए देखकर समझ गई कि यह स्थूलिभद्र की ईर्षा से आये हैं उन को अपनी चित्र शाला में रहने का स्थान दिया साधु उस का वैभव देखकर विषयाभिलाषी बनकर भोग की याचना करने लगा तब उसने कहा कि हम तो धन देनेवाले को स्वीकारती हैं साधुने कहा कि-हमारी पास धन नहीं है तू कहे यहां से ले आऊं. वेश्याने नेपाल देश का राजा रोगी साधु को रत्न कम्बल देता है वह ला दो ऐसा कहा ऐसा सुनकर चतुर्मास में अनेक जीवों की घात करता हुवा नेपाल देश में गया वहां से रत्न कम्बल ली और मार्ग में चोर वगैरह के महा संकट से बचकर वेश्या के यहां आया वेश्याने इसे मल मूत्र की मोरी में डाल दी साधुने कहा कि मैं बहुत परिश्रम से लाया हूं उसे तू खराब मोरी में क्यों डाल देती है? वेश्याने कहा कि-तुम्हारा वैसे ही कार्य है साधु बोले कैसे? वेश्याने कहा कि-रत्न कम्बल से अधिक मूल्यवाला यह संयम तुझे यह प्राप्त हुवा है इस को तैने मल मूत्र से भरा हुवा मेरा शरीर के लिये नष्ट कर दिया तुझ को धिक्कार होवो ऐसे कार्य में स्थूलिभद्र जैसे मुनि ही समर्थ हैं तुम्हारे जैसे पामरों क्या कर सकते हैं ऐसा सुनकर साधु लज्जित हो गया और गुरु के पास आकर आलोचना कर पुनः संयम धारन किया जैसे स्थूलिभद्रने स्त्री परिषह सहन किया वैसे ही सब साधु को स्त्री परिषह सहन करना चाहिये यह स्थूलिभद्रजी की अठारवी कथा संपूर्ण हुई ॥ १८ ॥

अभिभूय परिसहे ॥ गामे वा नगरे वावि, निगमेवा रायहाणिए ॥ १८ ॥ असमाणो चरेभिक्खू, नेव कुज्जा परिग्गह ॥ असंसत्तो गिहत्थेहिं, अणिकेओ परिव्वए ॥१९॥

स्त्री परिषह से बचने के लिये विहार करना चाहिये इस से नववा चर्या परिषह कहते हैं—निर्दोष आहार से शरीर का निर्वाह करनेवाला, साधु चर्या परिषह जीतकर अकेला राग द्वेष रहित गाम, नगर, निगम व राज्यधानी में विचरे ॥ १८ ॥ वह साधु किसी गृहस्थ की नेश्राय नहीं रखता हुवा घर मनुष्यादिक में ममत्व रूप परिग्रह नहीं करता हुवा और गृहस्थ के साथ संसर्ग नहीं रखता हुवा घर रहित साधु नव कल्पी विहार करता हुवा विचरे ॥ १९ ॥ इस चर्या परिषह पर संगमाचार्य की कथा कहते हैं— श्रावस्ती नगरी में संगमाचार्य वृद्धावस्था के कारण जंघा बल क्षीण होने से स्थिरवास करके रहे एकदा वहां दुष्काल पडने से लोगों का मन संकुचित देखकर अपने शिष्यों को विहार करवाया और आप उस नगर के अलग २ पुरे में विचरने लगे अवसर देखकर गौचरी करते थे और आयंबिल एकाशन अवमोदर्यआदि तप करके बारह वर्ष व्यतीत किये आचार्य की ऐसी उत्कृष्ट क्रिया देखकर नगर रक्षक देव संतुष्ट हुवा एकदा एक दत्त नामक शिष्य वहां आया और गुरु को उस ही स्थान में देखकर द्वेष लाया कि यह तो आनंद में यहां ही बैठे हैं और हम को तो विहार करवाया इस प्रकार विचार करता ग्राम में भिक्षार्थ गया और एक श्रेष्ठि पुत्र की व्यंतर व्याधि दूर कर आहार

सूत्र

सुसाण सुन्नागारेवा रुक्खमूले व एगओ ॥ अकुक्कुओ निसीएज्जा नय वित्तासए परं ॥ २० ॥ तत्थ से अच्छमाणस्स, उवसग्गाभिधारए ॥ संकाभिओ न गच्छेज्जा, उट्ठित्ता अन्नमासणं ॥ २१ ॥ उच्चावयाहिं सेज्जाहिं, तवस्सी भिक्खु थामवं ॥

भावार्थ

नगर आचार्य इस बात को जानकर पाछे कि सदोष आहार की आलोचना निंदा कर प्रायश्चित्त लेकर शुद्ध होवे तब शिष्यने कहा कि आपने ऐसे दुष्काल में यहां एक स्थान रहकर कैसे निर्दोष आहार भोगवा होगा ! ऐसे सुनकर नगररक्षक देव उस शिष्य से कहने लगा कि अरे तुम तुम्हारा अपराध आचार्य पर डालते हो तुम तो एक दिन भी निर्मल संयम पालसके नहीं परंतु आचार्यने जंघाबलक्षीण होने हुए भी विहार किया था और निर्दोष आहार पानी से आजीविका की थी यों सुन देव साधुने गुरु का अपराध खमाया और प्रायश्चित्त लेकर शुद्ध हुवा यों संगमाचार्य की तरह सब साधु को यथा परिषह सहन करना चाहिये संगमाचार्य की उन्नीसवी कथा हुई ॥ १० ॥

✽ पन्द्रो हवे को बैठने की इच्छा होवे जिस से अब दशवा निषधा बैठने का परिषह कहते हैं—विचरता हुवा साधु बैठने का प्रयोजन प्राप्त होने पर श्मशान शून्य गृह अथवा वृक्ष मूल में अकेला कुचेष्टा रहित बैठे और वहां बैठा हुवा अन्य किसी जीव को त्रास उत्पन्न करे नहीं ॥ २० ॥ वहां बैठते हुवे जो कोई देव दानव मानव का उपसर्ग आवे उस सहन करे परंतु उपसर्ग से भयभीत बनकर अपने आसन से उठकर अन्य आसन पर जावे नहीं ॥ २१ ॥ इस निषधापरिषह पर कुरुदत्त आचार्य की कथा कहते हैं हस्तिनापुर नगर में

मातिवेलं विहन्नेज्जा, पावदिट्ठी विहम्मइ ॥ २२ ॥ पइरिक्क वसयं लद्धुं, कल्लाणं

अदुव पावगं ॥ किमेगराय करिस्सति, एव तत्थ अहियासए ॥ २३ ॥ अक्कोसेज्जा

कुरुदत्त व्यवहारियाने दीक्षा धारन कर विहार करते एकदा किसी ग्राम के बाहिर रात्रि के चार प्रहर पर्यंत अभिग्रह सहित कायोत्सग करके रहे उस दिन रात्रि को गांव में धन की चोरी करके चोर उस ही रास्ते से चले गये गांव के लोगोंने पीछे गये और मुनि को पूछने लगे तो कुच्छ भी उत्तर दिया नहीं तब गांव के लोग कुपित बनकर मुनि के मस्तक पर मिट्टि की पाली बांधकर उस में जाज्वल्यमान अग्नि डालदिया उस से मुनि को अत्यंत उज्वल वेदना प्रगट हुई और मुनि शुभ ध्यान सहित आयुष्य पूर्ण कर कर देवलोक में गये यों सब मुनियों को निषेधा परिषह सहन करना चाहिये यह कुरुदत्त आचार्य की बीसवी कथा हुइ ॥ २० ॥

विक्षेप काल रहने के लिये मकानादि होना चाहिये इस से अग्यारहवा शैय्या परिषह कहते हैं अच्छी अथवा खराब शैय्या-स्थानक प्राप्त होने पर तप में बलवान साधु स्वाध्यायादिक की मर्यादा का उल्लंघन करे नहीं और जो पाप दृष्टी होते हैं वे प्रमादि बन शास्त्र उल्लंघन करते हैं ॥२२॥ अन्य के लिये बनाया हुवा शोभनिक अथवा अशोभनिक स्त्रियादि रहित स्थान प्राप्त करके वहां रहे और ऐसा विचार करे कि एक रात्रि यहां निकालनेकी है तो इतने में मेरा क्या होने का है, यों विचार कर परिषह सहे ॥ २३ ॥

सुसाणे सुन्नगारेवा रुक्खमूले व एगओ ॥ अकुक्कुओ निसीएज्जा नय वित्तासए पर ॥ २० ॥ तत्थ स अच्छमाणस्स, उवसग्गाभिधारए ॥ सकाभिओ न गच्छेज्जा, उट्ठित्ता अन्नमासणं ॥ २१ ॥ उच्चारयाहिं सज्जाहिं, तवस्सी भिक्खु थामवं ॥

लागा भावार्थ इस बात को जानकर पाले कि सदोष आहार की आलोचना निंदा कर प्रायश्चित्त लेकर शुद्ध हुआ नव शिष्यने कहा कि आपने ऐसे दुष्काल में यहाँ एक स्थान रहकर कैसे निर्दोष आहार भोगवा होगा ? ऐसे सुनकर नगररक्षक देव उस शिष्य से कहने लगा कि अरे तुम तुम्हारा अपराध आचार्य पर डालते हो तुम तो एक दिन भी निर्दोष संयम पालते नहीं परंतु आचार्यने जंघाबल्हीन होते हुए भी विहार किया था और निर्दोष आहार पानी से आजीविका की थी यों सुन दत्त साधुने गुरू का अपराध खमाया और प्रायश्चित्त लेकर शुद्ध हुआ यों संगमाचार्य की तरह सब साधु को चर्या परिषह सहन करना चाहिये संगमाचार्य की उन्नीसवी कथा हुइ ॥ १० ॥ ❁

चलते हुए या पढने की इच्छा होवे जिस से चप दबाना निषद्या बैठने का परिषह कहते हैं—विचरता हुवा साधु बैठन का प्रयोजन प्राप्त होने पर स्मशान शून्य गृह अथवा वृक्ष मूल में अकेला कुचेष्टा रहित बैठे और वहां बैठा हुवा अन्य किसी जीव को त्रास उत्पन्न करे नहीं ॥ २० ॥ वहां बैठते हुवे जो कोई देव दानव मानव का उपसर्ग आवे उस सहन करे परंतु उपसर्ग से भयभीत बनकर अपने आसन से उठकर अन्य आसन पर जावे नहीं ॥ २१ ॥ इस निषद्यापरिषह पर कुरुदत्त आचार्य की कथा कहते हैं हस्तिनापुर नगर में

उस की प्रतिमा को प्रधान पुष्पों से पूजा करता था फिर वहां से निकल कर ग्राम में पुष्पादि का विक्रय कर उसे अपनी आजीविका चलाता था उस ही राजगृही नगरी में छे मित्र पुरुष रहते थे वे राजा तरफ से निर्भय बने हुये मदोन्मत्त बनकर एकदा उत्सव के लिये उस ही बगीचे में आये वहां उस मालन को देखकर वे विषयाभिलाषी पुरुष परस्पर कहने लगे कि इस मंदिर के कमाडों पीछे अपन छिपकर खडे रहे जब वह माली उस यक्ष को नमस्कार करने को आय किन्तुरत ही उस को बांधकर उस की स्त्री से अपन भोग करेंगे, ऐसा कहकर वे वहां ही छिपगये, वह अर्जुन माली अपनी स्त्री सहित वहां आया यक्ष की पूजा करके नमस्कार करने लगा, उतने में ही उन छ ही पुरुषोंने उस को मजबुत बांधकर गुडा दिया, और उस की स्त्री साथ व्यभिचार सेवन करने लगे तब माली क्रोधित हो कर बोला कि—मेरी कई पीढियों से यह यक्ष पूजित हो रहा है और मैं भी बाल्यावस्था से इस का पूजारी हूं अगरचेत इस में सत्यता होती तो इस के ही सन्मुख मेरी होती हुइ अपचेष्टा वह कदापि सहता नहीं इस से यह यक्ष नहीं है परंतु काष्ट का पूतला है वह माली ऐसा चिन्तवन कर रहा था, उतने में ही उस यक्षने उस के शरीर में प्रवेश कर तडातड बधनो तोड कर एक हजार पल्य का मुद्गल उठाकर उक्त छे ही पुरुष और स्त्री को मार डाली फिर वह यक्ष अर्जुनमाली के शरीर में रहा हुवा राजगृही नगरी के बाहिर फिरने लगा, और नित्य छ पुरुष व एक स्त्री यों सात को मारने लगा राजगृही नगरी के लोक बडे त्रास पाये और गोचिक

सूत्र

परे भिक्खू, न तेसिं पडिसजले॥सरिसोहोइ बालाण, तम्हा भिक्खूने सजचे ॥२४॥
सोच्चाण फरुसा भासा, दारुणा गामकंटगा ॥ तुसिणीओ उवेहेज्जा, न ताओ

कथा

इस पर सोमदत्त व सोमदेव की कथा कहते है—कौशाम्बी नगरी में मगदत्त ब्राह्मण के सोमदत्त व सोमदेव ये दोनों पुत्र शांत आचार्य के पास दीक्षा लेकर ज्ञानाभ्यासकर सोमप्रभ आचार्य ने उधनाथ उज्जयनी नगरी जाते मार्ग में किसीने भोसामन वहराया उस भोगवते हुए दोनो साधु व्याधिसे पीडित हुए उस भोसामन को विष मीश्रित जानकर एक नदी के किनारे किसी काष्ट के पाटपर अनशन से ध्यानस्त रहे अकस्मात् वृष्टि होने से साधु सहित वह काष्ट नदी में बहकर चला परन्तु साधु चलायमान हुए नहीं और आयुष्य पूर्ण कर देवलोक गये इस ही प्रकार अन्य साधु को भी शैय्या परिषह सहन करना यह इक्कीसवी कथा हुई ॥ २१ ॥ ❁ ❁ ❁ ❁

अर्थ

ग्रामानुग्रामादिक में रहते हुए गृहस्थ आक्रोश वचन सुनावे इस से बारहवा आक्रोश परिषह कहते है जो कोई साधु को आक्रोश वचन कहे उस पर वह साधु क्रोध करे नहीं क्यों की क्रोध करने वाला बाल अज्ञानी जैसा होता है इस से साधु को क्रोध करना नहीं ॥२४॥ कठोर दारुण, और इन्द्रियों को कंटक समान भाषा सुनकर के भी साधु मौन धना हुवा उस की उपेक्षा करे अर्थात वैसी भाषा की दरकार करे नहीं और उन बोलने वाले पर द्वेषभी करे नहीं ॥ २५ ॥ इस पर अर्जुन माली की कथा कहते हैं राज गृही नगरी के बाहिर एक बगीचे का अर्जुन माली स्वामी था उस को रूपवती बन्धुवती नामक भार्या थी वे दोनों बगीचे में से पुष्पों चुनकर वहां ही रहा हुआ मुद्गर पानी यक्ष के देवालय में

मणसीकरे ॥ २५ ॥ हओ न सजले भिक्खू, मणंपि न पओसए ॥ तितिक्ख परम नचा, भिक्खू धम्म विचिंतए ॥ २६ ॥ समण संजय दंत, हणेज्जकोइ कत्थइ ॥ नत्थि जीवस्स नासोत्ति, एव चिंतज्ज सजए ॥२७॥ दुक्कर खलु भो निच्च, अणगा-

पत्नि वगैरह को मारे हैं इस से उस को भिक्षा के छल से अपने घर में बोला कर लष्टि मुष्टि आदि प्रहार करने लगे उस पर अर्जुन अनगार किंचित्मात्र कोप नहीं करते हुए और कुच्छ भी प्रत्युत्तर नहीं देते हुए समभाव से सहन करने लगे जब वे लोग मारना छोड देते थे तब आप कहते थे कि मैंने तो तुम्हारे स्वजनादिक को जीवित से पृथक् किये हैं परन्तु तुम तो मुझे जिंदा छोड रहे हो यह तुम्हारा परम उपकार है यों समभाव से आक्रोश परिषह सहन करते हुए क्वचित आहार मिलता तो पानी नहीं मिलता और क्वचित् पानी मिलता तो आहार नहीं मिलता यों जो मिले उस में संतोष मानते हुए छे ही महिने में सब कर्मों क्षय कर केवल ज्ञान केवल दर्शन सहित मोक्ष गये यह बारहवी कथा संपूर्ण हुई ॥२२॥

कदापि मार भी मारे इस से तेरवा वध परिषह कहते हैं—साधु को कोई मार मारे तो मन से भी उस पर क्रोध अथवा कोप करे नहीं परन्तु उस को सहन करने में उत्कृष्ट धर्म है ऐसा जानकर क्षमा धर्म की चिंतवना करे ॥ २६ ॥ कोई पुरुष किसी स्थान सयति व दमितेन्द्रिय श्रमण को मारे तो साधु विचार करे कि जीव का नाश तो कदापि होता ही नहीं है, यह मात्र पुद्गल पिण्ड को मारता है इस से मेरा कुच्छ नुकशान नहीं है ॥ २७ ॥ इस पर कथा कहते हैं—श्रावस्ती नगरी में जितशत्रु राजा के

राजाने ढुंढी पिटाइ कि राजगृही नगरी के बाहिर अर्जुन माली मनुष्यों को मारता है इस लिये किसी को गांव बाहिर आना नहीं इस तरह उपसर्ग होते ५ मास १३ दिन व्यतीत हुए जिस में ११४१ मनुष्य की घात हुइ लोगों के भाग्योदय से श्रमण भगवान महावीर स्वामी पधारे गुणशील उद्यान में विराजमान हुए गांव में लोकों का मालूम हुआ परन्तु अर्जुनमाली के डर से कोई भी बाहिर जा सका नहीं उस राजगृही नगरी में सुदर्शन नामक सेठ रहता था वह सब के ना कहने पर भी भगवान के दर्शन के लिये गांव बाहिर गया वहां अर्जुन माली को मुद्गल उछालते हुए अपनी तरफ आता हुवा देखा कि तुरन ही सुदर्शन सेठने नीचे जमीन पूंजकर अरिहंत सिद्ध धर्माचार्य को नमस्कार करते हुए आलोचना निन्दना सहित सागारी संथारा किया उतने में अर्जुन माली वहां आ पहूंचा और उसे मारने के लिये मुद्गल उठाया परंतु मुद्गल हाथ से छूटा नहीं चारों तरफ फिरकर वह मुद्गल मारने लगा परन्तु हाथ से छूटा नहीं इस से आश्चर्यभूत बनकर सुदर्शन से देखने लगा दोनों की दृष्टि एक होते ही यक्ष उस अर्जुनमाली के शरीर में से निकल गया और अर्जुन मूर्छित होकर नीचे जमीन पर गिरपडा सुदर्शन संथारा पार कर अर्जुन सहित भगवान के पास आया भगवानने धर्मोपदेश दिया वहां अर्जुनने दीक्षा अंगीकार की और भगवान की आज्ञा से जावजीव पर्यंत बेले २ के तप करता हुआ विचरने लगा प्रथम बेले के पारणे में भिक्षा लेने के लिये राज गृही नगरी में आया उसे देख लोग क्रोधातुर होकर कहने लगे कि इसने हमारे मा-बाप मा

तब आचार्य बोले कि-मेरे सन्मख इसे मत मार परंतु पूरा दुष्ट पालक प्रधानने उस शिष्य को आचार्य के पास से छीनकर पील डाला वे भी केवली होकर मुक्ति गये इस समय आचार्य शांत रह सके नहीं और नियाना किया कि मेरी करनी का फल होवे तो इस घोर कृत्य का मैं वैर लेवूं अब प्रधानने उन को भी घानी में पीलडाले व मरकर भवनपति में अग्निकुमार जाति के देव हुए अब यहां पर उस स्कंधकाचार्य की रक्त से भरी हुई मुख वस्त्रिका मांस का लोथा जानकर चील ले उड गई, और उसे राजमहेल में डाल दी. उसे राजा की रानीने देखकर तपास कराई तो अपने भाई साधु को और उन के पांचसो शिष्यों को पालक प्रधान ने मार डाले हैं ऐसा सुनकर विलापात करती हुई राजा को कहने लगी कि पालक प्रधान के भ्रम में फसकर आपने बडा अनर्थ किया है इस का बदला आप को यहां ही मिल जायगा यों कहकर उसने दीक्षा ली अब अग्नि कुमार देवने कुपित बनकर राजा व पालक प्रधान सिवाय सब को जलाकर भस्म कर दिये राजा और प्रधानने पुनः उस देश का बडी कठिनता से आबाद किया, जिस को बारह वर्ष पीछे उस देवताने जला दिया यों बारह बार देश को जलाया और तेरहवी बार राजा प्रधान को भी जला दिये पालक अभव्य जीव अनंत संसारी हुआ जिस प्रकार स्कंधक अनगार के पांचसो शिष्योंने वध परिषह सहन किया वैसे ही सब साधु को सहन करना चाहिये यह तेवीसवी कथा संपूर्ण हुई ॥ २३ ॥

\+ \+

वध से पीडित साधुको औषधि आदि की याचना करनी पडे इससे चवदहवा याचना परिषह कहते हैं

धारनी रानी से खंधक कुमार और पुरंधरा पुत्री हुए थे, दोनों नीतिशास्त्र व धर्म शास्त्र में प्रवीण बने पुरंधराको दंडकारण्य देश के आधिपतिको दी थी, दंडकारण्यके राजा का पालक प्रधान रानीको लेनेके लिये श्रावस्ती नगरी में आया और राज्यसभा में धर्म चर्चा करता हुआ नास्तिक मत की स्थापना करने लगा खंधक कुमारने उसे प्रत्युत्तर दे कर निरुत्तर किया और जैन मत का महत्व बढाया इस से पालक अपने मन में अमरोष रखता हुआ रानी को ले अपने देश आया पीछे से मुनि सुव्रत भगवान के पास खंधक मुनिने ५०० पुरुषों के साथ दीक्षा ली और आचार्य पद पाये ५०० साधु सहित विचरते हुए दंडकारण्य देश में आये पालक प्रधान को इस बात की खबर होते ही अपना पूर्व का द्वेष से जहां खंधक अनगार अपने शिष्यों के परिवार से रहे थे, उस के पीछे नदी की रेती में विविध प्रकार के शस्त्रों छुपा दिये और राजा से कहने लगा कि तुम्हारा साला उन के ५०० सुभटों सहित तुम्हारा राज्य लेने के लिये आया है तुम को धर्म के ढोंग में फसाकर मार डालेंगे राजाने पूछा कि—तुम को यह कैसे मालूम हुवा ? उसने राजा को अपने साथ लेकर गुप्तपने नदी में छुपाये हुए शस्त्रों बताये राजा क्रोधातुर हो गया और आज्ञा की जैसी तुम्हारी इच्छा होवे वैसे इन की स्थिति करो तब पालकने पांचसो साधुओं को अपने वश में कर लिये और एक बडा घाणी का घाणा मेंडवाकर उस में एक २ साधु को पीलने लगा खंधक आचार्य बडे शब्द से उपदेश करते हुए उन के आत्मा को शांत करने लगे यों ४९९ साधु को पीले और वे अन्तकृत केवली हो मुक्ति गये पीछे एक छोटा साधु रहा गया

तब आचार्य बोले कि-मेरे सन्मुख इसे मत मार परंतु पूरा दुष्ट पालक प्रधानने उस शिष्य को आचार्य के पास से छीनकर पील डाला वे भी केवली होकर मुक्ति गये इस समय आचार्य शांत रह सके नहीं और नियाना किया कि मेरी करनी का फल होवे तो इस घोर कृत्य का मैं वैर लेवूं अब प्रधानने उन को भी घानी में पीसडाले व मरकर भवनपति में अग्निकुमार जाति के देव हुए अब यहां पर उस स्कंधाचार्य की रक्त से भरी हुई मुख वस्त्रिका मांस का लोंदा जानकर चील ले उड गई, और उसे राजमहेल में डाल दी. उसे राजा की रानीने देखकर तपास कराई तो अपने भाई साधु को भार उन के पांच सो शिष्यों को पालक प्रधान ने मार डाले हैं ऐसा सुनकर विलापात करती हुई राजा को कहने लगी कि पालक प्रधान के भ्रम में फसकर आपने बडा अनर्थ किया है इस का बदला आप को यहां ही मिल जायगा यों कहकर उसने दीक्षा ली अब अग्नि कुमार देवने कुपित बनकर राजा व पालक प्रधान सिवाय सब को जलाकर भस्म कर दिये राजा और प्रधानने पुनः उस देश को बडी कठिनता से आबाद किया, जिस को बारह वर्ष पीछे उस देवताने जला दिया यों बारह बार देश को जलाया और तेरहवी बार राजा प्रधान को भी जला दिये पालक अभव्य जीव अनंत संसारी हुआ जिस प्रकार स्कंधक अनगार के पांचसो शिष्योंने वध परिषह सहन किया वैसे ही सब साधु को सहन करना चाहिये यह तेवीसवी कथा संपूर्ण हुई ॥ २३ ॥

\+ \+

वध से पीडित साधुको ओषधि आदि की याचना करनी पडे इससे चवदहवा याचना परिषह कहते हैं

सूत्र

रस्स भिक्खुणो ॥ सव्वसे जाइय होइ, नत्थि किंचि अजाइय ॥ २८ ॥ गोयरग्ग पविट्ठस्स,पाणी नो सुप्पसारए ॥ सेओ आगार वासु चि,इइ भिक्खू न चिंतए॥२९॥

अर्थ

गुरु कहते हैं कि-अहो शिष्य ! साधु की याचना वृत्ति बडी दुष्कर है गृहस्थ का कुच्छ भी कार्य किये बिना मुफ्त में याचना करनी पडती है तब बहुत लज्जित होना पडता है परंतु याचना किये बिना कुच्छ भी नहीं मीलता है, जो कुच्छ मीलता है सो याचना करने से ही मीलता है ॥ २८ ॥ गोचरी के लिये गया हुवा साधु भिक्षा के लिये हाथ बाहिर निकाल सके नहीं तब ऐसा विचार करे नहीं कि इस से तो गृहवास अच्छा है ॥ २९ ॥

कथा

इस पर बलभद्र मुनि की कथा कहते हैं-एकदा नेमीनाथ भगवान से कृष्ण वासुदेवने प्रश्न किया कि मेरा मृत्यु कैसे होगा ? भगवानने कहा कि कौशाम्बी वन में वट वृक्ष नीचे पीताम्बर ओढ कर तू सोता होगा तब जराकुमार का बान लगने से तुम्हारा मृत्यु होगा श्री कृष्ण वासुदेवने दूसरा प्रश्न किया कि-द्वारिका नगरी का नाश कैसे होगा ? भगवानने कहा कि मदिरा पान से तुम्हारे कुमार दीपायन ऋषि को त्रास देंगे वह ऋषि कुमार देव बनकर तुम्हारी द्वारिका नगरी जलायेगा परंतु जहां तक आयंबिल जितना तप द्वारिका में होता रहेगा वहां तक देवता कुच्छ भी नहीं कर सकेगा पुनः कृष्ण वासुदेवने प्रश्न किया कि मैं यहां से मरकर कहां जाऊंगा ? भगवानने कहा कि तू यहां से मरकर तीसरी नरक में जावेगा यों सुन कृष्ण उदास हुए

तब भगवानने कहा कि-हे कृष्ण ! तू उस नरक से निकल कर शतद्वारा नगरी में अमम नामक बारहवा तीर्थंकर होकर मुक्ति में जावेगा इतना सुनते ही कृष्ण वासुदेव प्रमुदित होगये और सिंहनाद किया फिर भगवान को वंदना नमस्कार करके द्वारिका नगरी में आये और ढंढेरा पिटाया कि-द्वारिका नगरी में नाश होगा इस से नेमीनाथ भगवान के पास जिन की दीक्षा लेने की इच्छा होवे उन के कुटुम्बकी पार्छे से मैं संभाल करुंगा अपनी आठ पट्टरानियों और अन्य यदुस कुमारादि दीक्षा लेनेके लिये निकले और कृष्ण वासुदेव ने सब को बडी धूमधाम से दीक्षा दिलाइ अब द्वारिका के नाश का कारन मदिरा होने से उस की नगरी में रखने की मनाइ करदी और गांव में जो मदिरा थी वह सब डलवा दी वैसे ही गांव में सदैव एक आयंबील करान का प्रबंध कर दिया इधर राजकुमार वन में क्रीडा के लिये गये थे प्यास लगने से किसीने छिपाकर रखा हुवा मदिरा का घडा पानी के भरोसे पीगये इस से उन्मत्त बने हुवे वहां तप करने वाले दीपायन तपस्वी की अपचेष्टा करने लगे उस ने कुपित होकर श्राप दिया कि मेरे तप का फल होवे तो मैं द्वारिका जलावूं यों सुन कर कुमारोंने श्री कृष्ण से सब निवेदन किया कृष्ण व बलभद्र ये दोनों भाइ दीपायन ऋषि के पास आकर नमस्कार कर कहने लगे कि राज कुमारों का अपराध की क्षमा करो वगैरह बहुत दीनपना करनेपर दीपायन ऋषिजीने कहा कि तपस्वीका श्राप और स्वर्गों का अपवाद अन्यथा नहीं होता है परंतु अब तुम दोनों को नहीं जलाऊंगा दीपायन ऋषि को बहुत समजाया परतु माना नहीं तब होनहार जानकर अपने स्थान आये

द्वीपायन वहां से काल कर अग्नि कुमार देवता हुआ ज्ञान से सब वृत्तान्त जाना परंतु आयंबिल तप के प्रभाव से द्वारका जला सका नहीं, भवितव्य ऐसा ही हुआ कि जिस को आयंबिल करने का था उस के घर वालेने एक एक के भरोसे से आयंबिल किया नहीं यों संपूर्ण द्वारिका में आयंबिल तप नहीं हुआ देख देवताने नगर को अग्नि का दाह लगा दिया और किसी उपाय से अग्नि शांत हुई नहीं. उस में भी दीक्षा लेना चाहते थे उस को भगवान नेमीनाथजी के पास पहोंचा दिये कृष्ण व बलभद्र दोनों अपने पिता वसुदेव व माता देवकीजी को रथ में बैठाकर आप दोनों रथ खींचते हुए द्वारिका के द्वार से निकलने लगे, दोनों भाइ बाहिर निकले कि तुरत ही दरवाजा गिरने से उन के मात पिता वहां दबकर काल कर गये द्वारिका जलती देखकर कृष्णजी आर्तध्यान करने लगे वे वहां से पांडव मथुरा जाते मार्ग में कोशांबी वन आया कृष्णजी को प्यास लगने से बलभद्रजी पानी लेने गये कृष्णजी वट वृक्ष नीचे पीताम्बर ओढ कर सो गये इतने में वहां जरा कुमार निकले उसने दूर से कृष्णजी के पांव का पद्म को मृग का नयन मानकर उस को मारने के लिये बाण छोडा और वहां आया वह कृष्णजी को देखकर घबराया और पांव में पडकर अपना अपराध खमाया कृष्णजीने अपना कौस्तुभ मणि उस को दिया और कहा कि यह पांडवों को देना और सब वृत्तान्त कहना, अब तू यहां से चला जा नहीं तर बलभद्रजी आवेंगे सो तुझे मार डालेंगे यों सुनकर जरा कुमार भग गया उस को देख कर अन्त में उन की गति बीगडने की होने से कृष्ण क्रोधातुर हो गये और बोले किन्यार मुझे मारकर

कहां गया है, इसे भी मारुं और दीपायन कि जिसने मेरी द्वारिका नगरी जलाकर भस्म कर दी उसे भी मारुं. यों क्रोधावेश में उठकर जोर से जमीन पर पांव रखने गये कि तुरत ही वह बान पांव में प्रवेश कर गया और कृष्णजी मृत्यु शरण हो गये फीर बलभद्रजी पानी लेकर आये और कृष्ण को जगाने लगे परतु जगे नहीं तब वह बोलने लगे कि-मुझे पानी लाने में देर हो गई जिस से क्या रुसा गये ? यों अपने शरीर पर उसके शरीर को उठाकर फीरने लगे यों छ मासेनेशीतगये * फीर देवता समजाने के लिये एक मृतक गो का दूध निकालने बैठा उसे देख बलभद्रजी कहने लगे कि रे मूर्ख ! मृतक गाय भी क्या दूध देती है ? तब देवताने कहा कि-मरा हुआ भी क्या नींदा हो सकता है कि जैसे तुम उठाकर फीर रहे हो बलभद्रजी सुना अनसुना कर आगे चले तब देवता घानी बना कर रेती पीलने लगा. बलभद्रजी बोले रे मूर्ख ' क्या रेती में से तेल निकलता है ? देवताने पूर्वोक्त प्रकार उत्तर दिया यों देवता ने समजा कर कृष्ण के शरीर को चंदन काष्ट से अग्नि संस्कार किया बलभद्रजी नेमनाथ भगवान के पास दीक्षित हो एकल विहारी बने बलभद्रजी का इतना रूप था कि जहां जावे वहां स्त्रियों उन के रूप से मोहित बनकर पीछे फिरने लगे एक वक्त तुंगीया पुरी में बलभद्रजी आये वहां कूवे पर एक स्त्री पानी भर रही थी बलभद्रजी का रूप देखते ही मोहित होगइ और पानी भरते २ घडे के भरोंसे से अपने बालक के गले में फांसा डाल

द्वीपायन वहां से काल कर अग्नि कुमार देवता हुआ. ज्ञान से सब वृत्तान्त जाना परंतु आयंबिल तप के प्रभाव से द्वारका भस्म सका नहीं, भवितव्य ऐसा ही हुआ कि-जिस को आयंबिल करने का था उस के घर वालेने एक एक के भरोसे से आयंबिल किया नहीं. यों संपूर्ण द्वारिका में आयंबिल तप नहीं हुआ देख देवताने शहर की अग्नि का दाह लगा दिया और किसी उपाय से अग्नि शांत हुई नहीं. उस में जो दीक्षा लेना चाहते थे उस को भगवान नेमीनाथजी के पास पहोंचा दिये. कृष्ण व बलभद्र दोनों अपने पिता वसुदेव व माता देवकीजी को रथ में बैठाकर आप दोनों रथ खींचते हुए द्वारिका के द्वार से निकलने लगे, दोनों भाइ बाहिर निकले कि तुरत ही दरवाजा गिरने से उन के मात पिता वहां दबकर काल कर गये द्वारिका जलती देखकर कृष्णजी आर्तध्यान करने लगे वे वहां से पांडव मथुरा जाते मार्ग में कौशांबी वन आया कृष्णजी को प्यास लगने से बलभद्रजी पानी लेने गये कृष्णजी वट वृक्ष नीचे पीताम्बर ओढ कर सो गये उतने में वहां जरा कुमार निकले उसने दूर से कृष्णजी के पांव का पद्म को मृग का नयन मानकर उस को मारने के लिये बाण छोडा और वहां आया वह कृष्णजी को देखकर घबराया और पांव में पडकर अपना अपराध खमाया कृष्णजीने अपना कौस्तुभ मणि उस को दिया और कहा कि यह पांडवों को देना और सब वृत्तान्त कहना, अब तू यहां से चला जा नहीं तर बलभद्रजी आवेंगे तो तुझे मार डालेंगे यों सुनकर जरा कुमार भग गया उस को देख कर अन्त में उन की गति बीगडने की होने से कृष्ण क्रोधातुर हो गये और बोले कि-यह मुझे मारकर

परेसु घासमेसेज्जा, भोयणे परिणिट्ठिए ॥ लद्धेपिंडे अलद्धेवा, नाणुतप्पेज्ज पंडिए ॥ ३० ॥ अज्जेवाहं न लब्भामि, अवि लाभो सुए सिया ॥ जो एवं पडिसंचिक्खे, अलाभो तं न तज्जए ॥ ३१ ॥ नच्चा उप्पइयं दुक्खं, वेयणाए दुहट्टिए ॥ अदीणो

कहते हैं—साधु गृहस्थ के घर में आहार की गवेषणा करे और वहां भोजन तैयार होने पर मीले अथवा नहीं मीलनेसे भी पंडित साधु द्वेष करे नहीं ॥ ३० ॥ आज मुझे आहार का लाभ नहीं मीला तो क्या हुवा कल मील जायगा इस तरह जो विचार करते हैं उन को अलाभ परिषह नहीं होता है ॥ ३१ ॥ इस पर ढंढण मुनि की कथा कहते है -मगध देश में पूर्वार्ध नगर था वहां पारासर नामक कुनबी रहता था वह हल चलाता हुवा सब कृषिकारों का अधिपतिपना करता हुवा विचरता था एकदा स खेत में काम कर रहा था उतने में सब के लिये भोजन आया, तब वह सब को बोलने लगा कि एक लिखा दो और खींचलो उस की आशा से उनोंने एक चीला खींचा जिस से पशु मो जीवों को आहार की अंतराय दी अंतराय कर्म बांधकर वह जीव वहां से चवकर कृष्णजी की ढंढणा रानी की कुक्षी से ढंढण कुमार पने उत्पन्न हुवा बाल्यावस्था से तरुणावस्था में आते ही नेमीनाथ भगवानके पास दीक्षा अंगीकार की अंतराय कर्म के उदय से गोचरी करने जावे परंतु आहार मीले नहीं दूसरे कोइ साधु उन के साथ जावे तो उन को भी आहार मीले नहीं तब अपने से अन्य साधुओं को अंतराय होती हुई जानकर

कर कूवे में उतारा बलभद्रजी अपने रूपसे होता हुवा यह अनर्थ देख कर अपने रूप को धिक्कार देते ग्राम में प्रवेश करने का त्याग कर वनमें ही रहने लगे वन की उत्कृष्ट क्रियादेख कर एक मृग को भाव स्मरण ज्ञान हुवा, यह जहां सथवारा जाता होवे, वहां कोइ भोजन पान करता हो वहां मुनिराज को ले जावे और मुनि निर्दोष आहार की याचना कर शरीर को भाड़ा देवे एकदा एक खाती उस वन में वृक्ष काट रहा था उस की स्त्री उस के लिये आहार ले कर आइ उसे मृगने देख कर मुनि को वहां ले गया यह खाती आधी कटी हुइ शाखी छोड कर नीचे उतरा था वह मुनि को देख हुए तुष्ट हुवा और वन्दना नमस्कार कर निर्दोष आहार दिया वहां मृग भी पश्चताप करने लगा कि यदि मैं मनुष्य होता तो इस प्रकार दान देकर जन्म सफल करता ! इतने में आधी कटी हुइ शाखी टूट कर मुनि खाति व मृग पर पड़ने से तीनों ही मृत्यु पाये × वे पांचवे देवलोक में अपने २ पुण्य अनुसार ऋद्धि धारक देवता हुए. बलभद्र मुनि एक भवकर मुक्ति में जावेंगे यों बलभद्र मुनि की तरह याचना परिषह सहन करना यह चौवीसवी कथा संपूर्ण हुई ॥ २४ ॥ * * *

याचना करते इच्छित वस्तु की प्राप्ति नहीं होने से असम होवे इस से पच्चीसवा अलाभ परिषह

× कितनेक स्त्री और उस का गर्भ भी दान की अनुमोदना करते हुए शाखा नीचे दब कर मृत्यु पाये यों पांच जीव कहते हैं

थावए पज्जं, पुट्ठो तत्थ ओहियासए ॥ ३२ ॥ तेगिच्छं नाभिनंदेज्जा, संचिक्खत्त गवेसए ॥ एवं खु तस्स सामण्णं, जं नकुज्जा नकारवे ॥ ३३ ॥ अचेलगस्स लूहस्स,

आये बहुत वर्ष संयम पालकर मुक्ति में गये जिस प्रकार ढंढण मुनिने अलाभ परिषह सहन किया ऐसे अन्य साधु को भी सहना चाहिये यह पचीसवी कथा संपूर्ण हुई ॥ २५ ॥ ✿ ✿

बने हुए जो कोई मृगादि पास में भयंकर नरकादि स्थानक कहा है वैसी कूट कपट वाली-मृषा भाषा बोलता है वह ऐसा कहता है कि-दूसरा लोक मैंने नहीं देखा है यह आनंद प्रत्यक्ष दिख रहा है ॥ ५ ॥ इन कामभोगों को छोड कर धर्म करो जिस से आगे सुख मिलेगा तो कहते हैं कि—ये काम भोग प्रत्यक्ष अपने हाथ में आये हुए हैं उन को मैं भोगता हूं क्यों कि दूसरे जन्म में कामभोग मिलेगा या नहीं यह संशय है और ऐसा कौन जानता है कि परलोक है या नहीं ॥ ६ ॥ और भी अज्ञानी जीव धृष्टपना धारन कर कहते हैं कि क्या हम एकही पापाचरण करने वाले हैं इतने जीवों की जैसी गति होगी वैसी ही हमारी भी होगी यों कामभोग में रक्त बने हुए इस लोक व परलोक यों दोनों लोक के क्लेश-दुःख को प्राप्त होते हैं ॥ ७ ॥ तत्पश्चात् वह त्रस व स्थावर जीवों में दंड का समारंभ करता तथा सार्थक व निरर्थक जीवों के समूह की हिंसा करता है. ॥ ८ ॥ हिंसा करने वाला अज्ञानी मृषा बोलता है, मायावी बनता है, चुगलीखोर व धृष्ट होता है, और मदिरा मांस भोगता हुवा अपनको अच्छा मानता है ॥ ९ ॥ जैसे अलसिया मट्टी में उत्पन्न होता है मट्टी ही खाता है और वह सूर्य के ताप में

॥ अकाम सकाम मरणं नामक पंचम अध्ययन ॥

अण्णवसि महोहसि, एगे तिण्णे दुरुत्तर ॥ तत्थ एगे महापन्ने, इम पण्ह मुदाहरे ॥ १ ॥ संतिमे य दुवेठाणा, अक्खाया मारणंतिया ॥ अकाममरण चेव, सकाम मरण तहा ॥ २ ॥ बालाणंतु अकाम तु, मरण असइ भवे ॥ पंडियाण सकामतु उक्कोसेण सइभवे ॥ ३ ॥ तत्थिम पढम ठाण, महावीरेण देसिय ॥ कामगिद्धे जहा बाले, भिसकूराइ कुव्वइ ॥ ४ ॥ जे गिद्धे काम भोगेसु एगे कूडाय गच्छइ ॥ नमे

अर्थ

आयुष्य की वृद्धि न होवे ऐसा चौथे अध्ययन में कहा, इसलिये मृत्यु का सुधारा करना यह पांचवे अध्ययन में कहते हैं—महा मशोघ रूप दुस्तर संसार समुद्र तीरने का उपाय श्री तीर्थंकर भगवानने देवादिक की महा परिषद में विराजमान हो कर कहा है उसे श्रवण कर व उन अनुसार प्रवृत्ति करके एक २ महा पुरुष इस संसार रूप समुद्र को तीरे हैं यही उपाय यहां कहते हैं ॥१ ॥ संसार में जीवों का मृत्यु दो प्रकार का कहा है यथा—१ अकाम मरण व २ सकाम मरण ॥ २ ॥ इस में से अकाम मरण अज्ञानी जीवों को अनेक वार होता है और सकाम मरण पंडित पुरुषों को उत्कृष्ट एक वार होता है ॥३॥ श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामीने इस प्रकार कहा है—कि जो अज्ञानी काम भोग में गृद्ध होता हुवा क्रूर कर्म कारक है उस का अकाम मरण होता है ॥ ४ ॥ पांचों इन्द्रियों के कामभोग में गृद्ध

च धर्म्मं, अहम्मं पडिवज्जिया ॥ बाले मच्चुमुहं पत्ते, अक्खे भग्गे व सोयइ॥ १५ ॥ तओ स मरणंतमि, बाल संतसई भया ॥ अकाममरणं मरइ, धुत्ते व कलिणा जिए ॥ १६ ॥ एयं अकाममरणं, बालाणं तु पवेइयं ॥ एत्तो सकाममरणं, पंडियाणं सुणेहमे ॥ १७ ॥ मरणं पि सपुण्णाणं, जहा मेयं मणुस्सुयं ॥ विप्पसण्णमणाघायं, संजयाणं वुसीमओ ॥ १८ ॥ न इमं सव्वेसु भिक्खूसु, न इमं सव्वेसगारिसु ॥

छोडकर धर्म अंगीकार करने वाले अज्ञानी जीव मृत्यु के मुख में पडे हुए शोक करते हैं, जैसे वह गाडीवाला गाडी का अक्ष (धूरा) टूटने से शोक करता है ॥ १५ ॥ जैसे जुआरी एक दाव में अपना सर्वस्व हार कर पश्चाताप करता है वैसे ही अज्ञानी अकाम मृत्यु से मरता हुआ [illegible] त्रास पाता है कि अब मेरी क्या गति होगी ? ॥ १६ ॥ अकाम मरण मरने से अज्ञानी जीवों का जो होता है सो तो कहा अब आगे पंडित पुरुषों को सकाम मरण कैसे होता है सो कहते हैं उसे तुम दत्त चित्त से श्रवण करो ॥ १७ ॥ पुण्यवान प्राणी को ऐसा सकाम मरण होता [illegible] जैसा मैंने सुना है वैसा ही कहता हूं यह मरण [illegible] का प्रसन्न करनेवाला जीवों की घात नहीं करानेवाला है अर्थात [illegible] से बचानेवाला होता है ऐसा मरण संयति साधु पुरुषों को कहा है॥ १८ ॥ यह पंडित मरण [illegible] नहीं होता है [illegible] भी नहीं होता है [illegible] सम्यक्त्वादि विचित्र प्रकार के [illegible] को [illegible] है उन को और यतिन विशुद्ध

सूत्र

॥ ९ ॥ कायसा वायसा मत्तो, वित्ते गिद्धे इत्थिसु ॥ दुहओ मलं संचिणइ, सिसुणागो व्व मट्टियं ॥ १० ॥ तओ पुट्ठो आयंकेण, गिलाणो परितप्पई ॥ पभीओ परलोगस्स, कम्मुणाप्पेहि अप्पणो ॥ ११ ॥ सुया मे नरए ठाणा, असीलाण य जा गई ॥ बालाण कूरकम्माण, पगाढा जत्थ वेयणा ॥ १२ ॥ तत्थोववाइयं ठाणं, जहा मेऽतमणुस्सुयं आहाकम्मेहिं गच्छतो, सोपच्छा परितप्पई ॥ १३ ॥ जहा सागडिओ जाणं समं हिच्चा महापहं ॥ विसमं मग्गमोइण्णो अक्खे भग्गंमि सोयइ ॥ १४ ॥ एवं धम्मं विउ

अर्थ

अपने से बढकर कर मरजाता है, वैसे ही अज्ञानी जीव मन वचन व काया से धन व स्त्रियों में गृद्ध मदोन्मत्त बना हुवा बाह्य तथा आभ्यंतर दोनों प्रकार की कर्म रूप रज एकत्रित करता है ॥ १० ॥ तत्पश्चात् वह कामभोग की सामग्री क्षय होने से रोग से पीडित बना हुवा अपने कृतकर्मों का स्मरण करता हुवा और परलोक के दुःख से डरता हुवा वह दुःखी पुरुष खेदित होता है ॥ ११ ॥ अब यहां श्री सुधर्मा स्वामी कहते हैं कि मैंने भगवान श्री महावीर स्वामी से सुना है कि जो अज्ञानी जीव उक्त प्रकार के क्रूर कर्म का आचरन करते हैं वे नरक में जाते हैं, वहां उन जीवों को अत्यंत वेदना होती है ॥ १२ ॥ नरक में उत्पन्न होने का स्थानक जैसे मैंने सुना है वैसा कहता हूं कि-वहां पर वे जीवों यथा संचित कर्म से जाता हुवा पीछे से परिताप पाता है ॥ १३ ॥ जैसे गाडी चलाने वाला अपनी गाडी को सम्यक् (अच्छा) मार्ग छोडकर विषम मार्ग से जाता है उस की गाडीका धुरा टूटने से वह पश्चाताप करता है ॥ १४ ॥ ऐसे ही धर्म को

एगराय नहावए ॥ २३ ॥ एव सिक्खा समावन्ने, गिहिवासे वि सुव्वए ॥ छविप-
व्वाओ मुच्चई, गच्छे जक्खस्स लोगय ॥ २४ ॥ अहजे संवुडे भिक्खू, दोण्हं

का धर्म कहते हैं—गृहस्थ सामायिक * के अंग को श्रद्धा पूर्वक काया से स्पर्शे अर्थात् श्रद्धा पूर्वक शुद्ध
सामायिक पाले कृष्ण पक्ष व शुक्ल पक्ष यों दोनों पक्ष में पौषध करे इस में एक रात्रि की भी हानि
करे नहीं ॥२३॥ इस प्रकार की शिक्षा संपन्न जो गृहस्थ होते हैं उन को गृहस्थ होते हुए भी विशुद्ध व्रती
कहना वे इस हड्डी धर्मवाला उदारिक शरीर का त्याग कर उत्तम जाति के देवलोक में देवता होते हैं

* सामायिक तीन प्रकार की है—१ सम्यक्त्व सामायिक, २ सूत्र सामायिक ३ और देश वृत्ति सामायिक इन तीनों
के २४ अंग हैं—प्रथम सम्यक्त्व के आठ अंग—१ जिन वचन में शंका करे नहीं २ अन्य मत की वांच्छा करे नहीं, ३ करनी
के फल में संदेह करे नहीं, ४ मिथ्या आडंबर की प्रशंसा करे नहीं ५, धर्मात्माओं के गुणानुवाद करे, ६ चलित धर्मिष्ट
का स्थिर करे, ७ स्वधर्मियों को हितकर्ता होवे और ८ जैन धर्म की उन्नति करे दूसरी सूत्र सामायिक के आठ अंग १
काले काल शास्त्राभ्यास करे २ विनय पूर्वक ज्ञान ग्रहण करे ३ ज्ञान का व ज्ञान देनेवाले का बहु मान करे, ४ ज्ञान
का उपधान तप करे, ५ ज्ञान दाता का उपकार न भूले ६-७ सूत्र, अर्थ व उभय को छिपावे नहीं वैसे ही फिरावे
नहीं और ८ पाठ तथा अर्थ विपरीत करे नहीं ३ तीसरी देश विरति सामायिक के आठ अंग १ स्थूल प्राणाति २ पात स्थूल
मृषावाद, ३ स्थूल अदत्तादान, ४ निवर्तना ४ स्वदारा संतोष होना, ५ इच्छा प्रमाण ६ दिशा प्रमाण ७ भोग उपभोग
प्रमाण और ८ अनर्थ दंड विरमण इन आठ का आचरन करे यह सामायिक के २४ अंग कहे

नाणा सीला अगारत्था विसम सीलाय भिक्खुणो ॥ १९ ॥ सति एगेहिं भिक्खूहिं, गारत्था सजमुत्तरा ॥ गारत्थेहिं य सव्वेहिं साहवो सजमुत्तरा ॥ २० ॥ चीराजिण नगिणिणं जडी संघाडि मुंडिण ॥ एयाणि वि न तायंति, दुस्सील पडियागय ॥२१॥ पिंडोलएव दुस्सीले, नरगाओ न मुच्चई ॥ भिक्खाए वा गिहत्थेवा, सुव्वए कम्मई दिव ॥ २२ ॥ अगारि सामाइयंगाणि, सड्ढीकाएण फासए ॥ पोसह दुहओ पक्खं,

क्रिया करनवाले साधु को यह पंडित मरण होता है ॥ १९ ॥ कितनेक द्रव्य लिंगी भ्रष्टाचारी निरस तथा कुशीली साधुओं से सम्यक्त्व व्रत निर्मल पालने वाले गृहस्थ भी अच्छे हैं और गृहस्थियों से शुद्ध संयम पालने वाले साधु तो सदैव अच्छे हैं ॥२०॥ अथ अन्य तीर्थीको का स्वरूप कहते हैं-कितने भगवां वस्त्र के धारक, मृग चर्म रखनेवाले, वस्त्र खंड को जोडकर कंथा बनाकर रखनेवाले, मस्तक मुंडाने वाले इत्यादि अनेक प्रकार के अन्य लिंग के धारक जो दुराचारी हैं, जिनाज्ञा विरुद्ध प्रवृत्ति करनेवाले हैं, वेष मात्र से मोक्ष का साधन मानकर बैठे हैं वे इस संसार में किसी जीव का दुःख से मुक्त नहीं कर सकते हैं ॥ २१ ॥ जो कोई साधु भिक्षा से आजीविका करनेवाले हैं परंतु अनाचार व पापकर्म का त्याग करनेवाले नहीं है, ऐसे दुराचारी नरक से मुक्त नहीं हो सकते हैं परंतु भिक्षा से आजीविका करनेवाले साधु होवे अथवा सदाचार पालनेवाला गृहस्थ होवे सो वह स्वर्ग में जाता है ॥ २२ ॥ अब गृहस्थ

सति मरणते सील्वतो बहुस्सुया ॥ २९ ॥ तुलिया विसेसमादाय, दयाधम्मस्स खंतिए ॥ विप्पसीएज्ज मेहावी, तहाभएण अप्पणा ॥ ३० ॥ तआ काले अभिप्पेए सड्ढीतालिसमतिए ॥ विणएज्ज लोमहरिस भेय देहस्स कखए ॥ ३१ ॥ अह कालम्मि सपत्ते, आघायाय समुस्सय ॥ सकाम मरण मरइ, तिण्ह

श्रमण दोनों प्रकारके मरणका स्वरूप श्रवणकर जो साधु अंगीकार करते हैं वे शीलवंत बहुश्रुत-पंडित मरणांतमें भास पश्चाताप नहीं पाते हैं अर्थात् समाधि मरण मरते हुवे नहीं गभराते हैं ॥२९॥ अहो पंडितों! उक्त प्रकार अकाम मरण व सकाम मरण दोनों का कथन कहा अब स अपनी बुद्धि से तोल कर बाल मरण का दुःख का हेतु जान कर उस का त्याग कर और पंडित मरण के लिये दया धर्म का आचरन करो, क्षमा आदि दश यतिधर्म का धारक बनो मिथ्यात्वादि आश्रव का निरूधन कर तथाभूत अपना आत्मा को बनाओ ॥ ३० ॥ जब मरण समय नजीक आवे तब मन के भोगों को हीन नहीं करता हुवा शूरवीर पना धारन करो, जिन वचन में पूर्ण श्रद्धा रखकर परिषह होने पर भी मन को स्थिर रखो, शरीर के रोम मात्र में खेद नहीं करता हुवा व्याकूलता रहित शरीर के विनाश की अशरीरी होने की इच्छा करो ॥३१॥ जब समय मृत्युकाल पास आवे तब तीन प्रकार के सकाम मरण मुनि करे जिन के नाम कहते हैं भक्त प्रत्याख्यान सो तीन अथवा चार आहार का जावजीव त्याग २ करे इंगित मरण क्षेत्रादि मर्यादा बांधकर

अन्नयरे सिया ॥ सव्व दुक्ख पहीणेवा,देवे वावि महिड्ढिए ॥२५॥ उत्तराई विमोहाई, जुइमंताणुपुव्वसो ॥ समाइण्णाइ जक्खेहिं, आवासाइ जसंसिणो ॥ २६ ॥ दीहा उया इड्ढिमंता, समिद्धा कामरूविणो ॥ अहुणोववन्न संकासा, भुज्जो अच्चिमालिप्पभा ॥ २७ ॥ ताणि ठाणाणि गच्छंति सिक्खित्ता संजमं तवं ॥ भिक्खाए वा गिहित्थे वा, जे संति परिनिव्वुडा ॥ २८ ॥ तेसिं सोच्चा सपुज्जाण, संजयाण वुसीमओ ॥ न संत

॥ २४ ॥ अब साधु का धर्म कहते हैं—जो पांच प्रकार आश्रव का रुधन करनेवाला भिक्षुक है उन की गति दो प्रकार की है वे सब कर्म का क्षय कर मुक्त होवे अथवा तो कर्म बाकी रह जाने से महर्द्धिक देव होवे ॥ २५ ॥ वे देवता किस प्रकार के हैं सो कहते हैं—सौधर्म देवलोक से सर्वार्थ सिद्ध विमान पर्यंत एकेक से अधिक पुण्याइवाले तेज कांति के धारक देवता जो देवलोक में संकीर्ण हैं इन में सर्वोत्तम पांच अनुत्तर विमानवासी जो देव हैं उन का मिथ्यात्व मोहनीय नष्ट होने से अपने २ विमान में सदैव सुखानुभव करनेवाले हैं वैसे ही महा कीर्ति के धारक हैं॥२६॥ वे देवता दीर्घ आयुष्यवाले महा ऋद्धिवाले समृद्धि- वंत ,इच्छित रूप करनेवाले जब देखो तब जाने तुरत ही उत्पन्न हुए हैं ऐसे और सूर्य से भी अधिक कांतिवाले हैं।२७। जो साधु अथवा गृहस्थ कषायों के उपशम से शीतलीभूत बने हुए हैं वे संयम व तप अंगीकार करके आयु का अन्त होने से उक्त प्रकार के देव स्थान में जाते हैं ॥२८॥ पूजनीय संयति आचार्य के पास से पूर्वोक्त प्रकारसे

ॐ क्षुल्लक निर्ग्रंथ नामकं षष्ठमध्ययनम् ॐ

जावंति ऽ विज्जा पुरिसा, सव्वे ते दुक्ख संभवा ॥ लुप्पंति बहुसो मूढा, संसारंमि

पांचवे अध्ययन में अकाम सकाम मरण का कहा विद्यावालों को सकाम मरण और अविद्या
वाले को अकाम मरण होता है इस लिये छठे अध्ययन में विद्यावन्त अविद्यावन्त का अधिकार कहते हैं
इस जगत में जितने बाल-अज्ञानी जीव तत्त्व के अज्ञान और कुविद्यावंत ऐसे जो मूर्ख हैं वे सब दु ख भोगने के
अधिकारी होते हैं अनंत संसार में वारंवार परिभ्रमण करते हुए अनेक वार छेदन भेदन आदि पीडा सहन
करनेवाले होते हैं ॥ १ ॥ यहां कुविद्या पर कथा कहते हैं-किसी गाँव के ब्राह्मण के तीन पुत्र काशी
में अभ्यास करने के लिये गये इनों में से एकने व्याकरण एकने न्याय और एकने वैद्यक का
अभ्यास किया विद्याभ्यास करके तीनों ब्राह्मण अपने देश आ रहे थे बीच में किसीने इन को
पंडित जानकर रसोई जीमाने का कहा और सब भोजन सामग्री ला दी अब इस में एक रसोई बनाने
बैठा, दूसरा घृत लेने गया और तीसरा शाक भाजी लेने गया रसोई बनानेवालने चूलेपर खीचडी
खदबदती सुनकर विचार किया ऐसा प्रयोग व्याकरण में नहीं दीखता है इस से यह उस को बोलने
लगा कि ऐसा अशुद्ध प्रयोग क्यों करती है ! खीचडी में तो वैसा ही उफार निकलने लगा तब
उस ने विचारा कि इस के मुह में धूल डालना चाहिये यों विचार कर उसने मुट्ठी भर कर धूल

भमयरं मुणी ॥ ३२ ॥ त्तिबेमि ॥ इति अकाम सकाम मरणिज्ज णामं पंचम अज्झयण सम्मत्त ॥५॥ * * * * * *

उस के बाहिर गमनागमन का तथा चारों आहार का त्याग करे और ३ पादोपगमन सो आहार और शरीर दोनों का त्याग कर छेदित वृक्ष की डाली समान हलन चलन नहीं करता हुवा आयुष्य पूर्ण करे इन तीनों प्रकार के मृत्यु में यथा शक्ति कोइ भी एक मृत्यु मरकर आयुष्य पूर्ण करे ॥ ३२ ॥ यों मैं कहता हूं, ऐसा श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जंबू स्वामी से कहते हैं कि जैसा मैंने भगवान के पास से श्रवण किया है वैसा ही तुझे कहता हूं यह अकामसकाम मरण नामक पांचवा अध्ययन संपूर्ण हुवा ॥ ५ ॥

अणंतए ॥ १ ॥ समिक्ख पंडिए तम्हा, पास जाई पहे बहु ॥ अप्पणा सच्चमेसेज्जा, मेत्तिं भूएसु कप्पए ॥ २ ॥ माया पिया न्हुसा भाया, भज्जा पुत्ता य ओरसा ॥ नालं ते मम ताणाय, लुप्पंतस्स सकम्मुणा ॥ ३ ॥ एयमट्ठं सपेहाए, पासे समिय दंसणे ॥

चोटिया उडा दी ऐसा देखकर वे तीनों ब्राह्मण आश्चर्य चकित हो गये और उस वृद्ध ब्राह्मण को घर कर कहने लगे कि हम को ऐसी विद्या सिखलाओ, वृद्ध ब्राह्मणने इन को अयोग्य जानकर ना कही परंतु माने नहीं तब वह विद्या सिखाकर चला गया अब वे तीनों वहा से आगे जा रहे थे तब उन के मनमें संदेह हुआ कि-उस ने अपन को सची विद्या सीखाइ है या झूठी इस की परीक्षा करनी चाहिये ऐसा विचार कर रहे थे उतने में क्षुधा से मूर्छित बना हुआ सिंह का कलेवर देखा, उनोंने वहां जाकर मंत्र के प्रयोग से उस को कंकर मंत्रकर मारा वह सावधान होते ही क्षुधा से पीडित होने से उन तीनों ब्राह्मणों को मार डाले! इस लिये बिना बुद्धि विद्या निरुपयोगी है यह कथा ५२ वी हुइ ॥ ५२ ॥

और जो ज्ञानी पंडित होते हैं वे इस जगत में पुत्र कलत्रादि संबंध को पास रूप व एकेन्द्रियादि जाति में परिभ्रमण करानेवाला देखते हुए अपना आत्मा के सुख के गवेषी बनकर सब जीवों के साथ मैत्रीभाव करते हैं परन्तु किसी से वैर भाव नहीं करते हैं ॥ २ ॥ पंडित पुरुष जानते हैं कि-माता, पिता, पुत्रवधू, भाइ भार्या पुत्र, पुत्रियों वगैरह जब मुझे कर्म आकर घेरेंगे तब उस से मेरा रक्षण करनेवाले कोइ नहीं होंगे ॥ ३ ॥ उक्त भय को सम्यक् दृष्टी जीव अपनी बुद्धि से विचारें और मिथ्यात्व तथा स्नेह रूप पाश का

स्रीपरी में राख थी, जिस से सदपद होना पन्ध हो गया ऐसा देख कर वह खुश हो गया कि जैसे को जैसा ही होना योग्य है अब जो दूसरा घृत लान बाजार में गया था वह घृत लेकर पीछे आते न्याय लगाने लगा कि घृत के आधार से पात्र होगा अथवा पात्र के आधार से घृत होगा ! इस का प्रत्यक्ष प्रमाण से निश्चय करने के लिये पात्र का उ टा कर दिया जिस से सब घृत नीचे गिर गया अब जो तीसरा शाक भाजी लेने गया था उसने सब शाक भाजी के गुण दोष देखते हुवे मात्र निम्बकी निरोगी मालूम हुआ, वह निम्ब के पत्ते लेकर आया यजमानने देखलिया कि पंडित पढे हैं परंतु गुने नहीं हैं अब तीन यहां से बिना जीमे ही निकल कर अपने गाँव आये वहां अपनी पंडिताइ बताने के लिये संस्कृत भाषा में ही बोलने लगे उन के मात पिताने उन को अपनी देश भाषा में बोलने के लिये बहुत समझाया परंतु उनोंने माना नहीं एकदा ऐसा ही हुवा कि-रात को उन के यहां चोरों आकर उन की गाय लेजाने लगे, तब वे संस्कृत का अभिमान करने वाले पंडित संस्कृत भाषा में ही लोगों को पुकारने लगे, लोगोंने समझा कि-य विद्याभ्यास करते ऐसे ही पुकारते हैं, इस से कोइ भी आया नहीं और चोरों गायों लेगये प्रातः काल होने से लोगों को सब हाल मालुम हुआ और उन की मूर्खता पर उपहास्य करने लगे जिस अपमान से वे यहां से निकल अन्य ग्राम जाते मार्ग में कोई वृद्ध ब्राह्मण मिला और उनकी पंडिताइ का अभिमान उतारने के लिये उन से पूछा कि तुम पंडित हो तो इस मृत चिडिया को जीवित कर दो वे तीनों वैसा कर सके नहीं तब वृद्ध ब्राह्मणने एक कंकर उस पर मंत्र कर मूर्छित पडी हुई

मुजेज्ज भोयण ॥८॥ इह मगे उ मन्नंति अप्पच्चक्खाय पावग ॥ आयरिय विदित्ताण, सव्व दुक्खाण मुच्चइ ॥ ९ ॥ भणता अकरेंताय, बन्धमोक्खपइण्णिणो ॥ वाया वीरियमेत्तेण, समासासेंति अप्पय॥१०॥न चित्ता तायए भासा, कुओ विज्जाणुसासण॥ विसन्ना पावकम्मेहिं,बाला पडिय माणिणो॥११॥जे केई सरीर सत्ता वण्णेरूवे य सव्वसो

अपनी इच्छा से देवे उसे ग्रहण कर भोगवे ॥ ८ ॥ इस संसार में कितनेक अविद्य वान् पुरुष हैं वे कहते हैं कि हिंसादि पापकर्म के प्रत्याख्यान करने की कोई जरूर नहीं है ओर अपन पूर्वज करते आये हैं वेही कुलाचरन करते रहेंगे इस से अपन सब दुःख से मुक्त हो सकेंगे ॥९॥ और भी कितनेक अक्रियावादि ऐसा भी कहते हैं कि मात्र ज्ञान में रमणता करने से ही मुक्ति की प्राप्ति होजाती है क्रिया करने की कुछ आवश्यक्ता नहीं है ये ज्ञानी हो कर वचन मात्र आडंबर से बंध मोक्ष के ज्ञानी की प्राप्ति अच्छी तरह करते हैं और वैसे ज्ञान से अपने आत्मा को संतुष्ट करते हैं परंतु क्रिया कुछ भी नहीं करते हैं ॥ १० ॥ ऐसे वचन के आडम्बरी पुरुष संस्कृत प्राकृतादि अनेक प्रकारकी भाषा के भी ज्ञाता होते हैं परन्तु उन कुविद्या वाले को यह विविध प्रकार की भाषा शरणभूत नहीं होती है वे अपन को पंडित मानने वाले अज्ञानी पाप कर्म से सेवते दुःखी दुःख पाते हैं ॥ ११ ॥ जो अज्ञानियों अपने मन वचन वैं काया के

सूत्र

छिंद गेहिं सिणेहच, नकखे पुव्वसथवं ॥ ४ ॥ गवासं मणिकुडलं, पसवो दास पोरुस ॥ सव्वमेय चइत्ताणं कामरूवी भविस्ससि ॥ ५ ॥ थावरं जगम चेव, धण धन्न उवक्खर ॥ पच्चमाणस्स कम्मेहिं, नाल दुक्खाओ मोयणे ॥ ६ ॥ अज्झत्थ सव्वओ सव्व, दिस्सपाणे पियायए ॥ न हणे पाणिणा पाण ॥ भयवेराओ उवरए ॥ ७ ॥ आदाण नरय दिस्स, नायएज्ज तणामवि ॥ दोगुन्छी अप्पणो पा०, दिन्न

अर्थ

छेदन कर विचरे फिर पहिले जिन के साथ संबंध था उन संबंधियों को मन से चाहे नहीं ॥ ४ ॥ अहो आयुष्मन्! गवादि पशु मणि कुंडलादि भूषण धन, हाथी घोड़े नौकर चाकर इत्यादि का त्याग कर संयम अंगीकार करेगा तो मनोवांछित वैक्रेय रूप करनेवाला देव होगा ॥ ५ ॥ दुःख से पचते हुए जीव को घर वगैरह स्थावर परिग्रह और मनुष्य वगैरह जंगम धन, धान्य आदि घर परवेश दुःखसे छोडाने समर्थ नहीं होते हैं ॥ ६ ॥ पृथ्वादि सब दिशा में रहे हुवे प्राणी एकान्त सुखाभिलाषी हैं ऐसी मन की अध्यात्मवृत्ति ज्ञान प्रज्ञा से देखकर भयात्स्थान प्रज्ञा कर उन के प्राणों की घात करे नहीं इस प्रकार भय से और वैर से अपनी आत्मा को बचावे निवारे ॥ ७ ॥ किसी का विना दिया कुछ भी पदार्थ ग्रहण करना-अर्थात् चोरी करना नरक गमन का हेतु है ऐसा जानकर तृणमात्र कोई भी वस्तु विना याचे ग्रहण करे नहीं सदैव पापकर्म की दुगंछा करता हुवा शरीर पोषण के लिये आहार पानी भी गृहस्थ

॥ १६ ॥ एसणा समिओ लज्जू, गामे अणियओ चरे ॥ अप्पमत्तो पमत्तेहिं, पिण्ड वाय गवेसए ॥ १७ ॥ एवं से उदाहु अणुत्तरणाणी, अणुत्तरदंसी, अणुत्तरनाण दंसणधरे ॥ अरहा नायपुत्ते भगवं, वेसालिए वियाहिए ॥ १८ ॥ त्तिबेमि ॥

इति खुड्डाग नियंठिज्ज छट्ठज्झयणं सम्मत्तं ॥ ६ ॥ * * *

एषणा समिति में लज्जावान साधु ग्राम नगरादिक में विचरता हुवा गृहस्थों के घर में अप्रमत्त पने आहारादिक की गवेषणा करे ॥ १७ ॥ अनुत्तर ज्ञान वाले, अनुत्तर दर्शन वाले अनुत्तर ज्ञान दर्शन के धारक अरिहंत श्री ज्ञात पुत्र महावीर स्वामीने ऐसा उपदेश कहा है वैसा मैं कहता हूं ॥ १८ ॥ ऐसा श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहते हैं. यह छठा अध्ययन संपूर्ण हुआ ॥ ६ ॥ * * * * *

सूत्र

मणसा काय वक्केण, सव्वे ते दुक्खसंभवा ॥ १२ ॥ आवन्ना दीहमद्धाणं, संसारम्मि अणंतए ॥ तम्हा सव्वदिसं पस्स, अप्पमत्तो परिव्वए ॥ १३ ॥ बहिया उड्ढ मादाय, नावकंखे कयाइवि ॥ पुव्वकम्म खयट्ठाए, इमंदेहं समुद्धरे ॥१४॥ [विगिंच कम्मुणो हेउं कालकंखी परिव्वए ॥ मायं पिंडस्स पाणस्स कडं लद्धूण भक्खए ॥ १५ ॥ सन्निहिं च न कुव्विज्जा लेवमायाए संजए ॥ पक्खीपत्तं समादाय, निरवेक्खो परिव्वए

अर्थ

योगों से अपने शरीर के वर्ण सौंदर्य में आसक्त बन शरीर की पोषणा में मग्न रहते हैं वे सब महा दुःख के भोगने वाले हैं ऐसा जानना ॥ १२ ॥ उक्त प्रकार से अज्ञानी जीवों अनादि अनंत संसार के दीर्घ मार्ग में परिभ्रमण कर रहे हैं उन को देख कर ज्ञानी जीव संयम धर्म में सदैव प्रवर्ते ॥ १३ ॥ चार गति से उत्तम मोक्ष गति को अपने मन में रखकर कदापि विषय कषाय की वांच्छा करे नहीं और पीछे का कर्म क्षय करने के लिये निर्दोष आहार से अपना शरीर को रखे ॥ १४ ॥ आहार पानी गृहस्थ ने अपने लिये बनाया हो उस ग्रहण कर आप भोगवे और कर्म के हेतु का त्याग कर क्रिया काल की वांच्छता हुवा संयम मार्ग में प्रवृत्ति करे ॥ १५ ॥ जितना आहार पानी स्वतः का तथा अपने अन्य स्वधर्मियों को चाहिये उतना ही ग्रहण करे परंतु पात्र में लेप मात्र आहारादिक रात्रि का रखे नहीं और जैसे पक्षी अपनी पांखों लेकर आकाश में गमन करता है, वैसे ही साधु भी अपने धर्मोपकरण ग्रहण कर किसी प्रकार के प्रतिबंध रहित ग्रामानुग्राम विचरे ॥१६॥

याले अहम्मिट्ठे ईहई नरयाउय ॥ ४ ॥ हिंसे बाले मुसावाई, अद्धाणम्मि विलोवए ॥

अन्नदत्तहरे तेणे, माई क नु हरसढे ॥५॥ इत्थी विसयगिद्धे य, महारंभ परिग्गह ॥

देवी है तो भी तुझे घास फूस खीलाता है और यह बकरा कुच्छ भी नहीं देता है तो भी उस को माल मसाले खीलाते हैं इस से मुझे बड़ा आश्चर्य होता है गायने कहा कि बच्चा! अपन को घास फूस ही अच्छा है अपन को प्राण नाशक माल की जरूर नहीं है पुत्रने कहा कि यह कैसे? गायने कहा की तू थोड़े दिन में इस का फल देखेगा, एकदा उस के घर मिजमान आये तब घर का मालिक अपनी तरवार से उस बकरे को मारने चला ऐसा देखकर वह गाय का बच्चा डरकर चिल्लाने लगा तब गायने कहा कि तू क्यों डरता है जो 'खावेगा गटका वह सोवेगा झटका'' इतने में तो उस बकरे की गरदन काट डाली ऐसा देख वह गाय का बच्चा मानने लगा कि अपन के ऐसा घास फूस ही अच्छा है यह दृष्टांत कहा अब इस का भावार्थ सूत्र से कहते हैं —जैसे वह बकरा मिजमानों के लिये करवाया हुवा था, वैसे ही अज्ञानी अधर्म का आचरण करने वाला नरक गति योग्य आचरन करने से नरक का आयुष्य बंधता है अर्थात् वह नरक में जाता है ॥ १ ॥ अब अज्ञानी के लक्षण कहते हैं—१ हिंसा करने वाला, २ मृषा बोलने वाला, ३ मार्ग में जाते को लूटने वाला, ४ अदत्त चोरी करने वाला, ५ माया कपट करने वाला ६ किसे लूट ऐसा विचार करनेवाला, ७ धूर्त ठगारा ८ स्त्री के विषय में गृद्ध ९ छ ही काया का महा आरंभ करने

॥ एलयं नामक सप्तम मध्ययनम् ॥

सूत्र

जहा एसं समुद्दिस्स केइ पोसज्ज एलय ॥ ओदणं जवस देज्जा, पोसेज्जा वि सयगणे ॥ १ ॥ तओ से पुट्ठे परिवूढे, जायमेदे महोदरे ॥ पीणिए विउले देहे, आएस परिकंखए ॥ २ ॥ जाव न एइ आएसे, ताव जीवइ सो दुही ॥ अह पत्तमि आएसे, सीस छेत्तूण भुज्जइ ॥ ३ ॥ जहा से खलु उरब्भे, आएसाए समीहिए ॥ एव

अर्थ

छठे अध्ययन में भगिया का कथन किया यह रसगृद्धि मनों को होता है इसलिये सातवे अध्ययन में रस गृद्धता का कथन करते हैं—जैसे कोइ हिंसक मनुष्य मिजमान के लिये बकरे को पाले, उस को चांवल जव वगैरह खीलाकर अपने अगन में उस की पालना करे ॥ १ ॥ इस तरह वह बकरा चांवल वगैरह खाकर मांसादिक से पुष्ट बनता है उसका उदर भी बडा होता है और वह बकरा भी बडा हो जाता है तब वह हिंसक मनुष्य किसी मिजमान की प्रतीक्षा करता है ॥ २ ॥ वह दुःखी बकराका जीवितव्य वहां लग ही है कि जहां लग मिजमान नहीं आवे जब मिजमान आ जाते हैं तब उस के शिर का छेदन कर उस को खाया जाता है ॥ ३ ॥ इस पर कथित कथा कहते हैं उस बकरे के पोषक के घर में एक गाय का बछा उस बकरे का सुख देख कर उस की मा से कहने लगा कि—तू अमृत समान दूध

जहा कागिणिए हेउं सहस्सं हारई नरो ॥ अपत्थं अंबगं भोच्चा,राया रज्जं तु हारए ॥ ॥ ११ ॥ एवं माणुसगा कामा, देवकामाण अंतिए ॥ सहस्सगुणिया भुज्जो, आउ-कामा य दिव्विया ॥ १२ ॥ अणेगवासा नउया जा सा पन्नवओ ठिइ ॥ जाणि जीयंति

॥ १० ॥ दूसरा कागणी का दृष्टांत कहते हैं—जिस प्रकार किसी मूर्ख वणिकने एक कागनी के लिये हजार महोरों गमाइ इस पर दृष्टांत कहते हैं—कोई वणिक परदेश में महा परिश्रम से एक हजार महोरों कमाकर पीछा अपने घर आता था उसने सब महोरों एक नवली में डालकर कमर से बंध की और एक रूपे की ८० कागणि अपनी पास रखी; नित्य एक २ कागणीका अपने भोजन के लिये खर्चा करता था रास्ते में महा अटवी आवेगी ऐसा जानकर उसने एक कागणी का सौदा लेकर उस को दो कागणी ददी और सादा लेकर वह से निकल चला आगे जाते कागणियों गिनते एक कागणी कम आइ जब उसने समजा की उस वणिक ने मुझ ठग लिया, इस से उस के पास जाकर कागणी ले आऊं उस के साथवाले ने उस बहुत समजाया परंतु समजा नहीं और पीछा गया जंगल मे सोना महोरों गाडकर वह गांव में आया उस धनीयने झगडा करके वो कागनी पाछी ददी यहां नवली गाडता वक्त ने देखी उनोंने उस खड्डे में से निकाल कर उस जगे में वे महोरों बिखेर दी वह धनीया वहां आया और नोली नहीं मिलने से बहुत रोने लगा. वहां से घर आया उस के सथियोंने भी उस का तिरस्कार किया. यह कागणी

सूत्र

भुंजमाणे सुरं मंसं, परिवूढे परंदमे ॥ ६ ॥ अयकक्कर भोईय, तुंदिल्ले चिय लोहिए ॥ आउयं नरए कंखे, जहा एसं व एलए ॥ ७ ॥ आसणं सयणं जाणं, वित्तं कामाणि भुंजिया ॥ दुस्साहडं धणं हिच्चा बहुं संचिणिया रयं ॥ ८ ॥ तओ कम्मगुरू जंतू पच्चुप्पन्नपरायणे ॥ अएव्व आगयाएसे मरणंतम्मि सोयइ ॥ ९ ॥ तओ आउपरिक्खीणे, चुया देहा विहिंसगा ॥ आसुरियं दिसं बाला, गच्छंति अवसा तमं ॥ १० ॥

अर्थ

वाला, १० परिग्रह की महा इच्छा वाला ११ मांस खानेवाला १२ मदिरा पान करनेवाला और १३ पर को दमन करनेवाला ऐसा पापिष्ठ मद्य मांस का सेवन करता हुवा हृष्ट पुष्ट होता है ॥ ६ ॥ करड २ शब्द करे वैसा बकरे का मांस खानेवाला अज्ञानी रुधिर मांस से पुष्ट बनकर जैसे वह बकरा मिजमानों का इच्छित होता है वैसे ही वह नरक का आयुष्य की इच्छा करता है ॥ ७ ॥ आसन, शयन यान, धन, और काम भोगों को भोगव कर महा दुःख से उपार्जन किया हुवा धन का त्याग कर और बहुत प्रकार का [illegible] रजमेल एकत्रित कर विद्यमान काम भोगों में तत्पर व कर्मों से भारी बना हुवा जीव उस बोकर जैसे मरणांत में शोक-पश्चाताप करता है ॥ ८-९ ॥ तत्पश्चात् आयुष्य पूर्ण होने से वह हिंसा करने वाला वहां से चवकर परवश पना से अंधकार मय नरक में आता है यह प्रथम बकरे का दृष्टांत हुवा

एगोत्थ लहए लाभ एगोमूलेण आगओ ॥ १४ ॥ एगो मूल पि हारित्ता, आगओ तत्थ वाणिओ ॥ ववहारे उवमा एसा, एव धम्मे वियाणह ॥ १५ ॥ माणुसत्तं भवे-मूल लाभो देवगई भवे ॥ मूलच्छेएण जीवाणं, नरगतिरिक्खत्तण धुव ॥ १६ ॥ दुहओ गई बालस्स, आवई वहमूलिया ॥ देवत्त माणुसत्त च, ज जिए लोलया सढे

वृद्धि की दूसरेने मूलका पूंजी कायम रखी और तीसरेने यूतादि कुकर्म में सब रकम गमा दी जब पिताने पूछा तब पहिलेने मूल पूंजी और नफा दिया, दूसरेने मूल पूंजी दी और तीसरने कुच्छ भी नहीं दिया इस पर से शेठजीन पहिले को सब घर कुटुम्ब का स्वामी बनाया दूसरे का भंडारी बनाया और तीसरे को निकाल दिया यह व्यवहारिक उपमा कही अब इसे धर्म पर उतारते हैं ॥ १४ १५ ॥ जो जीव पुण्य रूपी पिता के पास से मनुष्य गति प्राप्त करके धर्म करणी तप वगैरह कम करके मनुष्य से उपरान्त देवगति प्राप्त करते हैं वे पूंजी में वृद्धि करनेवाले हैं ऐसा जानना जो मनुष्य हुवे पीछे दया नम्रता रखने से पुन यहां से मरकर मनुष्य उत्पन्न होता है वह मूल पूंजी रखनेवाला है वैसा जानना और जो मोह शाम्य में पड़कर नरक तिर्यचादि गति के अधिकारी होते हैं वे मूल पूंजी को गमानेवाले हैं वैसा जानना ॥ १६ ॥ मूल पूंजी गमानेवाले अज्ञानी मांस मदिरा आदि भोग की लोलुपता व धूर्तता से मनुष्य व देव गति को हार कर जहां अपार दु ख व बध है वैसी नरक तियच की दो प्रकार की गति में जाते हैं ॥ १७ ॥

मूल — दुम्मेहा, ऊणयाससयाउए ॥ १३ ॥ जहा य तिन्नि वाणिया, मूलं घेत्तूण निग्गया ॥

अर्थ — गुमान रानेका दृष्टांत हुआ अब उत्तरार्धकेलिये पहले आमका दृष्टांत कहते हैं जैसे अपथ्य आम्र को भोगवकर राजा अपना राज्य गुमाकर बैठा इसका दृष्टांत कहते हैं—जैसे किसी राजा को अतिशय आम खाने से अम्लरोग हुआ उस के लिये बहुत उपाय किये परंतु मीटा नहीं एक वृद्ध वैद्यने कहा कि—यदि तुम आम खाना छोड दो तो तुम्हारा रोग मीटाऊं राजाने कथन कबूल किया तब वैद्यने औषधोपचारसे रोग मिटा दिया अब दूसरे वर्ष में जब आम की ऋतु आई तब वह क्रीडा करने जंगल में गया वहां मधान करना करने पर भी आम के वृक्ष नीचे बैठा और आम भी खा लिया इस से पुनः वह अम्लरोग प्रगट हुआ कि जो अनेक उपायों से भी मीटा नहीं और राजा भी मर गया यह राजा का दृष्टांत हुआ जैसे किसी वणिकने एक काकिणि के लिये हजार मोहरों गमाई २ और अपथ्य आम खाने से राजाने अपना राज्य गमाया वैसे ही मनुष्य के आयुष्य से और कामभोगों से देवता का आयुष्य और कामभोग हजारों गुन अधिक हैं अनेक वर्षवाला नयुते की देवताओं की स्थिति है ऐसी स्थिति के सुख को सो वर्ष में भी कम आयुष्यवाले दुर्बुद्धि मनुष्य तुच्छ सुख के लिये हार जाता है। ॥ ११-१३॥ अब तीन वणिक का दृष्टांत कहते हैं—किसी वाणकने अपने तीन पुत्रों को थोडी २ रकम देकर अलग कर दिये और कहा कि इस द्रव्यको मैं जब मांगू तब देना उन तीनोंमें ज्येष्ठ पुत्रने उससे व्यापार करके अच्छी

१ चोरासी लाख पूर्व को चोरासी लाख गुना करने से नयुतांग होवे और ८४ लाख नयुतांग का एक नयुत होवे.

एगोत्थ लहए लाभ, एगोमूलेण आगओ ॥ १४ ॥ एगो मूल पि हारित्ता, आगओ तत्थ वाणिओ ॥ ववहारे उवमा एसा, एव धम्मे वियाणह ॥ १५ ॥ माणुसत्तं भवे मूल लाभो देवगई भवे ॥ मूलच्छेएण जीवाण, नरगतिरिक्खत्तण धुवं ॥ १६ ॥ दुहओ गई बालस्स, आवई वहमूलिया ॥ देवत्त माणुसत्त च, जं जिए लोलया सढे

वृद्धि की दूसरेने मूलको पूंजी कायम रखी और तीसरेने जूतादि कर्म में सब रकम गमा दी जब पिताने पूछा तब पहिलेने मूल पूंजी और नफा दिया, दूसरेने मूल पूंजी दी और तीसरने कुछ भी नहीं दिया इस पर से सेठजीने पहिले को सब घर कुटुम्ब का स्वामी बनाया दूसरे का भंडारी बनाया और तीसरे को निकाल दिया यह व्यवहारिक उपमा कही अब इसे धर्म पर उतारते हैं ॥ १४ १५ ॥ जो जीव पुण्य रूपी पिता के पास से मनुष्य गति प्राप्त करके धर्म करणी तप वगैरह कम करके मनुष्य से उपरान्त देवगति प्राप्त करते हैं वे पूंजी में वृद्धि करनेवाले हैं ऐसा जानना जो मनुष्य हुवे पीछे दया नम्रता रखने से पुन वहां से मरकर मनुष्य उत्पन्न होता है वह मूल पूंजी रखनेवाला है वैसा जानना और जो मोह पाप में पडकर नरक तिर्यंचादि गति के अधिकारी होते हैं वे मूल पूंजी को गमानेवाले हैं वैसा जानना ॥ १६ ॥ मूल पूंजी गमानेवाले अज्ञानी मांस मदिरा आदि भोग की लोलुपता व धूर्तता से मनुष्य व देव गति को हार कर जहां अपार दुःख व वध है वैसी नरक तिर्यंच की दो प्रकार की गति में जाते हैं ॥ १७ ॥

॥ १७ ॥ तओ जिए सइ होई, दुविह दोग्गई गए ॥ दुल्लहा तस्स उम्मग्गा, अद्धाए सुचिरादवि ॥ १८ ॥ एव जिय सपेहाए, तुलिया बाल च पंडिय ॥ मूलियं ते पवेसंति, माणुसिं जोणिमंतिजे ॥ १९ ॥ वेमायाहिं सिक्खाहिं, जे नरा गिहिसुव्वया ॥ उवेंति माणुसं जोणिं, कम्मसच्चा हु पाणिणो ॥ २० ॥ जेसिंतु विउला सिक्खा, मूलियं ते

रे अज्ञानी कि जो मनुष्य पञ्चेन्द्रिय गति को हार कर नरक तिर्यंच यों दो प्रकार की गति को प्राप्त हुए हैं उन को आगमिक काल में उन गति में से निकलना बड़ा दुर्लभ है अर्थात् वहां भ्रमण किया करते हैं ॥ १८ ॥ अहो भव्यो! उक्त दृष्टांत को ज्ञान दृष्टि से अपने मन में स्थापना बाल और पंडित की अवस्था का विचार करना और [illegible] नहीं होवे तो मूल की [illegible] गमान नहीं [illegible] मनुष्य जन्म से निकल कर पुनः मनुष्य जन्म की [illegible] होवे ऐसी करनी वा अवश्य ही करना ॥ १९ ॥ मनुष्य जन्म किस प्रकार प्राप्त करते हैं सो कहते हैं मूलकी तथा सद्गुरु की विविध प्रकार की हित शिक्षा विनीतपना भद्रिकपना दुर्व्यसन का त्याग लौकिक विरुद्ध आचरन नहीं करना सत्यवादी होना प्रमाणिकपना रखना इत्यादिक को जो धारन करते हैं वे मनुष्य जन्म प्राप्त करते हैं मतलब कि देशव्रती तथा समव्रती बने सिवाय उक्त प्रकारकी अन्य करनी मनुष्य जन्म देनेवाली [illegible]ती है ॥ २० ॥ और जो जीव पांच अनुव्रत तथा पांच महाव्रतादि उत्तरोत्तर प्रधान जिनेश्वर भगवानकी

अइच्छिया ॥ सीलवंता सविसेसा, अदीणा जंति देवयं ॥ २१ ॥ एवमदीणवं भिक्खु आगारिं च वियाणिया ॥ कहण्णु जिच्चमेलिक्खं, जिच्चमाणो न संविदे ॥ २२ ॥ जहा कुसग्गे उदग, समुद्देण समं मिणे ॥ एवं माणुस्सगा कामा, देवकामाण अंतिए ॥ २३ ॥ कुसग्गमेत्ता इमे कामा सन्निरुद्धम्मि आउए ॥ कस्स हेउं पुराकाउं, जोगक्खेमं न संविदे ॥ २४ ॥ इह कामाणियट्टस्स, अत्तट्ठे अवरज्झई ॥ सुच्चा नेयाउयं

शिक्षा है उस का सम्यक् प्रकार से पालन करे जो परिषह उत्पन्न होने पर कदापि दीनता धारन करे नहीं, वह ऊपर का लाभ रूप देव गति में जाता है ॥ २१ ॥ इस तरह दीनपना रहित साधु तथा देश विरति गृहस्थ को देवपना मिलता है ऐसा जानते हुए भी विषय व कषाय में लुब्ध होकर विवेकी मनुष्य कभी देवपना गमावेंगे ? अर्थात् विवेकी पुरुष कदापि गमावेंगे नहीं ॥ २२ ॥ जैसे कुशाग्र पर रहा हुआ पानी का बिंदु समुद्र के पानी से असंख्यातवा भाग हीन है वैसे ही देवताओं के कामभोग के आगे मनुष्य के कामभोग असंख्यातगुने हीन है ॥ २३ ॥ कुशाग्र पर रहा हुआ पानी के बिंदु समान ये मनुष्य के कामभोग हैं तो भी अतिशय अल्प आयुष्य होने पर भी विषय कषाय में लुब्ध बनकर किस कारन से अज्ञानी मनुष्य [1]जोग और क्षेम नहीं जानते हैं ! ! ॥ २४ ॥ इस संसार में जो जीव न्याय

---

१ अप्राप्त धर्म की इच्छा सो योग और प्राप्त धर्म का रक्षण सो क्षेम

सव्वधम्माणुवत्तिणो, चिच्चा अहम्म धम्मिट्ठे देवेसु उववज्जई ॥ २९ ॥ तुलियाण बालभावं, अबालं चेव पंडिए ॥ चइऊण बालभावं, अबालं सेवए मुणी ॥ ३० ॥ त्तिबेमि ॥ इति एलय अज्झयणं सम्मत्तं ॥ ७ ॥

उस धर्म को अपना प्राण प्रिय बना कर देवलोक में उत्पन्न होता है ॥ २९ ॥ अहो मुनियों ! इस प्रकार अज्ञानता तथा पंडित पना को न्याय बुद्धि से तोलकर अज्ञानता का त्याग कर पंडित पने को अंगीकार कर सुखी बनो ! ॥ ३० ॥ ऐसा मैं कहता हूं यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहते हैं कि जैसा मैंने श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामी से सुना है वैसे ही कहता हूं यह सातवा एलक नामक अध्ययन संपूर्ण हुआ ॥ ७ ॥

सूत्र

मग्ग, जं भुज्जो परिभस्सई ॥ २५ ॥ इह काम नियट्टस्स, अत्तट्ठे नावरज्झई ॥ पूइदेहनिरोहेणं, भवे देवे त्ति मे सुय ॥ २६ ॥ इड्ढी जुई जसोवण्णो, आउ सुहं मणुत्तरं ॥ भुज्जो जत्थ मणुस्सेसु तत्थ से उववज्जइ ॥ २७ ॥ बालस्स पस्स बालत्तं, अहम्मं पडिवज्जिणो ॥ चिच्चा धम्मं अहम्मिट्ठे नरएसु उववज्जई ॥ २८ ॥ धीरस्स पस्स धीरत्तं,

अर्थ

मार्ग भरण करके कामभोग से नहीं निवर्ता है वह धर्म से भ्रष्ट होता है और वह अपने आत्मा का अर्थ स्वर्ग व मोक्ष के सुखों का विनाश करता है ॥ २५ ॥ और इस संसार में जो कामभोग से निवर्ता है वह अपने आत्मा का विनाश नहीं करता है और वह रुधिर मांस से भरा हुवा उदारिक शरीर छोड़ कर देवता होता है ऐसा मैंने सुना है ॥ २६ ॥ देवता किस प्रकार का होता है सो कहते हैं परिवार की ऋद्धि शरीर की कांति लोक में कीर्ति, शुभ शरीर का वर्ण दीर्घ आयुष्य और अनुत्तर सुख, ये छ बोल देवता में जहां होवे वहां वह उत्पन्न होता है और वहां से मनुष्य में भी आवे तो मनुष्य गति में जहां उक्त छ बोल होवे वहां उत्पन्न होवे ॥ २७ ॥ उपसंहार—अहो भव्यो! अज्ञानी का अज्ञानता को देखो कि सत्य में प्राप्त होता धर्म का त्याग कर अधर्म को अंगीकार कर और अधर्म को प्रिय मानकर नरक गति में उत्पन्न होता है ॥ २८ ॥ वैसे ही धीर पुरुष की धीरता देखो कि—अनादि काल की संगति वाला अधर्म का त्याग कर, सम्यक् प्रणीत क्षमादि दशविध यतिधर्म को अंगीकार कर और

सव्वधम्माणुवत्तिणो, भिच्चा अहम्म धम्मिट्ठे देवेसु उववज्जई ॥ २९ ॥ तुलियाण बालभावं, अबाल चेव पंडिए ॥ चइऊण बालभाव, अबालं सेवए मुणी ॥ ३० ॥ त्तिबेमि ॥ इति एलय अज्झायण सम्मत्तं ॥ ७ ॥

उस धर्म को अपना प्राण प्रिय बना कर देवलोक में उत्पन्न होता है ॥ २९ ॥ अहो मुनियों ! इस प्रकार अज्ञानता तथा पंडित पना को न्याय बुद्धि से तोलकर अज्ञानता का त्याग कर पंडित पने को अंगीकार कर सुखी बनो ! ॥ ३० ॥ ऐसा मैं कहता हूं यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहते हैं कि जैसा मैंने श्री श्रमण भगवान महावीर स्वामी से सुना है वैसे ही कहता हूं यह सातवा एलक नामक अध्ययन संपूर्ण हुवा ॥ ७ ॥

मग्गं, जं भुज्जो परिभस्सई ॥ २५ ॥ इह काम नियट्टस्स, अत्तट्ठे नावरज्झई ॥ पूइदेहनिरोहेणं, भवे देवे त्ति मे सुयं ॥२६॥ इड्ढी जुई जसोवण्णो, आउ सुह मणुत्तरं ॥ भुज्जो जत्थ मणुस्सेसु तत्थ से उववज्जइ ॥ २७ ॥ बालस्स पस्स बालत्तं, अहम्मं पडिवज्जिणो ॥ चिच्चा धम्मं अहम्मिट्ठे नरएसु उववज्जई ॥ २८ ॥ धीरस्स पस्स धीरत्तं,

मार्ग भ्रष्ट करके कामभोग से नहीं निवर्ता है वह धर्म से भ्रष्ट होता है और वह अपने आत्मा का अर्थ स्वर्ग व मोक्ष के सुखों का विनाश करता है ॥ २५ ॥ और इस संसार में जो कामभोग से निवर्ता है वह अपने आत्मा का विनाश नहीं करता है और वह रुधिर मांस से भरा हुआ उदारिक शरीर छोड कर देवता होता है ऐसा मैंने सुना है ॥ २६ ॥ देवता किस प्रकार का होता है सो कहते हैं परिवार की ऋद्धि शरीर की कांति लोग में कीर्ति, शुभ शरीर का वर्ण दीर्घ आयुष्य और अनुत्तर सुख, ये छ बोल देवता में जहां होवे वहां वह उत्पन्न होता है और वहां से मनुष्य में भी आवे तो मनुष्य गति में जहां उक्त छ बोल होवे वहां उत्पन्न होवे ॥ २७ ॥ उपसंहार—अहो भव्यो ! अज्ञानी का अज्ञानता को देखो ! कि सहज में प्राप्त हुवा धर्म का त्याग कर अधर्म को अंगीकार कर और अधर्म को प्रिय मानकर नरक गति में उत्पन्न होता है ॥ २८ ॥ वैसे ही धीर पुरुष की धीरता देखो कि—अनादि काल की संगति वाला अधर्म का त्याग कर, सर्वज्ञ प्रणीत क्षमादि दशविध यतिधर्म को अंगीकार कर और

ने पढाना स्वीकार किया और भोजन के लिये यहां पर धनदत्त नामक किसी गृहस्थ के यहां प्रबंध कर दिया यहां दासी उस को भोजन वगैरह कराते दोनों मोह मुग्ध बनकर भोग भोगवने लगे ऐसा करते दासी सगर्भा हुई और कपिल से कहने लगी कि बालक होगा तो उस के पालन पोषण में द्रव्य व्यय करना पडेगा इस से द्रव्य का प्रबन्ध करना चाहिये और कहा कि यहां के राजा को प्रथम जो आशीर्वाद देता है उस को राजा दो मासा सुवर्ण सदैव देता है कपिल यह सुन संतुष्ट होगया रात्रि में पूरी निद्रा भी आई नहीं और आधि रात्रि में अपने घर से निकल पडा मार्ग में इस को चोर जानकर कोतवालने पकड लिया और राजा के सन्मुख उपस्थित किया राजाने उसे देखकर पहिचाना कि-वास्तवमें यह चोर नहीं है उस से पूछा कि तू कैसे पकडा गया ? कपिलने अपना वृत्तांत सुना दिया और कहा-कि मैं अवश्य ही धर्मभ्रष्ट होने से शिक्षा पात्र हूं राजाने इस से संतुष्ट होकर कहा कि-तेरी इच्छा होवे सो मांग तू मांगेगा सो देता हूं कपिलने कहा कि मैं विचार कर मंगूगा इस से वह अशोक वाडी में बैठकर विचार करने लगा कि दो मासे सुवर्ण में क्या होगा ? चार मासे सुवर्ण मांगू फिर विचार हुवा कि चार मासे सवर्ण से तो पुत्र का जन्म खरच भी पूरा नहीं होगा इस से आठ मासे सुवर्ण मांगू यों विचार करते२ सब राज्य मांगने की इच्छा हुई फिर ज्ञान मय बुद्धि होने से विचार हुआ कि इस तृष्णा को धिक्कार होवो रे कपिल'तू जाति से भ्रष्ट हुवा, और इतनी विटम्बना पाया तो भी तेरी बुद्धि ठिकाने आइ नहीं फिर भी इस संसार जाल में फसने का उपाय कर रहा है इस से इस विषय तृष्णा को भी धिक्कार

॥ काविलियं अष्टम मध्ययनम् ॥

सातवे अध्ययन में रसनेन्द्रिय पर विजय करने का कहा रसना का जय करनेवाला तृष्णा का भी जय करता है इस लिये आठवे अध्ययनमें तृष्णाका जय करनेका कहते हैं इस अध्ययनका सम्बन्ध मिलाने कथा कहते हैं—कौशाम्बी नगरी में जितशत्रु राजा का काश्यप नामक पुरोहित रहता था उस को यशा नामक भार्या और कपिल नामक पुत्र था पुत्र के बचपनमें पिता का मृत्यु हो गया तब राजाने उस पुरोहित के स्थान दूसरे पुरोहित को रखा एकदा वह दूसरा परोहित अश्व गज छत्र चामर सहित पुराने पुरोहित के घर के सामने से चला जा रहा था उसे देखकर पुराने पुरोहित की यशा भार्या रोने लगी तब उस का कपिल पुत्र कहने लगा कि हे माता ! क्यों रोती है ? वह बोली हे पुत्र ! तू नादान होने से तेरे पिता की संपत्ति इस पुरोहित को मिलने से मुझे रुदन हुवा तेरा पिता जीता था तब वह भी ऐसी धूमधाम से निकलता था कपिलने माता से कहा कि ऐसी ऋद्धि मुझ कैसे मिल सके ! माताने कहा कि जब तु विद्याभ्यास करके अच्छा विद्वान होगा तो तुझे ऐसी ऋद्धि प्राप्त हो जावेगी उसने कहा कि मैं विद्याभ्यास करूंगा माताने कहा कि यहां पर कोई भी इस परोहित के डर से तुझे विद्याभ्यास करावेगा नहीं इस लिये तू यहां से श्रावस्ती नगरी जा वहां तेरे पिता का मित्र इन्द्रदत्त ब्राह्मण तुझे पढावेगा माता की ऐसी आज्ञा सुनकर वह कपिल श्रावस्ती नगरी में इन्द्रदत्त ब्राह्मण के पास गया, इन्द्रदत्त

दोग्गइ न गच्छेज्जा ॥ १ ॥ विजहित्तु पुव्वसंजोगं, न सिणेहं कहिंचि कुव्वेज्जा ॥ असिणेह सिणेहकरेहिं दोसपओसेहि मुच्चए भिक्खू ॥ २ ॥ तो नाण दंसण समग्गो, हियनिस्सेसाए सव्व जीवाण ॥ तेसिं वि मोक्खणट्ठाए भासइ मुणिवरो विगय मोहो ॥ ३ ॥ सव्वं गंथं कलहं च, विप्पजहे तहाविहं भिक्खू ॥ सव्वेसु कामजाएसु, पासमाणो न लिप्पइ ताई ॥४॥ भोगामिस दोसविसन्ने, हियनिस्सेय सबुद्धिवोच्चत्थे ॥

में जा सके नहीं ॥ १ ॥ तब कपिल केवली उन चारों को इस प्रकार उपदेश देते हैं—कि अहो चोरों! पूर्व संयोग सो मात पितादि तथा पूर्व का अनादि संयोग-विषय कषायादि का त्याग कर साधु बनो और किसी में किंचिन्मात्र भी स्नेह मत करो इस तरह स्नेह नहीं करने वाला साधु इस लोक व परलोक संबंधि दुःख से मुक्त होता है ॥ २ ॥ इस प्रकार उत्तर देकर ज्ञान दर्शन सहित व मोह रहित कपिल केवली सब जीवों के हित निस्तार के लिये और उन को मिथ्यात्वादिक से मुक्त करने के लिये इस प्रकार उपदेश करने लगे ॥ ३ ॥ बाह्य और आभ्यन्तर यों सब प्रकार के अर्थात् परिग्रह को क्लेश का कारण जानकर छोड़ देना और सब कामभोगों को दुष्ट फल देने वाले जानकर उस में लिप्त होना नहीं ॥ ४ ॥ मोहरूप कीचड़ में खुंता हुवा, आत्मा का हित व मोक्ष मार्ग से विपरीत

अधुवे असासयम्मि, संसारम्मि दुक्खपउराए । किं नाम होज्ज तं कम्मयं, जेणाहं

ऐसो यों विचारते २ ही जाति स्मरण ज्ञान हुवा जिन से पूर्व जन्म से साधुपना पाला जान पुनः साधु होने की इच्छा हुइ सब शासन देवने साधु लिंग दे दिया वह साधु लिंग पहिन कर मस्तक पर के बालोंका लोचकर राजा के पास आया राजान आश्चर्य चकित हो कर कहा कि-क्या सोचा ? साधुने कहा कि-सोचकर सोचा तत्पश्चात् "जहा लाहो तहा लोहो" अर्थात् ज्यों लाभ है त्यों लोभ है इत्यादि धर्मोपदेश दिया राजा प्रतिबोध पाकर श्रावक बना कपिल अनगारोंने वहां से विहार किया और छ महिने पीछे केवल ज्ञान प्राप्त हुवा वहां से राजगृही नगरी आते बीच में अठारह योजन की अटवि को उल्लंघते बलभद्र प्रमुख पांच सो चोरों मिले वे साधु को देखकर कहने लगे कि अहो साधु 'क्या तुम को नृत्य करना आता है' केवली उन को प्रतिबोध देने के लिये बोले कि तुम वादित्र बजाने वा मैं नृत्य करूं केवलीने उन को इस आठवे अध्ययन में कथित गाथा सुनाई बजाने का तान ही मगन से वे गायन में ही मुग्ध हो वैरागी बने और वे पांचसो ही कपिल केवली के शिष्य बनकर देश में विचरने लगे देश में विचरते हुए बहुत उपकार किया और केवली व पांचसो चोर मोक्ष में गये यह कपिल केवली की कथा हुई ॥ ✽ ✽

वैरागी बने हुए बलभद्रादि चोरोंने प्रश्न किया कि पर्याय की अपेक्षा अध्रुव द्रव्यादिक पदार्थ की अपेक्षा अशाश्वत और दुःख से परिपूर्ण ऐसे संसार में ऐसी कौनसी करनी करनी कि जिस से हम दुर्गति

थलाओ ॥ ९ ॥ जगनिस्सिएहिं भूएहिं तसनामेहिं थावरेहिं चेव ॥ नो तेसि मारंभे दडं मणसा वयसा कायसा चेव ॥ १० ॥ सुद्धेसणाओ नच्चाण, तत्थ ठवेज्ज भिक्खू अप्पाण ॥ जायाए घासमेसेज्जा, रसगिद्धे न सिया भिक्खाए ॥ ११ ॥ पंताणिचेव सेवेज्जा, सीयपिंडं पुराण कुम्मासं ॥ अदु वक्कस पुलागंवा जवणट्ठाए निसेवए मथु ॥ १२ ॥ जे लक्खण च सुमिण, अंगविज्ज च जे पउंजति ॥

करता है वह पांच समितिवंत और षट्काया का रक्षक कहाता है और जैसे ऊंचे स्थल से ढलकता हुआ पानी उतर जाता है वैसे ही उस के पाप कर्म दूर होजाते हैं ॥९॥ इस जगत में नामकर्म के उदय से त्रस व स्थावर जीव रहे हैं उन का मन, वचन व काया से समारंभ करे नहीं करावे नहीं अनुमोदे भी नहीं॥१०॥ एषणा शुद्धि जानकर उस में अपने आत्मा को स्थापे याचना करके आहार के ग्रास की गवेषणा कर, परंतु भिक्षा के लिये निकला साधु रस में गृद्ध होवे नहीं ॥ ११ ॥ शरीर का निर्वाह के लिये आहार की जरूर पडती है इस लिये मसाले तथा घृतादि रहित निरस आहार, शीतल ठंडा आहार जूना पुराना धान्य का आहार, मूंग उडद चने आदि के उबाले हुए बाकुले और थोरका कूटा इत्यादि जो मिले उसे भोगवकर शांत भाव से रहे ॥ १२ ॥ स्त्री पुरुष के लक्षण, स्वप्न शास्त्र, अंग स्फुरण वगैरह अष्टांग

सूत्र

बाले य मंदिए मूढे वज्झई मच्छिया व खेलम्मि ॥ ५ ॥ दुपरिच्चया इमे कामा, नो सुजहा अधीरपुरिसेहिं ॥ अहसंति सुव्वया साहू, जेतरंति अतर वणिया वा ॥ ६ ॥ समणा नु एगे वदमाणा, पाणवह मिया अयाणंता ॥ मंदा निरय गच्छंति, बाला पावियाहिं दीट्ठीहिं ॥ ७ ॥ न हु पाणवहं अणुजाणे मुच्चेज्ज कयाइ सव्व दुक्खाण ॥ एवायरिएहिं अक्खायं जेहिं इमा साहुधम्मो पण्णत्तो ॥ ८ ॥ पाणे य नाइवएज्जा, से समिए त्ति वुच्चई ताई ॥ तओ से पावय कम्मं, निज्जाइ उदग व

अर्थ

बुद्धि वाला, धर्म में प्रमादी, मूढ अज्ञानी जैसे मक्षिका श्लेष्म में लीपटाती है वैसे विषय कषाय में लिपटाते हैं ॥ ५ ॥ यह शब्दादि तथा स्त्री आदि संबंधी जो कामभोग हैं उनको छोडना कायर पुरुषों के लिये बडा दुष्कर है परंतु जो धीरवीर पुरुष होते हैं वे ही छोडते हैं दृष्टांत–जिस प्रकार व्यापारी नावा से समुद्र तीरते हैं वैसे ही सुव्रति साधु भी दुस्तर संसार समुद्र तीर जाते हैं, ॥ ६ ॥ कितनेक अन्य दर्शनी हम साधु हैं ऐसा बोलते हुए प्राणिवध करते हैं वे मृग समान अज्ञानी मंदबुद्धि वाले पुरुष एक प्रकार की पाप दृष्टि से नरक में जाते हैं ॥ ७ ॥ प्राणवधादिक पांच आश्रव की जो अनुमोदना करता है वह सब दुःखों से कदापि मुक्त नहीं हो सकता है ऐसा अनाक धर्म व साधु का धर्म श्री तीर्थंकर भगवान ने कहा है ॥ ८ ॥ जो प्राणिवधादिक पांचों आश्रव की अनुमोदना नहीं

सीसु गिज्झेज्जा, गण्डवच्छासु णेगचित्तासु ॥ जाओ पुरिस पलोभित्ता, खेलंति जहा व दासेहिं ॥ १८ ॥ नारीसु नोव गिज्झेज्जा इत्थी विप्पजहे अणगारे ॥ धम्म च पेसल नच्चा, तत्थ ठविज्ज भिक्खू अप्पाण ॥ १९ ॥ इइ एस धम्मे अक्खाए कविलेण च विसुद्ध पन्नेण ॥ तरिहिंति जेउ काहिंति, तेहिं आराहिया दुवे लोग ॥ २० ॥ त्तिबेमि ॥ इति कविलीय अज्झयण सम्मत्तं अट्ठमं ॥ ८ ॥

* * * * *

में फोरे समान दो स्तन है वैसी और जिस का चित्त अनेक पदार्थ में रहा है वैसी राक्षसणी समान स्त्रियों में साधु गृद्ध होवे नहीं क्यों की स्त्रियों पुरुषों को लोभाकर जैसे दास से काम लिया जाता है वैसे ही उस पुरुष से काम कराती हैं ॥ १८ ॥ अणगार-साधु स्त्रियों में गृद्ध होवे नहीं परंतु स्त्री का त्याग कर और ब्रह्मचर्यादिक साधु का उत्तम धर्म जानकर अपना आत्मा को धर्म में स्थापे ॥ १९ ॥ विशुद्ध प्रज्ञावान कपिल केवलीने ऐसा धर्म कहा है इस से जो कोई धर्म करेगा वही इस संसार रूप समुद्र से तीरेगा और दोनों लोक में आराधिक व सुखी होगा ऐसा मैं कहता हूं,॥२०॥ऐसा श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य जम्बू स्वामी से कहते यह हैं आठवा कपिल केवली का अध्ययन संपूर्ण हुआ ॥ ८ ॥

सूत्र

नहुते समणा वुच्चंति एवं आयरिएहिं अक्खायं ॥ १३ ॥ इह जीवियं अणियमेत्ता, पब्भट्ठा समाहि जाएहिं ॥ ते काम भोग रसगिद्धा उववज्जति आसुरेकाए ॥ १४ ॥ तत्तोविय उव्वट्टित्ता, संसारं वहु अणुपरियडति ॥ वहु कम्मलेव लित्ताण बोही होइ सुदुल्लहा तेसिं ॥ १५ ॥ कसिणंपि जो इमं लोयं, पडिपुण्ण दलेज्ज इक्कस्स ॥ तेणावि से न संतूसे, इइ दुप्पूरए इमे आया ॥ १६ ॥ जहा लाहो तहा लोहो, लाहा लोहो पवड्ढई ॥ दोमासकयं कज्जं कोडीए वि न निट्ठियं ॥ १७ ॥ नो रक्ख-

अर्थ

निमित्त तथा गुनहीन पाप सूत्र जो हैं उन की प्ररूपणा जो साधु करते हैं वे साधु नहीं हैं ऐसा श्री तीर्थंकर भगवानने कहा है ॥ १३ ॥ ऐसे साधु इस मनुष्य जन्म में तप संयमादिक से अपना आत्मा को वश नहीं करने से और समाधि योग से भ्रष्ट होने से काम भोग में गृद्ध बने हुए असुर कुमार की जाति में उत्पन्न होते हैं ॥ १४ ॥ वे वहां से निकल कर बहुत संसार में परिभ्रमण करते हैं बहुत कर्मों के लेप से लिप्त बने हुए उन साधु को सम्यक्त्व की प्राप्ति होना दुर्लभ है ॥ १५ ॥ किसी लोभी पुरुष को जो कोई इस लोक का धनादिक से संपूर्ण भरकर देवे तो भी वह लोभी पुरुष इस से संतुष्ट नहीं होता है. अर्थात् लोभ का अन्त कदापि नहीं आता है ॥१६॥ ज्यों ज्यों लाभ मीलता है त्यों २ लोभ बढता ही जाता है लाभ से लाभ की वृद्धि होती है मैं संसार अवस्था में दो मासा सुवर्ण लेने के लिये गया था परंतु करोडों सोनेये लाने का विचार करते हुवे मेरी तृप्ति हुई नहीं ॥ १७ ॥ जिस के वशवर्त्त

सती मदनरेखा का सौंदर्य देखकर विद्याधर उस पर मोहित
था उस में वह सती जा कर पड़ी सतीने विमान पीछा फिराते
हुआ और अपने घर पर उसे रखने के लिये विमान पीछा फिराया विद्याधर ने कहा कि
हुए देखकर प्रश्न किया आप कहां जाते हैं और अब पीछे क्यों फिर गये घर पर छोड कर
मेरे पिता साधु के दर्शनार्थ में जा रहा था, परंतु तेरे जैसी सुंदरी का लाभ होने से तुझे आप वहां
फिर मैं जाऊंगा इस विचार से मैंने विमान फिराया है, सतीने कहा कि आप ऐसा मत करो और
चलेंगे तो आप की कृपासे मुझे भी दर्शन हो जायेंगे, विद्याधरने उसका कथन स्वीकार किया उन के
इच्छित स्थान पर विमान लाया वहां परिषद में मणिचूड मुनिराज विराजमान थे शील की
पास आकर दोनों नमस्कार कर सन्मुख बैठे मुनिने मनःपर्यव ज्ञान से सब वृत्तांत जाना और मदन
महिमा का उपदेश देकर मणिप्रभ विद्याधर को परस्त्री सेवन का प्रत्याख्यान कराया। इस समय करने
रेखाने उस मुनि को अपने पुत्र का वृत्तांत पूछा, तब मुनिने कहा मिथिला नगरीका पद्मरथ राजा वन में क्रीडा जन्म
आया था वह तेरे पुत्र को ले गया है उसने अपनी रानी पुष्पचूला को देकर पुत्रवत् मानकर वहां में
महोत्सव किया है सतीने पुनः प्रश्न किया कि ऐसा संयोग कैसे बना? अर्थात् उन का पूर्व जन्म मणितोरन
क्या संबंध था! मुनिने कहा कि इस जम्बूद्वीप के महा विदेह क्षेत्र के पुष्कलाविजय के राज्य
नगर के अमितयश चक्रवर्ती का पुष्पावती रानी के दो पुत्र पुष्पसिंह व रत्नसिंह थे, उन को सुख
देकर चक्रवर्तीने संयम अंगीकार किया पीछे से दोनों भाइने ८४ लाख पूर्वतक राज्य का

॥ नमिप्रवर्ज्या नामकं नवम मध्ययनम् ॥

आठवे अध्ययन में तृष्णा का त्याग कहा जो तृष्णा का त्याग करते हैं वे इन्द्रादिक को पूज्यनीय होते है इस लिये नववे अध्ययन में नमीराजर्षि का कथन करते हैं जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र के आवंती देश में सुदर्शन नगर में मणिरथ राजा राज्य करता था वह अपने छोटे भाई युगबाहु की स्त्री मदनरेखा का रूप देखकर उस पर मोहित हो गया और अपनी दासी द्वारा भोग के पदार्थ भेजकर अपनी इच्छा दर्शाई मदनरेखा ने दासी के पास से ऐसा सुनकर उस की निर्भर्त्सना कर उसे निकाल दी एकदा युगबाहु अपनी स्त्री सहित वन में क्रीडा करने गया था आधी रात को मणिरथ राजा अचिंत्य जाकर उस पर खड्ग प्रहार कर पीछा भगा, तो मार्ग में उस को सर्प दंश होने से वह मृत्यु पाकर नरक में गया युगबाहु खड्ग प्रहार हुआ देखकर मदनरेखा सती अपने पति पास आई और उन का आयुष्य पास आया जान कर उस को अठारह पाप स्थानक चारों आहार के प्रत्याख्यान कराये और अंतिम श्वासोश्वास तक नवकार मंत्र का शरण सुनाया वह युगबाहु धर्म की श्रद्धा करता हुआ काल के अवसर में काल कर देवलोक में गया इस समय वह मदनरेखा सती सगर्भा थी वह अपना शील का रक्षण के लिये जंगल में चली गई कि जहां उस को पुत्र का प्रसव हुआ उस के हाथ में अपने पति की मुद्रिका डालकर और सुन्दर चीर की झोली में उसे रखकर नवकार मंत्र का शरणा दे कर किसी वृक्ष के नीचे लटका दिया और वह अपने शरीर की शुचि करने के लिये तलाव में स्नान करने गई वहां कोई हाथी आया और अपनी सूंड में सती को पकडकर ऊंची उछाली, वहां मणिप्रभ विद्याधर का विमान जा रहा

कृपा

तत्पश्चात सब मौमिए विना मनाये ही आकर राजा के दास बनगये इस से उस पुत्र का गुण निष्पन्न नाम नमी दिया वह सब कला में प्रवीण हुए पीछे यौवनावस्थामें आते ही एक हजार राजकन्या के साथ पाणि-ग्रहण कराया कुमार को राज्य योग जानकर राज्य देकर पद्मरथ राजाने दीक्षा ग्रहण की एकदा नमी राजा का सुभद्र जाति का श्वेत हस्ती मदान्ध होकर भगा उसे चंद्रयश राजा के सुभटों पकड कर लेगये नमी राजान यह जानकर दूत भेजा चंद्रयशने कहलाया कि नमीराय को राज्य नीति मालूम नहीं है वास्तव में जो वस्तु जिन के हाथ में आवे उस की ही होती है दूतने पीछा वैसा ही कहा इस पर से नमीराय अपनी चतुरंगिनी सेना सहित युद्ध करने आया उस का सामना चंद्रयशने भी किया यह समाचार मदनरेखा आर्या जी ने सुना और उपकार का कारन जानकर गुरुणी जी की आज्ञा लेकर नमीराजाके पास आई नमी राजाने साध्वीको देख नमस्कार किया और आने का प्रयोजन पूछा तब साध्वी जीने कहा कि तेरे ज्येष्ट भ्राताके साथ युद्ध करना उचित नहीं है नमीराजजी से पूछनेपर साध्वीजी ने सब वृत्तांत कह सुनाया इसपर नमीराय भाइ को नमस्कार करने के लिये जाने लगा तब साध्वीजी उसे रोककर चंद्रयश राजा के पास आई राजाने अपनी माता साध्वी को नमस्कार कर पुछा कि आप का गर्भ कहां है! साध्वीजीने नमीराय को बताया यह सुनकर वह आश्चर्य चकित हुआ और परस्पर दोनों भाइ मील गये चंद्रयश अपने छोटे भाइ को राज्य देकर दीक्षा लेकर मोक्ष गये नमीराय दोनें देश का अधिपति हुआ एकदा नमीराय के शरीर में दाहज्वर का रोग हुआ शरीर पर बावना चंदन कालेव

भोगवकर संयम लिया, शुद्ध संयम पाला और आयुष्य पूर्ण कर बारहवे देवलोक में देवता हुए वहां से चवकर धान की खण्ड में हरिषेन वासुदेव की समुद्रदत्तारानी के पुत्रपने हुए वहां सागरदेव व सागरदत्त नाम दिया वहां दोनोंने अग्यारहवे हर सुव्रत तीर्थंकर के पास दीक्षा ली दीक्षा लेने के तीसरे दिन ही विद्युत पात उनपर होने से वे काल कर सातवे महाशुक्र देवलोक में देवता हुए वहां से चवकर एक मिथिला नगरी का पद्मरथ राजा हुवा और दूसरा यह तेरा पुत्र हुवा इस के राज्य में इस के गये पीछे सब शत्रु नमन से तेरे पुत्र का नाम नमिराय देवेंगे अहो सति ! पूर्व जन्म का बधुप्रेम होने से तेरे पुत्र को पद्मरथ राजा ले गया है इस तरह यह कथन चल रहा था इतने में महा दीव्य रूपवाला देव अन्तरीक्ष से वहां आया उसने प्रथम सती को नमस्कार किया फिर मुनि को नमस्कार किया ऐसा देख मणिप्रभ हसने लगा तब मुनिराज बोले कि यह देव इस बाइ का पूर्व जन्म का पति है इसने उस की मृत्यु के अवसर में धर्म की सहायता दी और इस से यह पांचवे देवलोक में देवता हुवा है इसे ज्ञान से यहां देखकर यह यहां आया है और यह उपकार करनेवाली होने से इसे प्रथम नमस्कार किया है अब वह देवता मदनरेखा सती को अपने विमान में बैठाकर ले चला, और कहने लगा कि मणिरथ तो सर्प दंश से मरगया है तेरे बड़े पुत्र चंद्रयश को सुदर्शन नगर का राज्य मिला है अब तू कहे सो करूं सतीने कहा कि-मुझे सुव्रता आर्या जी के पास दीक्षा दीलावो देवता वैसा ही कर स्वर्ग में गया, उधर सतीने जो कुमार को झोली में डालकर लटकाया था वहां पद्मरथ राजा वन में क्रीडा करने आया था वह उसे देखकर अपने महेल में ले गया

बलमोरोहं च परियणं सव्वं ॥ चिच्चा अभिनिक्खतो, एग त महिड्डिओ भयवं ॥४॥ कोलाहल समूय, आ ी माहिलाए पव्वयतम्मि ॥ तइया रायरीसिम्मि, नमिम्मि अभिनिक्खमनम्मि ॥ ५ ॥ अब्भुट्ठिय रायरिसिं, पव्वज्जाठाण मुत्तम ॥ सक्को माहण रूवेणं, इम वयण मब्बवी ॥ ६ ॥ किण्णु भो ! अज्ज महिलाए, कोलाहलग सकुला ॥ सुव्वति दारूणा सद्दा, पासाएसु गिहेसु य ? ॥ ७ ॥ एयमट्ठ निसमिता, हेउ कारण

स्वयं बुद्ध बने ॥३॥ बहुत जनपद सहित मिथिला नगरीका राज्य अश्व, हाथी, रथ सुभटों की चतुरंगिनी सेना व स्त्री पुत्रादि सब परिवार का त्याग कर नमीराय भगवानने अपने घर से निकलकर द्रव्य से एकांत वन में और भाव से राग द्वेष रहित अपना आत्मा को धर्म में स्थापन किया॥४॥ नमीराजर्षीने दीक्षा अंगी कार की इस से मिथिला नगरी व राजा के राज्य महेल कोलाहल भूत हो गये अर्थात् रानियों व नगर के लोगों के रूदन से शोर मच गया ॥ ५ ॥ नमीराजर्षी संयम के अत्युत्तम स्थान में सावधान हुए हैं ऐसा समाचार प्रथम देवलोक के शक्रेन्द्रने जानकर ब्राह्मण का रूप बनाकर नमीराजर्षी के पास आये और इस प्रकार बोले ॥ ६ ॥ अहो नमीराजर्षि ! आज मिथिला नगरी में इतना कोलाहल क्या हो रहा है और प्रासादों में हृदय का भेदन कर वैसा दारुण शब्द क्यों सुनने में आता है ? ॥ ७ ॥

सूत्र

चइऊण देव लोगाओ, उववन्नो माणुसम्मि लोगंमि ॥ उवसंतो मोहणिज्जो, सरई पोराणयं जाय ॥ १ ॥ जाइ सरित्तु भयवं, सहसंबुद्धो अणुत्तरे धम्मे[1]॥ पुत्तं ठवेत्तु रज्जे, अभिणिक्खमइ नमीराया ॥ २ ॥ सो देवलोग सरिसे, अंतेउर वरगओ वरे भोए ॥ मुंजित्तु नमीराया, बुद्धो भोगे परिच्चयइ ॥ ३ ॥ महिलं सपुर जणवय

कथा

करने के लिये रानियों चंदन पीसने लगी उन के हाथ के कंकण के परस्पर संघर्षण होने का शब्द होने से नमरायजी को दुःख होने लगा इस से सब रानियोंने मात्र एक२कंकण हाथ में मंगलार्थ रखा इस से शब्द होना बंध होगया नमीरायजी को इसपर से विचार हुआ कि कि सब जब कंकण साथ थे तब शोर मचरहाथा, अब अकेला कंकण रहने से शोर मीटगया इस प्रकार मैं भी जहांलग इन सब में फसा हुवा हूं यहां लग ही दुःखी हूं सबको छोड अकेला हो जाबू तो सुखी होऊं, ऐसे विचार में निंद्र आगइ स्वप्न में सातवा देवलोक देखकर जाग्रत हुए अब आगे का कथन सूत्र द्वारा कहते हैं—नमीरामजी का दर्शन मोहनीय कर्म का उपशम होने से जाति स्मरण ज्ञान की प्राप्ति हुई जिस से अपना पूर्व जन्म देखा कि मैं सातवे महा शुक्र देवलोक से चवकर यहां मनुष्य लोकमें आया हूं ॥ १ ॥ जातिस्मरण ज्ञान स गुरु के उपदेश विना स्वयं ही वैराग्य प्राप्त कर और अपने पुत्र को राज्यगादी पर बैठाकर घर से निकले अर्थात् दीक्षा अंगीकार की ॥ २ ॥ नमीराजा अपने अन्तःपुर की एक हजार रानियों सहित देवलोक जैसे सुख भोगते हुए विचरते थे उन का त्याग कर के ही स्वय

हीं रमाणमि चेइयंमि मणोरमे ॥दुहिया असरणा अत्ता, एए कंदति भो खगा॥१०॥
एयमट्ठ निसामित्ता, हेऊ कारण चोइआ ॥ तओ नमिरायरिसिं देविंदो इणमब्बवी
॥ ११ ॥ १ ॥ एस अग्गी य वाऊ य एय डज्झइ मंदिर ॥ भयवं अंतेउरतेण, कीस ण

के पक्ष की प्रशंसा की है, इस स हम भी इस का सेवन करते हैं ॥ ४४ ॥ फिर ब्राह्मण बोले—अहो यक्ष के पूज्यनीय संयत ! तुमारे स्नान करन का द्रह कौनसा है, ! संसार से तीरन का पुण्य क्षेत्र तीर्थ कौनसा है ! और किस प्रकार स्नान करके अपना मैल दूर करते हो ! हम इतना अप आप के पास से जानना चाहते हैं सो कृपा करके कहो ॥ ४५ ॥ तब मुनि कहने लगे अहो विप्रो ! अहिंसा धर्म रूप द्रह है ब्रह्मचर्य रूप पुन्यक्षेत्र तीर्थ है मिथ्यात्वादि मेल रहित शुक्लादि लेश्या है, ऐसे धर्म रूप द्रह में स्नान करने से आत्मा कर्म मेल से कलंक रहित शुद्ध होवे इस तरह मैं शीतलीभूत बना हुवा सब कर्म रूप दोष का त्याग करता हूं ॥ ४६ ॥ ऐसा स्नान तत्त्वज्ञानीने कहा है, ऐसा उत्तम स्नान की ऋषीश्वरोंने प्रशंसा की है, ऐसे स्थान में स्नान करने से निर्मल विशुद्ध बनकर जीवों उत्तम मोक्ष स्थान को प्राप्त होते हैं ॥ ४७॥ ऐसा मैं कहता हूं यों श्री सुधर्मास्वामीने अपने शिष्य श्री जम्बूस्वामी से कहा कि जिस प्रकार मैंने सुना है वैसे ही तुझे कहता हूं यह हरिकेशीबल नामक बारहवा अध्ययन संपूर्ण हुआ ॥ १२ ॥

इस के बाद ईम चाणना चंदन के तेल का एक बिंदु संभूति मुनि के चरण में पड़ा इस से शीतलता होने से चक्षु खोलकर उस के सामने देखा उस का रूप देख मोहित होकर नियाना किया कि मेरे इस तप का फल होवे तो मुझे ऐसा ही स्त्री रत्न मीले वहां से दोनों आयुष्य पूर्ण कर सौधर्म देवलोक में देवता हुए वहां आयुष्य का क्षय होने से एक चित्त का जीव पुरिमताल नगर में किसी ईभ्य के वहां पुत्र पने उत्पन्न हुआ, और संभूति का जीव कंपिल पुर नगर में ब्रह्मभूति राजा की चलणी रानी की कुक्षि में चौदह स्वप्न देकर पुत्र पने उत्पन्न हुआ इस का नाम ब्रह्मदत्त दिया ब्रह्मभूत राजा को असाध्य रोग होने से अपने चारों मित्रों को राज्य दिया और कहा कि अब यह ब्रह्मदत्त वय योग्य होवे तो उसे राज्य देना चारों मित्र में से प्रथम दीर्घ राजा राजा की रक्षा करने रहा वह चुलनी रानी से लुब्ध बना अन्तःपुर में आने जाने लगा और एकदा काक व हंसनी का जोड़ा देखकर दीर्घ राजा सन्मुख बोला कि रे काक ! तूने बहुत अयोग्य कार्य किया है, इस से तुझे देहांत दंड दूंगा दीर्घ राजा यह समज गया और चुलनी रानी से जाकर बोला कि तेरा पुत्र अपन को कदाचित् दुःखदायी होगा इस लिये मैं तो मेरे स्थान जाता हूं चुलनी मोह मुग्ध बनकर बोली कि मैं ब्रह्मदत्त को मार डालूंगी आप चिंता मत करो, फिर रानीने एक लक्षागृह बनाया और ब्रह्मदत्त का लग्न करवाकर वहां ही सुलाकर उसे जलाने का निश्चय किया यह बात प्रधान द्वारा उसने जानी और गांव के बाहिर किसी स्थान से एक सुरंग खोदवाकर लाख के महेल में निकाली और प्रधानने अपना पुत्र वरधनु को ब्रह्मदत्त के पास रखा

ब्रह्मदत्त के मोहल में सोने जाने पर चुलनी रानीने महेल को अग्नि लगा दिया तब प्रधान पुत्र उस जाग्रत कर बोला कि सावधान होवो ! महेल चारों तरफ जल रहा है अब क्या करना ! प्रधान पुत्रने कहा कि आप यहां पर लात प्रहार करो कि जहां सुरंग है यहां से अपन सुरक्षित निकल सकेंगे कुमारने वैसे ही किया और सुरंग में से होते हुए दूर निकल गये दीर्घ राजा को इस बात की मालुम होने से उस को मारने के लिये कितने ही प्रयत्न किये परंतु कुछ उपाय चला नहीं देशाटन में ब्रह्म दत्तने अनेक राजपुत्रियों के साथ पाणिग्रहण किया और बहुत राजा की सेना सहित कंपिलपुर आया दीर्घ राजा को मारकर अपना राज्य लिया पीछे से चक्रादि चौदह रत्न की प्राप्ति हुई छे खण्ड राज्य का साधन किया एकदा नाटक देखते देवलोक में देखा हुवा नाटक का स्मरण हुवा यों विचारते वहां जातिस्मरण ज्ञान हुवा अपने पूर्व के पांच भव देखे परंतु पांच भव तक साथ रहनेवाले को इस समय देखा नहीं अब इन की तलाश करने के लिये आधा पद बनाया "गोप दासों मृगोहंसो मयंगामरो यथा" ऐसा पद बोलकर बोला कि इस को जो कोई पूरा करेगा उस को आधा राज्य देऊंगा बहुत लोगोंने श्लोक याद किया प्रत्येक स्थान बोलने लगे उस समय चित्त मुनि अवधिज्ञान से अपने भाइ को जानकर उन से मिलने के लिये, उग्र विहार करते हुवे कांपिल पूर नगर के बाहिर उद्यान में आकर बिराजमान हुवे थ यहां चडस का चलाने वाला वैसे यही आधाश्लोक बोलता हुवा चडस चलाता था सो उस मुनिने सुना और शेष पद पूर्ण करदिया उसराध एगा षष्टयोजातिन्यान्य मान्नि मुक्तयो

मूल

जाइ पराइआ खलु कासि नियाणं तु हत्थिणपुरम्मि ॥ चुलणीए बंभदत्तो, उववन्नो पउम गुम्माओ ॥ १ ॥ कपिल्ले संभूओ चित्तो पुणजाओ पुरिमतालम्मि ॥ सेट्ठिकुलम्मि विसाले, धम्मं सोऊण पव्वइओ ॥ २ ॥ कपिल्लम्मिय नयरे समा

अर्थ

॥ १ ॥ ऐसा उत्तराध सुनकर वह चउस चलान वाला चक्रवर्ती के पास गया और यह सुनाया चक्रवर्ती यह सुन आश्चर्य चकित हुआ कि क्या मेरा भाइ ऐसा ऋषिकार हुआ है यों वह मूर्च्छित हो कर पृथ्वीपर गिरगया तब लोगों उसे पकड कर मारने लगे, वह बोला कि गाँव के बाहिर कोइ साधु है उसने मुझे यह कहा है ऐसा सुन चक्रवर्ती सावधान हुए और चतुरंगिनी सेना सहित साधुजी के दर्शन के लिये निकले, वहां जाकर कहने लगे कि मेरा पूरा श्लोक करने वाले को आधा राज्य देऊंगा ऐसा मेरा नियम है इस तरह आप ने यह श्लोक पूर्ण किया है इस से आप मेरा आधा राज्य लो ऐसा सुन मुनि व राजा को परस्पर जो संवाद हुआ है वह आगे इस अध्ययन में सूत्र द्वारा कहते हैं पूर्व भव में जाति से पराभव पाये हुए हस्तिनापुर नगर के बाहिर संभूति मुनिने नियाना किया वहां से आयुष्य पूर्ण कर प्रथम देवलोक में नलिनीगुल्म विमान में उत्पन्न हुवा और वहां से चवकर संभूति का जीव कपिलपुर नगर में ब्रह्मभूति राजा की चुल्लनी रानी की कुक्षि में ब्रह्मदत्त चक्रवर्तीपने उत्पन्न हुवा और चित्त का जीव पुरिमताल नगर में इभ्यशेठ के यहां पुत्रपने उत्पन्न हुवा वह स्थविरों के पास से धर्म श्रवण कर दीक्षित हुवा ॥ १ ॥ २ ॥ कंपिल्ल पुर नगर के उद्यान में चित्त व स-

गया, धोवि चित्तसभूया ॥ सुहदुक्ख फल विवाग कहति ते इक्कमिक्कस्स ॥ ३ ॥
चक्कवट्टि महिड्ढिओ, बभदत्तो महायसो ॥ भायर बहुमाणेण, इम वयण मब्बवी
॥ ४ ॥ आसिमो भायरा दोवि अन्नमन्न वसाणुगा ॥ अन्नमन्न मणुरत्ता, अन्नमन्न
हितेसिणो ॥ ५ ॥ दासा दसण्णे आसी मिय कालिंजरे नगे ॥ हसा मयगतीरे,
सोवागा कासि भूमिए ॥ ६ ॥ देवाय देवलोगम्मि, आसि अम्हे महिड्ढिया ॥
इमा नो छट्ठिया जाई, अन्नमन्नेण जा विणा ॥ ७ ॥ कम्मा नियाण पयडा, तुमे

संभूत ये दोनों भाइ परस्पर मिले और सुख दुःख के जो फल भोगवे उस का परस्पर वार्तालाप करने लगे ॥ ३ ॥ महा ऋद्धि का धारक बारहवा ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती अपने भाइ से बहुत मान पूर्वक इस प्रकार बोलने लगा ॥ ४ ॥ अहो भ्रात ! पीछे के भव में अपन दोनों भाइ थे अपन दोनों साथ रहते थे, परस्पर दोनों में प्रीति बहुत थी और एक दूसरे का हित इच्छनेवाले थे ॥ ५ ॥ पहिले भव में दशारण देश में अपन दास थे, दूसरे भव में कालिंजर पर्वत में मृग हुए, तीसरे भव में मृतगंगा किनारे पर अपन दोनों हंस हुए और चौथे भव में काशी नगर में चांडाल हुए ॥ ६ ॥ पांचवे भव में देवलोक में महा ऋद्धि के धारक अपन दोनों देव हुए और इस छठे भव में अपन अलग २ हुए ॥ ७ ॥ तब चित्त मुनि कहने लगे—हे राजन् ! सनत्कुमार नामक चौथा चक्रवर्ती की सुनंदा स्त्री रत्न को देखकर भोग

गाहाणुगीया नरसघमज्झे ॥ ज भिक्खुणो सीलगुणोववेया, इह ज्जयंते समणो मि जाओ ॥ १२ ॥ उच्चोयए महु कक्केय बंभे, पवेइया आवसहायरम्मा॥ इम गिह चित्त धणप्पभूय पसाहि पचाल ग/णवेय ॥ १३ ॥ नट्टेहि गीएहि य वाइएहिं, नारीजणाई परिवारयंतो ॥ भुजाहि भोगाइ इमाइ भिक्खू, मम रोयइ पव्वज्जाह दुक्ख ॥ १४ ॥ त पुव्व नेहेण कयाणुराग नराहिव कामगुणेसु गिद्ध ॥ धम्म-स्सिओ तस्स हियाणुपेही, चित्तो इम वयण मुदाहरित्था ॥ १५ ॥ (गाथा)

यति कांति वगैरह बहुत था ॥११॥ अहा राजन् ! एकदा हमारे यहां कोई साधु पधारे उन के दर्शन के लिये गये मनुष्य क समुदाय में वचन थोडा व अर्थ बहुत ऐसी गाथा उन साधुन कही ऐसी गाथा में साधु ज्ञान दर्शन चारित्रादि गुन सहित जिन वचन में उद्यमवन्त होय गृह या ऐसा मैं भी सुनकर वैरागी हो सयति बना ॥ १२ ॥ तब ब्रह्मदत्त बोला–अहो चित्त ! उच्च उदय, मधु कर्क और ब्रह्म इन पांच नाम के अत्यन्त रमणीय देवता के बनाये हुए महेल है उन में रहकर बहुत द्रव्य का व्ययकर बत्तीस प्रकार के नाटक सहित छे राग तीस रागनी मनपचास वादित्र व स्त्रियों के वृन्द से परिवरे हुवे आप पांचाल देश का राज्य करो, यही बात मुझे पसंद है और यह साधुपना तो मुझ दुःखदायी दिखता है ॥ १३ – १४ ॥ पूर्व भव के स्नेह से राग करने वाले व काम भोग में मूर्च्छित ऐसे नराधिप ब्रह्मदत्त को उस का हित

सूत्र

राग विचिंतिया॥तसि फलविवागेण॥ विप्पओग मुवागया॥८॥सच्चसोयप्पगडा कम्मा मए पुराकडा॥ ते अज्ज परिभुंजामो किं तु चित्ते वि स तहा॥९॥ (काव्य) सव्वं सुचिण्णं सफलं नराणं कडाण कम्माण न अत्थि मोक्खो॥ अत्थेहि कम्मेहि य उत्तमेहिं, आया मम पुण्ण फलोववेए॥१०॥ जाणाहि संभूय महाणुभागं, महिड्ढियं पुण्ण फलोववेयं॥ चित्तंपि जाणाहि तहेव रायं, इड्ढी जुइ तस्स वियप्पभूया॥११॥ महत्थरूवा वयणप्पभूया,

अर्थ

भोगने के विचार से तुमने निदान रूप कर्म किया इस से अपन दोनों अलग २ उत्पन्न हुए हैं और वियोगी बने हैं॥८॥ तब ब्रह्मदत्त बोले कि अहो मुने! मैंने गत जन्म में संयमाचरण कर माया रहित सत्यवंत बनकर पवित्र तपादि कर्तव्य किये हैं और इस का फल यह प्रत्यक्ष मुझे मिल रहा है परन्तु मेरे साथ मेरे भ्राता ! तुमने क्रिया की तो उस का फल कहां गया! अर्थात् गत जन्म में भिक्षुक थे और वर्तमान में भी भिक्षुक हो॥९॥ तब चित्त मुनि कहने लगे—हे ब्रह्मदत्त! मनुष्य जो २ पुण्य करते हैं उन का फल उन के अवश्य उदय में आते हैं क्यों कि किये हुए कर्म को भोगवे बिना मोक्ष नहीं है. द्रव्य से तथा शब्दादि काम भोग से मेरा आत्मा भी पुण्य फलवाला है यह तू अवश्य जान॥१०॥ हे संभूति! (पूर्व जन्म के नाम से) जिस प्रकार तू तेरा आत्मा को महात्म्यपना महर्द्धिकपना व पुण्यफल युक्त मानता है वैसे ही हे राजन्! चित्त मुनि को तू जान अर्थात् वे

सो दाणिसि राय महाणुभागो, महिड्ढिओ पुण्णफलोववेओ ॥ चइत्तु भोगाइ असासयाइ आदाणहेउ अभिणिक्खमाहि ॥ २० ॥ इह जीविए राय असासयम्मि, धणियं तु पुण्णाइ अकुव्वमाणो ॥ से सोयइ मच्चुमुहोवणीए धम्म अकाऊण परम्मिलोए ॥ २१ ॥ जहेह सीहो व मियं गहाय, मच्चूनरं नेइ हु अंतकाले ॥ न तस्स माया व पिया व भाया, कालम्मि तम्मसहरा भवंति ॥ २२ ॥ न तस्स दुक्खं विभयंति नाइओ, न मित्तवग्गा न सुया न बंधवा ॥ एक्को सयं पच्चणुहोइ दुक्खं कत्तारमेव अणुजाइ कम्मं ॥ २३ ॥ चेच्चा दुपयं च चउप्पयं च, खेत्तं गिहं

राजन् ! अधुना तू महा महात्म्यवाला, महा ऋद्धिवाला व पुण्यफल सहित है इस से इन अशाश्वत कामभोगों का त्याग कर मोक्ष के हेतु से तू निकल अर्थात् चारित्र अंगीकार कर ॥ २० ॥ हे राजन् ! मनुष्य का जीवितव्य अशाश्वत है, इस मे धर्म अथवा पुण्य नहीं करनेवाला मृत्यु मुख में पडा हुवा अथवा दूसरे लोक में गया हुवा पश्चाताप करेगा ॥ २१ ॥ जैसे सिंह मृग का पकडकर मार डालता है वैसे ही काल मनुष्य को अंत काल में ले जाता है अर्थात् मारता है उस मरण समय पर उस के माता पिता, भ्राता वगैरह कोई भी उस को बचा नहीं सकते हैं ॥ २२ ॥ ज्ञाति, मित्र वर्ग पुत्र व बांधव वगैरह कोई भी दुःख का विभाग नहीं कर सकते हैं परन्तु दुःख का अनुभव करनेवाला जीव अकेला ही है और कर्म करनेवाले के साथ ही कर्म जाते हैं ॥ २३ ॥ मनुष्यादि द्विपद, गवादि चतुष्पद, खुली भूमि

सूत्र

सव्वं विलवियं गीयं, सव्वं नट्टं विडंबणा ॥ सव्वे आभरणा भारा सव्वे कामा दुहावहा ॥ १६ ॥ (कव्या) बालाभिरामेसु दुहावहेसु न तं सुहं कामगुणेसु राय ॥ विरत्त कामाण तवोहणाणं, जं भिक्खुणं सीलगुणे रयाणं ॥ १७ ॥ नरिंद जाई अहमा नराणं, सोवागजाई दुहओ गयाणं ॥ जहिं वयं सव्व जणस्स वेसा, वसीय सोवाग निवेसणेसु ॥ १८ ॥ तीसेय जाईइ उ पावियाए, वुच्छामु सोवाग निवेसणेसु ॥ सव्वस्स लोगस्स दुगंछणिज्जा, इहं तु कम्माइं पुरे कडाइं ॥ १९ ॥

अर्थ

देखकर धर्म में आसक्त चित्त मुनि इस प्रकार बोलने लगे ॥ १५ ॥ हे राजन् ! सब गीत गान विलाप समान है और सब नृत्य विटम्बना समान है सब आभरण भारभूत हैं और सब काम भोग दुःख के दाता हैं ॥ १६ ॥ हे राजन् ! काम भोग से विरक्त बने हुवे तप रूप धनवाले व शील गुन में रक्त साधु को जो सुख मिलता है वह सुख अज्ञानियों को अभिराम परंतु दुःख देनेवाले ऐसे काम भोग में नहीं मिलता है ॥ १७ ॥ अहो नरेन्द्र ! मनुष्य जाति में सब से नीच जाति चांडाल की है वहां अपन दोनों उत्पन्न हुए थे और वहां सब लोक को निन्दनीक व अप्रतीतकारी बने हुए अपन रहते थे ॥ १८ ॥ पाप करने वाले ऐसे चांडाल के घर में रह हुए सब लोगों को निन्दनीय हुए थे अब इस भव में जो उत्तम जाति व ऋद्धि पाये हैं वह पूर्व भव में शुभ कर्म किया उस का (संयम का) ही फल है ॥ १९ ॥ हे

काम भोगेसु गिद्धेणं, नियाणमसुहं कडं ॥ २८ ॥ तस्स मे अपडिकतस्स, इमएयारिस फल ॥ जाणमाणो वि ज धम्म, कामभोगेस मुच्छिओ ॥ २९ ॥ [काव्य] नागो जहा पकजलावसन्नो, दट्ठुथलं नाभिसमेइ तार ॥ एव वय कामगुणेसु गिद्धा, न भिक्खुणो मग्ग मणुव्वयामो ॥ ३० ॥ अच्चेइ कालो तूरन्ति राइओ, न यावि भोगा पुरिसाण निच्चा ॥ उविच्च भोगा पुरिस चयन्ति दुम जहा खीणफलं व पक्खी ॥ ३१ ॥ जइ तंसि भोगे चइउ असत्तो, अज्जाइ कम्माइ करेहि राय ॥

नरपति को देखकर मैने काममोग में गृद्ध बनकर नियाणा किया-असत्त किया ॥ २८ ॥ इस की आलोचना प्रति मण मैने नहीं किया जिस का यह फल मैं भोग रहा हूं और धर्म को जानता हुआ भी काम भोग में मूर्छित हो रहा हूं ॥२९॥ जैसे हाथी पानी व कीचड़ पक तलाव में खुता हुआ किनारा देख सकता है परंतु वहां पर नहीं पहुंच सकता है वैसे ही मैं काममोग में लुब्ध बना हुआ सयम योग को प्राप्त नहीं कर सकता हूं ॥ ३० ॥ तब चित्त मुनि कहने लगे अहो राजन्! रात्रि दिन रूप काल शीघ्र ही चला जाता है और पुरुषों को भोग नित्य नहीं है वे जैसे फल रहित वृक्ष का पक्षी त्याग करते हैं वैसे ही भोग भी पुरुषों को त्याग करते हैं ॥ ३१ ॥ हे राजन्! यदि तूं भोग का त्याग करने में असमर्थ हो तो जीवदयादि आर्य कर्म का आचरण कर गृहवास रूप धम में रहकर

मूल

धण धन्नं च सव्वं ॥ सकम्मबीओ अवसो पयाइ पर भव सुन्दर पावगं वा ॥ २४ ॥ तं एक्कं तुच्छ सरीरगंसे,चिईगय दहिय उ पावगेण ॥ भज्जा य पुत्तावि य नायओय, दायारमन्नं अणुसंकमंति ॥२५॥ उवणि ई जीविय मप्पमायं वण्णं जरा हरइ नरस्स राय ॥ पंचालराया वयणं सुणाहि माकासि कम्माइ महालयाइ ॥ २६ ॥ अहं पि जाणामि जहेह साहू, जं मे तुमं साहसि वक्कमेयं ॥ भोगा इमे संगकरा हवंति, जे दुज्जया अज्जो अम्हारिसेहिं ॥ २७ ॥ हत्थिणपुरंमि चित्ता, दट्ठूण नरवइं महिड्ढियं ॥

अर्थ

केवल इसी प्रकार धन, धान्य इन सबको छोड़कर अपने किये कर्म साथ लेकर प्राणी अच्छे या बुरे कर्म अनुसार अच्छी व बुरी गति में जाता है ॥ २४ ॥ जब जीव रहित शरीर को अग्नि की चिता में डालकर भस्म कर देते हैं तब भार्या पुत्र ज्ञाति वगैरह दूसरा दातार के पीछे जाते हैं अर्थात् एक को छोड़कर दूसरे का सेवन करते हैं ॥ २५ ॥ अहो राजन् ! जैसे आयुष्य निरंतर क्षय होता है वैसे अवधिय मरण करते वैसे मरण से जीव सदैव मरते हैं और वर्णादिक को वृद्धावस्था हरन करती है अहो पांचाल देश के अधिपति ! ऐसे वचन सुनकर महा आरंभ और रौद्र कृत्य का आचरन तू मत कर ॥ २६ ॥ तब ब्रह्मदत्त राजा कहने लगा कि अहो चित्त साधु ! आप मुझे जो उपदेश करते हो वह अच्छी तरह मैं जानता हूं ये भोग मुझे अति बंध करने वाले व अंतराय देने वाले हैं परंतु मेरे जैसे अज्ञानी को यह काम भोग छोड़ना अति दुष्कर है ॥ २७ ॥ अहो चित्त ! हस्तिनापूर नगर में महर्द्धिक,

चित्तो वि कामेहि विरत्तकामो, उदग्ग चारित्त तवो महेसी ॥ अणुत्तरं सजमं पालइत्ता अणुत्तर सिद्धिगइं गओ ॥ ३५ ॥ त्तिबेमि ॥ इति चित्तसभूइज्ज णामतेरसम अज्झयणं सम्मत्तं ॥ १३ ॥ * * * * *

विचारा कि ब्रह्म दत्त ने हम को भ्रष्ट करने के लिये ऐसा किया है इस से इन के वैर का बदला अवश्य लेना ऐसा विचार से उस का वेर लेने के लिए तपास कर रहा था एकदा वह जंगल में गया था वहां उस ब्राह्मणने किसी भिक्षु को कंकर मार वृक्ष के अनेक पत्र का छेद करते देखा उस से उस के पास जाकर ब्राह्मणने कहा की जब ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती बाहिर निकले तब तू इस तरह कंकर मार कर उन की दोनों आंखों तोड डाल उस ने वह स्वीकार किया और वैसे ही ब्रह्मदत्त की आंखों भी फोड डाली इस से राजपुरुषोंने उस भिक्षु को पकडा और मार मारा तब उसने सब ब्राह्मन की वात कह दी इस पर से राजा को बहुत क्रोध हुवा और ब्राह्मणों का संहार करने की आज्ञा दी वैसे ही सदैव पांचसो ब्राह्मणों की आंख अपने पांव नीचे कुचर डालने का निश्चय किया प्रधान समय सूचक था इस से वह आंखों के स्थान गुंदा ला देता था और उन को वह सदैव कुचल डालता था ऐसे अशुभ अध्यवसाय सहित वह काल के अवसर में काल कर सातवी नरक में अप्रतिष्ठान नरकावास में उत्पन्न हुवा और चित्त मुनि काम भोग से विरक्त बन कर उत्तम चारित्र व तप अंगीकार कर महर्षि बनकर व प्रधान संयम पालकर अनुत्तर सिद्ध गति में गये, ॥ ३५ ॥ यह मैं कहता हूं यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहते हैं, इति चित्त व सभूति नामका तेरवा अध्ययन संपूर्ण हुवा ॥ १३॥

सूत्र धम्मीठिओ मव्व पयाणुकम्पी तो होसि देवो इओ विउव्वी ॥ ३२ ॥ न तुज्झ भोगे चइऊण बुद्धि, गिद्धासि आरंभ परिग्गहसु मोह कओ एत्तिउ विप्पलावो गच्छा मिराय आमंतिओसि ॥ ३३ ॥ पंचाल राया वि य बंभदत्तो साधुस्स तस्स वयण अकाउ ॥ अणुत्तरे भुंजिय काम भोगे, अणुत्तरे सो नरए पविट्ठो ॥ ३४ ॥

अर्थ भा स। जीवों की दया करने वाला होगा तो भी यहां से चवकर परलोक में देवता होगा ॥ ३२ ॥ जब राजा को प्रतिबोध लगा नहीं तब मुनि कहने लगे कि हे राजन ! भोग का त्याग करने की तेरी बुद्धि नहीं है और आरंभ परिग्रह में गृद्ध बना हुवा है इस से मैंने मेरी साथ यह जो प्रलाप किया यह मिथ्या किया अब अहो राजन् ! मैं यहां से चलाजाता हूं ॥ ३३ ॥ पांचाल देश का अधिपति ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती चित्तमुनि के वचन का अनादर कर और अनुत्तर काम भोग भोगवकर सातवी नरक के अनुत्तर अप्रतिष्ठान नरकावास में उत्कृष्ट तेतीस सागरोपम की स्थितिपने उत्पन्न हुवा ॥ ३४ ॥ ब्रह्म-दत्त राजाने परदेश में भ्रमण करते किसी ब्राह्मण को राज्य मीलने पर वचन मांगने का कहा था जब ब्रह्मदत्त का राज्य मीला तब वह ब्राह्मण वहां आया और उन के राज्य में प्रति दिन एक घर जीमने का मांगा राजाने पहिले दिन उस ब्राह्मण के आग्रह से अपने वहां अपने खाने का क्षीरादि व भोजन उस ब्राह्मण को व उन के कुटुम्ब को जीमाया परंतु उन का वे पाचन नहीं करसके नहीं और महादुःख पाये तीन चार दिन पीछे शुद्धि में आये तब ब्राह्मणने

चिंता मत करो, तुम को दो पुत्र होंगे परंतु बाल्यावस्था से ही संयम अंगीकार करेंगे, तुम उन को बचपन से ही साधु की संगति करवाकर ज्ञानाभ्यास करवाना यों कह कर दोनों देव स्वस्थान गये कालांतर से उन को पुत्र हुए, तब भृगु परोहितने विचार किया कि इन को साधु का दर्शन मात्र नहीं होने देना चाहिये, जिस से उन को साधुपने का विचार ही आ सकेगा नहीं ऐसा विचार कर एकांत में चोर पल्ली में आकर रहे और पुत्रों को समजाया कि जो पुरुष मुखपर वस्त्र का खन्ड बांधते हैं हाथ में झपरी रखते हैं, नीचे देखकर चलते हैं ऐसा जो होते हैं वे घातक होते हैं वे बालकों को पकड कर लेजाते हैं और मार डालते हैं ऐसा समझाने से वे बालक अज्ञानतासे साधु से दूरही रहने लगे एकदा व दोनों बालक वन में खेलने गये थे उसवक्त कोइ साधु मार्ग भूलने से उस चोर पल्ली में आगये पुरोहितने उन को आहार पानी दिया और कहा कि हमारे पुत्र साधु के द्वेषी हैं वे आप को देखकर परिषह देंगे इसलिये आप यहां रहना नहीं, परंतु आगे पधार कर आहार पानी करना साधुने ऐसा सुन आगे विहार किया इधर दोनों बालक वन में से खेलकर घरकी तरफ आरहे थे, वे साधु को देखकर भयभीत होके वृक्षपर चढगये वे साधु भी उस वृक्ष तले आये और चारों ओर देखा कि यहां कोइ नहीं है इससे उस ही वृक्ष नीचे आहार पानी करने बैठे वहां वस्त्रादिक की प्रति लेखना की यह सब कुमारोंने सूक्ष्म दृष्टि रखकर देखा परंतु उन के पास न तो शस्त्र दृष्टिगत हुए और न मांसादि देखा मात्र आहार देखते हैं वो अपने घर की ही रसोइ मालूम हुई यह देख उन का भय दूर हो गया और ऐसा रूप अपन को पूर्व परिचित है ऐसा

॥ इक्षुकार नामकं चतुर्दश मध्ययनम् ॥

तेरहवे अध्ययन में नियाना करने का फल कहा पन्द्रहवे अध्ययन में नियाना नहीं करनेवाले का फल कहते हैं गत अध्ययन में चार गोपालकने मुनि के पास दीक्षा अंगीकार की थी जिस में से दो साधुने धर्म की दुगंछा की इस से चित्त व संभूति हुए, जिन का कथन तो कहा अब जो दो गोपाल शुद्ध चारित्र पाल रहे थे वे वहां से काल कर देवलोक में गये और देवलोक से चवकर क्षितिप्रतिष्ठ नगर में किसी इभ्य श्रेष्ठि के वहां दोनों पुत्रपने उत्पन्न हुए वहां पर दूसरे चार व्यवहारी के साथ मित्रता हुई और छ ही जनोंने साथ दीक्षा ली उन छ में से चारने माया कपट रहित संयम पाला और दोने माया कपटका सेवन किया वे छ ही काल के अवसर में काल कर सौधर्म देवलोक में नलिनी गुल्म विमान में देवतापने उत्पन्न हुए और दोने माया कपट का सेवन किया था। स वे ही उस ही देवलोक में देवीपने उत्पन्न हुए गोपालक के दो जीव को छोडकर बाकी के चार जीव वहां से चवकर इक्षुकार नगर में एक इक्षुकार राजा हुआ, दूसरा कमलावती रानीपने हुआ तीसरा भृगुपुरोहित हुआ और चौथा भृगु पुरोहित की स्त्री पने हुआ भृगु पुरोहित को पुत्र नहीं होने से अहर्निश चिंता में रहते थे अब इधर देवलोक में रहे हुवे दो देवता का आयुष्य छ मास शेष रह गया तब अवधि ज्ञान से अपने उत्पत्ति स्थान देखा वे दोनों वहां से निकल कर भृगु पुरोहित के पास आकर कहने लगे कि तुम

चिंता मत करो, तुम को दो पुत्र होंगे परंतु बाल्यावस्था से ही संयम अंगीकार करेंगे तुम उन का बचपन से ही साधु की संगति करवाकर ज्ञानाभ्यास करवाना यों कह कर दोनों देव स्वस्थान गये कालांतर से उन को पुत्र हुए तब भृगु पुरोहितने विचार किया कि-इन को साधु का दर्शन मात्र नहीं होने देना चाहिये, जिस से इन को साधुपने का विचार ही आ सकेगे नहीं ऐसा विचार कर एकांत में घोर पल्ली में आकर रहे और पुत्रों को समजाया कि-जो पुरुष मुखपर वस्त्र का खण्ड बंधते है हाथ में चमरी रखते हैं, नीचे देखकर चलते हैं ऐसे जो होते है वे घातक होते हैं वे बालकों को पकड कर लेजाते हैं और मार डालते है ऐसा समजाने से वे बालक अज्ञानतासे साधु से दूर ही रहने लगे एकदा व दोनों बालक वन में खेलने गये थे उस वक्त कोइ साधु मार्ग भूलने से उस घोर पल्ली में आगये पुरोहितने उन को आहार पानी दिया और कहा कि हमारे पुत्र साधु के द्वेषी हैं वे आप को देखकर परिषह देंगे इसलिये आप यहां रहना नहीं,परंतु आगे पधार कर आहार पानी करना साधुने ऐसा सुन आगे विहार किया इधर दोनों बालक वन में से खेलकर घरकी तरफ आरहे थे, वे साधु को देखकर भयभीत होके वृक्षपर चढगये वे साधु भी उस वृक्ष तले आये और चारों ओर देखा कि यहां कोइ नहीं है इससे उस ही वृक्ष नीचे आहार पानी करने बैठे वहां उन्होंने आदिक की भूमि लक्षना की यह सब कुमारोंने नीचे दृष्टि रखकर देखा परंतु उन के पास न तो शस्त्र दृष्टिगत हुए और न मांसादि देखा और आहार देखते हैं तो अपने घर की ही रसोइ मालुम हुई यह देख उन का भय दूर हो गया और ऐसा रूप अपने को पूर्व परिचित है ऐसा

सूत्र

देवा भवित्ताण पुरे भवम्मि, केई चुया एगविमाणवासी ॥ पुरे पुराणे उसुयार नामे, खाए समिद्धे सुरलोगरम्मे ॥ १ ॥ सकम्म सेसेण पुराकएण कुलेसु दग्गेसु य ते पसूया ॥ निव्विण ससार भया जहाय जिणिंदमग्गं सरण पवन्ना ॥ २ ॥ पुमत्तमा गमम्कुमार दोवि पुरोहिओ तस्स जसाय पत्ती ॥ विसालकित्तीय तहे सुयारो, रायत्थ

अर्थ

विचार करने लगे विचार करतेर जातिस्मरण ज्ञान प्राप्त हुवा और अपनापूर्व भव देख कर वैरागी बनकर नीचे उतरे मुनिराज को नमस्कार कर अपना सब वृत्तांत सुनाया और कहा कि-आप इसुकार नगर में ठहरना हम मात पिता की आज्ञा लेकर यहां आवेंगे और दीक्षा लेंगे मुनिने कहा जैसे तुम को सुख होवे वैसा करो दोनों कुमारों यहां से घर आये और मातपिता से संवाद किया चक्र चार और राजा व रानी यों छे ही ने संयम लिया इस का कथन आगे सूत्र द्वारा करते हैं— पीछे के भव में देवता बनकर नलिनीगुल्म विमानवासी कितनेक देवता वहां से चवकर बहुत पुराना व ऋद्धिवंत देवलोक समान रमणीय व दर्शनीय ऐसा इसुकार नगर में उत्पन्न हुए ॥ १ ॥ पूर्व भव में किए हुए धर्म कर्म भोगवने शेष रह जाने से उत्तम कुल में उत्पन्न हुए और संसार के भय से उद्विग्न बने हुए भोगों का छोडकर तीर्थंकर भाषित मार्ग का शरण अंगीकार किया ॥ २ ॥ दो ब्राह्मण के पुत्र, एक पुरोहित, और उस की यशा भार्या ये चार ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए और विस्तीर्ण कीर्ति

देवी कमलावई य ॥ ३ ॥ जाईजरामच्चुभयाभिभूया, बहिं विहारामि निविट्ठ चित्ता ॥ ससारचक्कस्स विमोक्खणट्ठा, दट्ठूण ते कामगुणे विरत्ता ॥ ४ ॥ पिय पुत्तगा दोन्निव माहणस्स, सकम्म सीलस्स पुरोहियस्स ॥ सरित्तु पोराणिय तत्थ जाई तहा, सुचिण्ण तव सजम च ॥ ५ ॥ ते कामभोगेसु असज्जमाणा माणुस्सएसु जे यावि दिव्वा ॥ मोक्खाभिकखी अभिजायसड्ढा, ताय उवागम्म इमं उदाहु ॥ ६ ॥

वाले इसुकार राजा व कमलावती रानी ये दोनों क्षत्रिय कुल में उत्पन्न हुए यों छ जीव इसुकार नगरी में पूर्व पुण्योदय से उत्पन्न हुए ॥ ३ ॥ प्रथम दो पुत्र को कैसे वैराग्य हुवा सो कहते हैं जन्म जरा व मृत्यु के भय से अभिभूत बने हुए व मोक्ष में जिनने चित्त स्थापन किया है वैसे दोनों कुमार साधु को देखकर संसार चक्र से अपने आत्मा को मुक्त करने के लिये काम भोगों से विरक्त हुए ॥ ४ ॥ अपने यज्ञ व्यवहारिक पद् कर्म में सावधान भृगु पुरोहित के दोनों प्रिय पुत्र को जातिस्मरण ज्ञान होने से पूर्व भव में निदान रहित जो तप संजय का आचरण किया था उस का स्मरण हुआ ॥ ५ ॥ वे मनुष्य व देवलोक के कामभोगों में अनासक्त बने हुए, मोक्ष की अभिलाषावाले व तत्त्व की श्रद्धा करने वाले ऐसे दोनों पुत्र पिता के पास आकर,

सूत्र

असासयदट्टु इम विहारं बहुअंतरायं न वीहमाऊ ॥ तम्हा गिहंसि न रई लभामो, आमंतयामो चरिस्समुमोणं ॥ ७ ॥ अह तायगो तत्थ मुणीण तेसिं तवस्स वाघाय करं वयासी ॥ इमं वय वेयविआ वयंति जहा न होई असुयाण लोगो ॥ ८ ॥ अहिज्ज वेए परिविस्स विप्पे पुत्ते परिठ्ठप्पगिहंसि जाया॥भोच्चाणभोए सहइत्थियाहिं, आरण्णगा होह मुणी पसत्था ॥ ९ ॥ सोयग्गिणा आयगुणिंधणेण, मोहाणिला

अर्थ

इस प्रकार कहने लगे ॥ ६ ॥ अहो तात ! यह मनुष्य जन्म अशाश्वत है और इस में भी रोगादिक अनेक प्रकार की अंतराय आती है और आयुष्य भी लम्बा नहीं है इस से हम को घर में रहते किसी प्रकार का आनंद नहीं मिलता है अहो तात ! हम आप को कहते हैं कि-अब हम चारित्र अंगीकार करेंगे ॥ ७ ॥ ऐसा पुत्रों का वचन सुनकर उन भाव मुनियों के तप में व्याघात होवे वैसा वचन पुरोहित कहने लगा जिस को पुत्र नहीं है उस को स्वर्ग की गति नहीं है * ऐसा अपने वेद में कहा है, ॥ ८ ॥ अहो पुत्रों ! वेद का अभ्यास कर ब्राह्मणों को जीमा कर, घर में ज्येष्ठ पुत्र को छोड कर और स्त्रियों के साथ भोगव भोग कर फिर तुम अटवी में रहने वाले प्रशस्त मुनि बनो ॥९॥ यह पुरोहित

* अपुत्रस्य गतिर्नास्ति स्वर्गो नैवच नैवच ॥ तस्मात्पुत्र मुखंदृष्ट्वा पश्चाद्धर्मसमाचरेत् ॥ १ ॥ अर्थात् अपुत्रीय को स्वर्ग नहीं मील सकता है इसलिये पुत्र का मुख देखकर पश्चात् धर्माचरण करना

पज्जलणा हिएण ॥ सतत्तभाव परितप्पमाणं, लालप्पमाणं बहुहा बहु च ॥ १० ॥
पुरोहियं तं कमसो ऽणुणंत, निमतयतं च सुए धणेणं ॥ जहक्कम कामगुणेहि चेव,
कुमारगा ते पसमिक्ख वक्क ॥ ११ ॥ वेया अहीया न भवति ताण,भुत्ता दिया निंति
तमतमेणं ॥ जायाय पुत्ता न हवति ताण, को णाम ते अणुमन्नेज्जएय ॥ १२ ॥
खणमेत्तसोक्खा बहुकालदुक्खा, अनिगामसोक्खा, पगामदुक्खा ॥ ससारमोक्खस्स

आत्मा के रागादिक गुणरूप ईंधन वाली व मोहरूप पवन से प्रज्वलित शोक रूप अग्नि से सर्वथा प्रकार से तप्त बना हुवा व मोहनीय कर्म के वश हो विलाप करता हुआ उक्त प्रकार से अति दीन वचन बोला ॥ १० ॥ अपने दोनों पुत्र को धनादिक से काम भोगों की आमंत्रणा करते हुवे पुरोहित को वे दोनों कुमार इस प्रकार विचार कर बोलने लगे ॥ ११ ॥ अहो तात ! वेदों के अभ्यास करने से जीवों को शरण नहीं होता है ब्राह्मणों को जीमाने से मिथ्यात्व की प्राप्ति होती है वैसे ही पुत्रादिक की प्राप्ति होने से भी त्राण शरण नहीं होता है अर्थात् यह इसलोक व परलोक यों दोनों लोक से मुक्त नहीं कर सकते हैं इस से अहो तात ! हम इस का कैसे स्वीकार करे ? ॥ १२ ॥ अहो तात ! ये काम भोग क्षणमात्र सुख देनेवाले व बहुत काल दुःख देनेवाले हैं इस से इन में सुख तो अल्प है और दुःख बहुत है और भी जीव को मुक्ति में नहीं जाने देने से ये काम भोग अनर्थ की खदान है और प्राप्त काम

सूत्र

असासयदट्ठु इम विहार बहुअंतराय न दीहमाऊ ॥ तम्हा गिहंसि न रई लभामो, आमंतयामो चरिस्सामु मोणं ॥ ७ ॥ अह तायगो तत्थ मुणीण तेसिं, तवस्स वाघाय करं वयासी ॥ इमं वय वेयविआ वयंति, जहा न होई असुयाण लोगो ॥ ८ ॥ अहिज्ज वेए परिविस्स विप्पे, पुत्ते परिट्ठप्प गिहंसि जाया॥भोच्चाण भोए सह इत्थियाहिं, आरण्णगा होह मुणी पसत्था ॥ ९ ॥ सोयग्गिणा आयगुणिंधणेण, मोहाणिला

अर्थ

इस प्रकार कहने लगे ॥ ६ ॥ अहो तात ! यह मनुष्य जन्म अशाश्वत है और इस में भी रोगादिक अनेक प्रकार की अंतराय आती है और आयुष्य भी लम्बा नहीं है इस से हम को घर में रहते किसी प्रकार का आनंद नहीं मिलता है अहो तात ! हम आप को कहते हैं कि-अब हम चारित्र अंगीकार करेंगे ॥ ७ ॥ ऐसा पुत्रों का वचन सुनकर उन भाव मुनियों के तप में व्याघात होवे वैसा वचन पुरोहित बोलने लगा जिस को पुत्र नहीं है उस को स्वर्ग की गति नहीं है * ऐसा अपने वेद में कहा है, ॥ ८ ॥ अहो पुत्रों ! वेद का अभ्यास कर ब्राह्मणों को जीमा कर, घर में ज्येष्ठ पुत्र को छोड कर और स्त्रियों के साथ भोगव भोग कर फिर तुम अटवी में रहने वाले प्रशस्त मुनि बनो ॥ ९ ॥ वह पुरोहित

* मनुष्य गतिर्नास्ति स्वर्गो नैवच नैवच ॥ तस्मात्पुत्र मुखंदृष्ट्वा पश्चाद्धर्मसमाचरेत् ॥ १ ॥ अर्थात् अपुत्रीय को स्वर्ग नहीं मिल सकता है इसलिये पुत्र का मुख देखकर, धर्माचरण करना

पज्जलणा हिएण ॥ सतत्तभाव परितप्पमाणं, लालप्पमाणं बहुहा बहु च ॥ १० ॥ पुरोहिय तं कमसो ऽणुणंतं, निमतयतं च सुए धणेणं ॥ जहक्कम कामगुणेहि चेव, कुमारगा ते पसमिक्ख वक्क ॥ ११ ॥ वेया अहीया न भवति ताण, मुत्ता दिया निति तमतमेण ॥ जायाय पुत्ता न हवति ताण, को णाम ते अणुमन्नेज्जएय ॥ १२ ॥ खणमेत्तसोक्खा बहुकालदुक्खा, अनिगामसोक्खा, पगामदुक्खा ॥ ससारमोक्खस्स

आत्मा के रागादिक गुणरूप ईंधन वाली व मोहरूप पवन से प्रज्वलित शोक रूप अग्नि से सर्वथा प्रकार से तप्त बना हुवा व मोहनीय कर्म के वश हो विलाप करता हुआ उक्त प्रकार से अति दीन वचन बोला ॥ १० ॥ अपने दोनों पुत्र को धनादिक से काम भोगों की आमंत्रणा करते हुवे पुरोहित को वे दोनों कुमार इस प्रकार विचार कर बोलने लगे ॥ ११ ॥ अहो तात ! वेदों के अभ्यास करने से जीवों को शरण नहीं होता है ब्राह्मणों को जीमाने से मिथ्यात्व की प्राप्ति होती है वैसे ही पुत्रादिक की प्राप्ति होने से भी प्राण शरण नहीं होता है अर्थात् यह इसलोक व परलोक यों दोनों लोक से मुक्त नहीं कर सकते हैं इस से अहो तात ! हम इस का कैसे स्वीकार करे ? ॥ १२ ॥ अहो तात ! ये काम भोग क्षणमात्र सुख देनेवाले व बहुत काल दुःख देनेवाले हैं इस से इन में सुख तो अल्प है और दुःख बहुत है और भी जीव को मुक्ति में नहीं जाने देने से ये काम भोग अनर्थ की खदान है और मात्र काम

सूत्र

त्रिपक्खभूया, खाणी अणत्थाण हु कामभोगा ॥ १३ ॥ परिव्वयंते अनियत्तकामे, अहो य राओ परितप्पमाणे ॥ अन्नप्पमत्ते,धणमेसमाणे पप्पोत्तिमच्चुं पुरिसे जरं च ॥ १४ ॥ इमं च मे अत्थि इमं च नत्थि, इमं च मे किच्च इमं अकिच्चं ॥ त एवमेवं लालप्पमाणं, हराहरंति त्ति कहं पमाए ॥ १५ ॥ धणं पभूयं सहइत्थियाहिं, सयणा तहा कामगुणा पगामा । तवं कए तप्पइ जस्स लोगो तं सव्व साहीण मिहेव तुब्भं ॥ १६ ॥ धणेण किं धम्मधुराहिगारे सयणेणवा कामगु

अर्थ

भोगों से नहीं निवर्तनेवाला अहोरात्रि परिताप सहन करता घबराता हुवा इधर उधर भटकता ही रहता है स्वजनादिक में आसक्त बना हुवा व धन की गवेषणा करने वाला पुरुष मृत्यु व जरा को प्राप्त होता है ॥ १४ ॥ अहो पिताजी ! इस जगत में तृष्णा से पीडित हुए जीवों यही लालपाल करते हैं कि—यह सुवर्णादि मेरे हैं परंतु रत्नादि नहीं है यह गृह वगैरह मैंने कराये हैं परंतु महेल वगैरह नहीं कराये हैं ऐसे करनेवाले का आयुष्य रात्रि दिन रूप चार हरण करके उसे परलोक में ले जाता है तो ऐसा जानकर क्या धर्म में प्रमाद करना उचित है ! अर्थात प्रमाद नहीं करना ॥ १५ ॥ तब भृगु पुरोहित कहने लगा अहो पुत्र ! लोक जिस की प्राप्ति के लिये तप करते हैं वह सब तुम को यहां पर ही मील गया है जैसे कि तुम को बहुत धन है स्त्रियों भी हैं बांधव प्रमुख स्वजन भी हैं और यथेच्छ कामभोगों भी है ॥ १६ ॥ तब पुत्र बोलने लगे कि अहो तात ! जैसे बैल के स्कंध पर धुरा रखने से वह भार का वहन कर सकता है वैसे ही धर्म रूप भार वहन करने में धन, स्वजन अथवा काम भोग

णेहिन्चेव ॥ समणा भविस्सामु गुणोहधारी, बहिं विहारा अभिगम्मभिक्ख ॥ १७ ॥
जहा य अग्गी अरणी असंतो, खीरे घय तेल्लमहा तिलेसु॥ एमेव ताया सरीरंसि सत्ता,
समुच्छई नासइ नावचिट्ठे ॥ १८ ॥ नोइंदिय गेज्झ अमुत्तभावा अमुत्तभावावि य
होइ निच्चो ॥ अज्झत्थहेउ निययस्स बंधो संसारहेउंच वयंतिबंध ॥ १९ ॥ जहा
वयं धम्ममजाणमाणा, पावंपुरा कम्ममकासिमोहा ॥ ओरुब्भमाणा परिरक्खयंता,

से क्या होता है ? इस से अप्रतिबंध विहारी बनकर भीक्षा से आजीविका करने वाले हम श्रमण
बनेंगे ॥ १७ ॥ अब पिता परलोक की नास्ति रूप कथन करने लगा अहो पुत्र ! जैसे अरणी में
अविद्यमान अग्नि उत्पन्न होती है जैसे दूध में अविद्यमान घृत उत्पन्न होता है और जैसे तिल में
अविद्यमान तेल उत्पन्न होता है वैसे ही स्त्री पुरुष के संयोग से पांच भूत मील कर अविद्यमान जीव
उत्पन्न होता है और इस शरीर का नाश होने से जीव का भी नाश हो जाता है ॥ १८ ॥ तब पुत्र इस
का उत्तर देने लगे—जीव आत्मा अरूपी होने से इन्द्रियों का ग्राह्य नहीं है यह अमूर्त व शाश्वत है
यह आत्मा मिथ्यात्वादि हेतु से बंधाता है और उन कर्मों के फल को भोगने के लिये चतुर्गति रूप
संसार में परिभ्रमण करता है ॥ १९ ॥ जिस प्रकार हम इतने दिन धर्म के अनजान होने से तुम्हारे
बंधन में बंधा रहे थे, तुमने हम को रोक रखे थे और अब तक हम जो पाप कर्म कर रहे थे उन पाप

सूत्र

तं नेवमुज्जोविसमायरामो ॥ २० ॥ (गाथा) अब्भाहयमि लोगमि, सव्वओ परिवारिए ॥ अमोहाहिं पडंतीहिं गिहासि न रइंल्मे ॥ २१ ॥ केण अब्भाहओ लोगो केण वा परिवारिओ ॥ का वा अमोहावुत्ता जायाचिंतावरो हुमे ॥ २२ ॥ मच्चु णाऽब्भहओ लोगो, जराए परिवारिओ ॥ अमोहा रयणी वुत्ता एवं ताय विजाणह ॥ २३ ॥ जा जा वच्चइ रयणी न सा पडिनियत्तई ॥ अहम्मकुणमाणस्स, अफला जति राईओ ॥ २४ ॥ जा जा वच्चइ रयणी, न सा पडिनियत्तई ॥ धम्म

अर्थ

रों का अब हम आचरण नहीं करेंगे ॥२०॥ यह मनुष्य लोक पीडित हो रहा है यह लोक चारों ओर घेराया हुवा है और इस में अमोघधारा वाली शस्त्र की वृष्टि हो रही है, ऐसे लोक में रहने से हमे आनंद नहीं मीलता है ॥ २१ ॥ अब पिता कहने लगा कि अहो पुत्र ! किस से लोक पीडित हो रहा है, किस से लोक घेराया हुवा है कौनसे शस्त्र की धारा अमोघ पडरही है ? अहो पुत्र ! मैं चिंतातुर हूं, इस लिये मुझे कहो ॥ २२ ॥ तब पुत्र कहने लगे कि मृत्यु से लोक पीडित हो रहा है और जरा [वृद्धावस्था] से घेराया हुवा है, रात्रि दिन रूप तीक्ष्ण शस्त्र की अमोघ धारा पडरही है अहो तात ! ऐसे तुम जानो ॥ २३ ॥ जो रात्रि दिन जाते हैं वे पीछे नहीं आते हैं इस से अधर्म करने वाले के रात्रि दिन विफल जाते हैं ॥ २४ ॥ जो जो रात्रि दिन जाते हैं वे पीछे नहीं आते हैं इस से धर्म करने वाले

च कुणमाणस्स, सफलाजाति राइओ ॥ २५ ॥ एगओ संवसित्ताण, दुहओ सम्मत्त सजुया ॥ पच्छा जाया गमिस्सामो भिक्खमाणा कुले कुले ॥ २६ ॥ जस्सत्थि मच्चुणा सक्खं जस्स अत्थि पलायण ॥ जो जाणइ न मरिस्सामि, सो हु कखे सुए सिया ॥२७॥ (काव्य) अज्जेव धम्म पडिवज्जयामो जहिं पवन्ना न पुणब्भवामो अणागयं नेव य अत्थिकिंची, सद्धाखम णे विणइत्तु राग ॥ २८ ॥ पहीणपुत्तस्स हु

के रात्रि दिन सफल जाते हैं ॥ २५ ॥ तब पिता कहने लगा कि–अधुना तुम हम सब सम्यक्त्व सहित देशवृत्ति पना अंगीकार कर गृहवास में रहें और वृद्धावस्था प्राप्त होने पर संयम अंगीकार करके प्रत्येक कुल में भिक्षा की याचना करते हुए विचरेंगे ॥ २६ ॥ तब पुत्र कहने लगे अहो तात ! जिस को मृत्यु के साथ मित्राचारी है, जो मृत्यु आनेपर भग सकता होवे और जो जानता होवे कि मैं मरूंगा ही नहीं वही भविष्य काल में मैं धर्म करूंगा ऐसा करसके ॥ २७ ॥ इस लिये अहो पिताजी ! हमारी मृत्यु से न तो मीति है, न भगने की शक्ति है और न हम अमर हैं जो विषय सुख पहिले नहीं पाया होवे तो उन से प्रेम करे, परंतु विषय सुख हम को पहिले अनंती वार मील चुके हैं इस से हमारा कुच्छ भी कल्याण हुआ नहीं इस से इन को छोडकर जिस धर्म को अंगीकार करने से पुनर्भव होवे नहीं वैसा धर्म हम आज ही अंगीकार करेंगे ॥ २८ ॥ पुत्रों को इस प्रकार विरक्त बने हुए जानकर वैरागी

सूत्र

नत्थि वासो वासिट्ठि भिक्खायरियाइ कालो ॥ सहाहि रूक्खो लहइ समाहिं, छिन्नाहि साहाहि तमेवखाणुं ॥ २९ ॥ पखा विहुणो जहेव पक्खी भिच्चविहीणोव्व रणे नरिंदो ॥ विवन्नसारो वणिओव्व पोए, पहीण पुत्तो मि तया अहंपि ॥ ३० ॥ सुसंभिया कामगुणा इमेते सपिण्डिया अग्गरस प्पभूया॥भुंजामु ता कामगुणप्पगामं पच्छागमिस्सामु पहाणमग्गं ॥ ३१ ॥ भुत्तारसा भोइजहाइ णे वओ, नजीवियट्ठा पजहामि भोए, ॥

अर्थ

बना हुआ पुरोहित अपनी स्त्री से कहने लगा—हे वाशिष्टे ! (वशिष्ठ गोत्र धारन करने वाली) मुझे व्रत ग्रहण कर भिक्षा वृत्ति करने का समय वर्तता है, क्योंकि शाखा प्रतिशाखा से वृक्ष सुशोभित दीखता है और शाखा न होनेसे ठूंठ दीखता है, वैसे ही पुत्र रहित मुझे गृह वास मे रहना उचित नहीं है ॥ २९ ॥ जैसे पंख बिना पक्षी सुशोभित नहीं दीखता है संग्राम के अग्र में रहा हुआ राजा सेवक बिना भिखारी बना हुआ नहीं शोभता है और द्रव्य बिना का व्यापारी जहाजों मे नहीं शोभता है वैसे ही मैं भी पुत्र बिना गृहवास में रहा चिंताग्रस्त होने से नहीं शोभता हूं ॥ ३० ॥ तब पुरोहित की स्त्री कहने लगी—(पुत्र जाते होवे तो जाने दो परंतु) हमने यह कामभोग भोगवने योग्य शयनासन वस्त्र भूषणादि का संग्रह कर हम भगा रखे हैं वैसे ही विविध प्रकार के पक्वान्न रसवती पाक, आदि का संग्रह किया है इस को अपन अच्छी तरह भोगव कर फिर भव भुक्त भोगी बनेंगे और वृद्धावस्था प्राप्त होगी तब अपन दोनों दीक्षा रूप प्रधान मार्ग अंगीकार करेंगे ॥ ३१ ॥ तब पुरोहित

[illegible] अकामं न सुहं न दुक्खं [illegible] ॥ ३२ ॥ मा हु तुमं सोयरियाण संभरे जुण्णो व हंसो पडिसोयगामी ॥ भुंजाहि भोगाइ मए समाणं

लाभं अलाभं च सुहं च दुक्खं,संचिक्खमाणो चारिस्सामिमाण ॥३२॥ मा हु तुम
सोयरियाण समरे, जुण्णो व हसो पडिसोगाउमी ॥ भुजाहि भोगाइ मए समाण,
दुक्ख सुभिक्खायरिया विहारो ॥ ३३ ॥ जहा य भोई तणुय भुयगो निम्मोयणिं
हिच पलेइ मुत्तो, एमेव जाया पयहातिभोए, तेह कह नाणुगमिस्समेक्को ॥ ३४ ॥
छिंदित्तु जाल अबल वरोहिया मच्छा जहा कामगुण पहाय ॥ धोरेय सीला तवसा

बोला—अहो भद्रे ! जिस वय में भोग भोगते हैं वह अवस्था अब चली जाती है मैं असंयम रूप जीवितव्य के लिये इन भोगों का त्याग नहीं करता हूं परंतु संयम पालने के लिये इन भोगों का त्याग कर लाभ अलाभ, सुख अथवा दुःख जो होवे उन में समान भाव रखता हुवा संयमाचरण करूंगा ॥३२॥ तब यशा भार्या बोली जैसे वृद्ध हंस प्रतिश्रोत [नदी के पूर सन्मुख] में चलता हुवा बड़ा दुःखी हो कर बड़ा पश्चाताप करता है वैसे ही तुम दीक्षा लेकर शोक करोगे कि मैंने दीक्षा वृथा अंगीकार की इस से तुम मेरे साथ भोग भोगवों क्यों की अप्रतिबंध विहार रूप भिक्षा चर्या का व्रत अति कठिन है ॥ ३३ ॥ तब पुरोहित कहने लगा—जैसे सर्प अपने शरीर पर की कांचली का त्याग कर चला जाता है वैसे ही अपने दोनों पुत्र सब भोगों का त्याग कर जाते हैं तो मैं अकेला उन के अनुगामी क्यों नहीं होऊं ॥ ३४ ॥ जैसे रोहित जाति वाला मत्स्य अपनी तीक्ष्ण पूछ से जीर्ण

सूत्र

उदारा, धीरा हु भिक्खायरिय चरति ॥ ३५ ॥ नहेव कुंचा समइक्कमता, तयाणि जालाणि दलित्तु हसा ॥ पलेंति पुत्ता पईय मज्झ ते ह कह नाणुगमिस्स मेक्का ॥ ३६ ॥ पुरोहिय त ससुय सदार, ॥ सोच्चाऽभिनिक्खम्म पहाय भोए ॥ कुडुम्ब सार विउलुत्तम च, राय अभिक्ख समुवाय देवी ॥ ३७ ॥ (गाथा) वतासी

अर्थ

जाल तोडकर चला जाता है वैसे ही ये दोनों पुत्र मोह रूपी जाल का छेदन कर जाते हैं और योगी जैसे समान तप संयम रूप महा भार उठाने में प्रवर्तते हैं तो क्या मैं इन के जितनी भी दृढता नहीं कर सकूंगा ! अर्थात् मैं भी व्रत अंगीकार करूंगा ॥ ३८ ॥ अब यशा भार्या भी वैरागीनी बन विचारने लगी जैसे क्रौंच पक्षीयों व हंस पक्षियों जालको छोडकर आकाश में विचरते है और बहुत देशोंका उल्लंघन करते हैं वैसे ही मेरे दोनों पुत्र व पति मोह माया रूप जाल का छेदन कर देशांतर में विचरने वाले बने हैं तो मुझ अकेली को घर में रहकर क्या करना है! मुझे उन के साथ ही जाना उचित है ॥३६॥ पुत्र के पास से धर्म सुनकर पुरोहित उन के दो पुत्र व पुरोहित की भार्या यह चारों भोगों को छोडकर कर दीक्षा अंगीकार करते हैं और इन का धन इक्षुकार राजा अपने राज्य भंडार में लाता है ऐसा सुनकर कमलावती रानी राजा के पास आकर कहने लगी ॥ ३७ ॥ अहो राजन् ! जो पुरुष

पुरिसो राय, नसो होइ पसंसिओ ॥ माहणेण परिच्चत्त, धण आदाउ मिच्छासि ॥ ३८ ॥ सव्व जग जइ तुम्ह सव्व चावि धण भवे ॥ सव्व पि ते अपज्जत्त, नेव ताणाय त तव ॥ ३९ ॥ मारिहासि राय जया तयावा मणोरमे कामगुणे पहाय ॥ एक्को हु धम्मो नर देवताण, नाविज्जई अन्नमि हेह किंचि ॥ ४० ॥ (काव्य) नाह रमे पक्खिणि पजरेवा, सताण छिन्ना चरिस्सामि मोण ॥ अकिंचणा उज्जुकडा निरामिसा परिग्ग

वमन किया हुआ आहार ग्रहण करे वह प्रशंसनीय होवे नहीं ऐसे ही आप ब्राह्मण के त्यागे हुवे धन की इच्छा करते हैं सो आप को उचित नहीं है ॥ ३८ ॥ कदाचित जगत का सब द्रव्य तुम को मील जाय तो भी धनादिक से तुमारी तृष्णा पूर्ण होसकती नहीं है ऐसे ही हे राजन् ! उक्त धनादि तुम को मृत्यु से बचाने समर्थ नहीं है ॥ ३९ ॥ अहो राजन् ! इन मनोहर काम भोगों का त्याग कर किसी समय भी तुम मर जावोगे इस समय अहो नरदेव ! धर्म सिवाय अन्य कुच्छ भी तुम को शरण भूत नहीं होगा ॥ ४० ॥ (तब राजा बोला कि जब तुझे इतना ज्ञान है तो इस राज्य में क्यों बैठी है, तब रानी बोली) हे राजन् ! जैसे पींजरे में पूराइ हुई पक्षिनी आनद नहीं मानती है, वैसे ही मैं भी तेरे राज्य में रही हुई आनद नहीं मानती हूं अब मैं आरंभ परिग्रह का त्याग कर सरल कृत्य करने वाली, विषय कषाय रूप मांस रहित, किसी वस्तु की इच्छा नहीं करती हुइ स्नेह रूप तांत

सूत्र

उदारा, धीरा हु भिक्खायरियं चरंति ॥ ३५ ॥ नहेव कुंचा समइक्कमंता, तयाणि जालाणि दलित्तु हंसा ॥ पलेंति पुत्ता पईय मज्झ, ते हं कहं नाणुगमिस्स मेक्का ॥ ३६ ॥ पुरोहियं तं ससुयं सदारं, ॥ सोच्चाऽभिनिक्खम्म पहाय भोए ॥ कुडुम सारं विउलुत्तम च, रायं अभिक्ख समुवाय देवी ॥ ३७ ॥ (गाथा) वतासी

अर्थ

जाल तोडकर चला जाता है वैसे ही ये दोनों पुत्र मोह रूपी जाल का छेदन कर जाते हैं और धोरी बैलके समान तप संयम रूप महा भार उठाने में प्रवर्तते हैं तो क्या मैं इन के जितनी भी दृढता नहीं कर सकूंगा ! अर्थात् मैं भी व्रत अंगीकार करूंगा ॥ ३५ ॥ अब यशा भार्या भी वैरागीनी बन विचारने लगी जैसे क्रौंच पक्षीयों व हंस पक्षियों जालको तोडकर आकाश में विचरते हैं और बहुत देशोंका उल्लंघन करते हैं वैसे ही मेरे दोनों पुत्र व पति मोह माया रूप जाल का छेदन कर देशांतर में विचरने वाले बनते हैं तो मुझे अकेली को घर में रहकर क्या करना है! मुझे उन के साथ ही जाना उचित है ॥३६॥ पुत्र के पास से धर्म सुनकर पुरोहित उन के दो पुत्र व पुरोहित की भार्या यह चारों भोगों को छोडकर कर दीक्षा अंगीकार करते हैं और इन का धन इक्षुकार राजा अपने राज्य भंडार में लाता है ऐसा सुनकर कमलावती रानी राजा के पास आकर कहने लगी ॥ ३७ ॥ अहो राजन् ! जो पुरुष

पुरिसो राय, नसो होइ पससिओ ॥ माहणेण परिच्चत्त, धण आदाउ मिच्छासि ॥ ३८ ॥ सव्व जग जइ तुह सव्व चावि धण भवे ॥ सव्व पि ते अपज्जत्त, नेव ताणाय त तव ॥ ३९ ॥ मारीहासि रायं जया तयावा मणोरम कामगुणे पहाय ॥ एक्को हु धम्मो नर देवताण, नाविज्जई अन्नमि हेह किंचि ॥ ४० ॥ (काव्य) नाह रमे पक्खिणि पजरेवा, सताण छिन्ना चरिस्सामि मोण ॥ अकिंचणा उज्जुकडा निरामिसा, परिग्ग

रमन किया हुआ आहार ग्रहण करे वह प्रशंसनीय होवे नहीं ऐसे ही आप ब्राह्मण के त्यागे हुवे धन की इच्छा करते हैं सो आप को उचित नहीं है ॥ ३८ ॥ कदाचित जगत का सब द्रव्य तुम को मील जाय तो भी धनादिक से तुमारी तृष्णा पूर्ण होसकती नहीं है ऐसे ही हे राजन् ! उक्त धनादि तुम को दुःख से बचाने समर्थ नहीं है ॥ ३९ ॥ अहो राजन् ! इन मनोहर काम भोगों का त्याग कर किसी समय भी तुम मर जावोगे इस समय अहो नरदेव ! धर्म सिवाय अन्य कुच्छ भी तुम को शरण भूत नहीं होगा ॥ ४० ॥ (तब राजा बोला कि जब तुझे इतना ज्ञान है तो इस राज्य में क्यों बैठी है, तब रानी बोली) हे राजन् ! जैसे पींजरे में पूराइ हुई पक्षिनी आनद नहीं मानती है, वैसे ही मैं भी तेरे राज्य में रही हुई आनद नहीं मानती हूं अब मैं आरंभ परिग्रह का त्याग कर सरल कृत्य करने वाली, विषय कषाय रूप मांस रहित, किसी वस्तु की इच्छा नहीं करती हुई स्नेह रूप तांत

सूत्र

उदारा, धीरा हु भिक्खायरियं चरंति ॥ ३५ ॥ नहेव कुंचा समइक्कमंता, तयाणि जालाणि दलित्तु हंसा ॥ पलेंति पुत्ता पईय मज्झं ते हं कहं नाणुगमिस्स मेक्का ॥ ३६ ॥ पुरोहियं तं ससुयं सदारं, ॥ सोच्चाऽभिनिक्खम्म पहाय भोए ॥ कुडुंब सारं विउलुत्तमं च, रायं अभिक्खं समुवाय देवी ॥ ३७ ॥ (गाथा) वतासी

अर्थ

जाल तोडकर चला जाता है वैसे ही ये दोनों पुत्र मोह रूपी जाल का छेदन कर जाते हैं और धोरी वैलके समान तप संयम रूप महा भार उठाने में प्रवर्तते हैं तो क्या मैं इन के जितनी भी दृढता नहीं कर सकूंगा ? अर्थात् मैं भी व्रत अंगीकार करूंगा ॥ ३५ ॥ अब यशा भार्या भी वैरागीनी बन विचारने लगी जैसे क्रौंच पक्षीयों व हंस पक्षियों जालको तोडकर आकाश में विचरते हैं और बहुत देशोंका उल्लंघन करते हैं वैसे ही मेरे दोनों पुत्र व पति मोह माया रूप जाल का छेदन कर देशांतर में विचरने वाले बनते हैं तो मुझे अकेली को घर में रहकर क्या करना है ! मुझे उन के साथ ही जाना उचित है ॥३६॥ पुत्र के पास से धर्म सुनकर पुरोहित उन के दो पुत्र व पुरोहित की भार्या यह चारों भोगों को छोडकर कर दीक्षा अंगीकार करते हैं और इन का धन इक्षुकार राजा अपने राज्य भंडार में लाता है ऐसा सुनकर कमलावती रानी राजा के पास आकर कहने लगी ॥ ३७ ॥ अहो राजन् ! जो पुरुष

निरामिसा ॥ ४६ ॥ गिद्धोवमे उ नच्चाणं, कामे ससार वड्ढणे ॥ उरगो सुवण्ण पासव्व सकमाणो तणुचरे ॥ ४७ ॥ नागोव्व बधण छित्ता अप्पणो वसहिं वए ॥ एय पच्छ महाराय, उसुयारि त्ति मे सुय ॥ ४८ ॥ चइत्ता विउल रज्जं, कामभोगे य दुच्चए, निव्विसया निरामिसा, निन्नेहा निप्परिग्गहा ॥ ४९ ॥ सम्मं धम्म वियाणित्ता, चच्चाकामगुणे वरे ॥ तव पगिज्झहक्खाय, घोर घोरपरक्कम्मा ॥ ५० ॥ एव

रहित पक्षि को कोई दुःखी नहीं करता है वैसे ही विषय कषाय रूप मांस को छोडकर अपन विचरेंगे ॥ ४६ ॥ इन गीध पक्षी के दृष्टांत से कामभोगों को ससार की वृद्धि करनेवाले जानकर जैसे सर्प गरुड पक्षी से डरता हुआ चलता है तैसे ही अपन भी पाप से डरते हुए चलेंगे ॥ ४७ ॥ अहो इषुकार राजन्! मैंने सुना है कि जैसे हस्ती अपना बंधन तोडकर विंध्याचल अटवी में जाकर स्वतंत्रता पूर्वक गमन करता है वैसे ही धीर पुरुष मोह रूप शृंखला को तोडकर मोक्ष रूप विंध्याचल अटवि में सुख पूर्वक विचरते हैं अहो राजन्! ऐसा तुम भी करो ॥ ४८ ॥ कमलावती रानी के ऐसे वचन सुनकर इषुकार राजा प्रतिबोध पाया और राज्य व बहुत कठिनता से त्याग सके ऐसे काम भोगों का त्याग कर विषयवासना, धन रूप आमिष, स्नेह व परिग्रह रहित बने ॥ ४९ ॥ घोर पराक्रम करने वाले उक्त छे ही पुरुषोंने धर्म जानकर, व श्रेष्ठ काम भोगों का त्याग कर तप व घोर

सूत्र

हाग्म नियत्त दोसा॥ ४१ ॥ (गाथा) दवग्गिणा जहा रण्णे डज्झमाणेसु जतुसु॥ अन्ने सत्ता पमोयति, रागद्दोस वसगया ॥ ४२ ॥ एवमेव वय मूढा, काम भोगेसु मुच्छिया ॥ डज्झमाग न बुज्झामो, रागदोसग्गिणा जग ॥ ४३ ॥ भोगे भेचा वमित्ताय लहु भू विह रिणो॥ आमोयमाणा गच्छति, दिया कामकमा इव ॥ ४४ ॥ इमे य बद्धा फदंति मम हत्थज मागया वयच सत्ता कामेसु, भविस्सामो जहा इमे॥ ४५ ॥ सामिस कुल्लं दिस्स बज्झमाण निरामिसं ॥ आमिसं सव्व मुज्झित्ता, विहरिस्सामो

अर्थ

छेदन कर संयम अंगीकार करूंगी ॥ ४१ ॥ जिस प्रकार अटवि मे दवाग्नि से जलते हुए जतुओं देखकर उस से दूर रहे हुवे अन्य जीव राग द्वेष होने से आनंदित होते हैं; वैसेही काम भोग में गृद्ध बने हुए अपन मूढ राग द्वेष रूप अग्नि से जलता हुआ जगत को नहीं जानते हैं और प्रतिबंध में बन्धा रहे हैं ॥ ४२ ४३ ॥ परंतु जो विवकी होते है वे जिस प्रकार पक्षियों आकाश में स्वेच्छाचारी होते हैं वैसे ही व भी भोग ले हुए भोगों का त्याग कर यथाविध साधु के आचार मे हर्ष पाते हुए अप्रतिबंध विहार करते हैं ॥ ४४ ॥ यह शब्दादिक काम भोग की सामग्री तुमारे व हमारे हाथ में जो आई है और उस में आसक्त बने हुए है परंतु यह अस्थिर हैं अर्थात् इन का अवश्य तजना पडेगा इसलिये ये जिस प्रकार पुरोहित वगैरहने किया वैसे ही अपन को करना उचित है ॥ ४५ ॥ प्रत्यक्ष में देखो-जो मांस टूकडा सहित गीध पक्षी होता है उसे के पीछे अन्य कितने पक्षियों लगते हैं और दु:खी करते हैं परंतु मांस

निरामिसा ॥ ४६ ॥ गिद्धोवमे उ नच्चाण, कामे ससार वड्ढणे ॥ उरगो सुवण्ण पासेव्व सकमाणो तणुंचरे ॥ ४७ ॥ नागोव्व बधण छित्ता अप्पणो वसहिं वए ॥ एय पच्छ महाराय, उसुयारि त्ति मे सुर्य ॥ ४८ ॥ चइत्ता विउल रज्ज, कामभोगे य दुच्चए, निव्विसया निरामिसा, निन्नेहा निप्परिग्गहा ॥ ४९ ॥ सम्मं धम्म वियाणित्ता, च्चाकामगुणे वरे ॥ तव पगिज्झहक्खाय, घोर घोरपरक्कमा ॥ ५० ॥ एव

रहित पक्षि को कोई दुःखी नहीं करता है वैसे ही विषय कषाय रूप मांस को छोडकर अपन विचरेंगे ॥ ४६ ॥ इन गीध पक्षी के दृष्टांत से कामभोगों को संसार की वृद्धि करनेवाले जानकर जैसे सर्प गरुड पक्षी से डरता हुआ चलता है तैसे ही अपन भी पाप से डरते हुए चलेंगे ॥ ४७ ॥ अहो इषुकार राजन्! मैंने सुना है कि जैसे हस्ती अपना बंधन तोडकर विंध्याचल अटवी में जाकर स्वतंत्रता पूर्वक गमन करता है वैसे ही धीर पुरुष मोह रूप शृंखला को तोडकर मोक्ष रूप विंध्याचल अटवी में सुख पूर्वक विचरते हैं अहो राजन्! ऐसा तुम भी करो ॥ ४८ ॥ कमलावती रानी के ऐसे वचन सुनकर इषुकार राजा प्रतिबोध पाया और राज्य व बहुत कठिनता से त्याग सके ऐसे काम भोगों का त्याग कर विषयवासना, धन रूप आमिष, स्नेह व परिग्रह रहित बने ॥ ४९ ॥ घोर पराक्रम करने वाले उक्त छे ही पुरुषोंने धर्म जानकर, व श्रेष्ठ काम भोगों का त्याग कर तप व घोर

ते कसमो धुत्ता स े धम्मपरायणा ॥ जम्म मच्चु भउव्विग्गा, दुक्खस्सत गवेसिणो ॥ ५१ ॥ सासणे विगयमोहाण, पुव्विं भावण भाविया ॥ अचिरेणेव कालेण, दुक्खस्सत मुवागया ॥५२॥ राया सह देवीए माहणो य पुरोहिओ ॥ माहणी दारगा चेव, सव्व त परिनिव्वुडा ॥५३॥ त्तिबेमि ॥ उसुयारिज्जं चउदसमज्झयण ॥ १४ ॥

व्रत का आचरन किया ॥ ५० ॥ इस तरह वे छे ही जीव क्रमशः बोध पा के धर्म में परायण पने जन्म मरण के भय के उद्विग्न पने और दुःख के अंत की गवेषणा करने वाले हुए ॥ ५१ ॥ जिन शासन में मोह रहित पुरुषों, अपने पूर्व जन्म को जाति स्मरण ज्ञान से जानकर भावित आत्मा होने से वैराग्य पाय और बहुत अल्प समय में सब दुःखों का अंत किया मोक्ष पाये ॥५२॥ १ इषुकार राजा २ कमलावती रानी, ३ भृगु पुरोहित ४ यशा भार्या ५ देवभद्र और ६ यशोभद्र ये दोनों कुमार यों छ ही जीव कर्म रूप दावानल बुझाकर शीतली भूत बने ॥ ५३ ॥ यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहने लगे कि अहो जम्बू ! जैसा मैने सुना है वैसे ही तुझे कहता हूं यह इषुकार नामक चौदवा अध्ययन संपूर्ण हुआ ॥ १४ ॥

* *

॥ सभिक्षु नामक पञ्चदश मध्ययनम् ॥

मोणं चरिस्सामि समिच धम्म, सहिए उज्जुकडे नियाण छिन्ने ॥ सथव जहिज्ज अकाम कामे, अन्नायएसी परिव्वए स भिक्खू ॥ १ ॥ राओवरय चरेज्ज लाढे, विरए वेयवियायरक्खिए ॥ पण्णे अभिभूय सव्वदसी, जे कम्हि वि न मुच्छिए स भिक्खू ॥ २ ॥ अक्कोसवह विइत्तुधीरे, मुणीचरे लाढे नियमायगुत्ते ॥

पन्द्रहवे अध्ययन में निदान रहित करनी करने का कहा ऐसी करनी साधु को होती है इसलिये इस पन्नरहवे अध्ययन में साधु का आचार कहते हैं जो कोई शुद्धमन से श्रुत धर्म व चारित्र धर्म अंगीकार करके अन्य साधुओं के साथ सरल स्वभावी व नियाणा रहित बनकर संसारिक स्वजन संबंधियों का परिचय का त्याग करे और कामाभिलाप रहित अज्ञात कुल में आहार की गवेपणा करता हुवा विचरे वही भिक्षु कहाता है ॥ १ ॥ प्रधान साधु रागद्वेष से निवर्त कर विचरे सूत्र का ज्ञाता, बनकर अपने आत्मा को दुर्गति से बचाने वाला, प्रज्ञावान, परिषह जीतकर सर्वदर्शी बने हुवे जो कोई किसी वस्तु में मूर्च्छित होवे नहीं वही भिक्षु है ॥ २ ॥ देशांतर में विहार करते किसी स्थान कोइ आक्रोश वचन से निभत्सना करे तथा कोइ प्रहार करे सब अपने कर्मोदय रूप है ऐसा जानकर उन

सूत्र

ते कमसो बुद्धा सव्वे धम्मपरायणा ॥ जम्म मच्चु भउव्विग्गा, दुक्खस्सत गवेसिणो ॥ ५१ ॥ सासणे विगयमोहाण, पुव्विं भावण भाविया ॥ अचिरेणेव कालेण, दुक्खस्सत मुवागया ॥५२॥ राया सह देवीए माहणो य पुरोहिओ ॥ माहणी दारगा चेव, सव्वे ते परिनिव्वुडा ॥५३॥ त्तिबेमि ॥ उसुयारिज्जं चउदसमज्झयणं ॥ १४ ॥

अर्थ

व्रत का आचरन किया ॥ ५० ॥ इस तरह वे छे ही जीव क्रमशः बोध पा के धर्म में परायण बने जन्म मरण के भय के उद्विग्न बने और दुःख के अंत की गवेषणा करने वाले हुए ॥ ५१ ॥ जिन शासन में मोह रहित पुरुषों, अपने पूर्व जन्म को जाति स्मरण ज्ञान से जानकर भावित आत्मा होने से वैराग्य पाय और बहुत अल्प समय में सब दुःखों का अंत किया मोक्ष पाये ॥५२॥ १ इक्षुकार राजा २ कमलावती रानी, ३ भृगु पुरोहित ४ यशा भार्या ५ देवभद्र और ६ यशोभद्र ये दोनों कुमार यों छ ही जीव कर्म रूप दावानल बुझाकर शीतली भूत बने ॥ ५३ ॥ यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बू स्वामी से कहने लगे कि अहो जम्बू ! जैसा मैंने सुना है वैसे ही तुझे कहता हूं यह इक्षुकार नामक चौदवा अध्ययन संपूर्ण हुवा ॥ १४ ॥

* *

॥ सभिक्षु नामक पञ्चदश मध्ययनम् ॥

मोणं चरिस्सामि समिच्च धम्मं, सहिए उज्जुकडे नियाण छिन्ने ॥ सथव जहिज्ज अकाम कामे, अन्नायएसी परिव्वए स भिक्खू ॥ १ ॥ राओवरय चरेज्ज लाढे, विरए वेयवियायरक्खिए ॥ पण्णे अभिभूय सव्वदसी, जे कम्हि वि न मुच्छिए स भिक्खू ॥ २ ॥ अक्कोसवहं विइत्तु धीरे, मुणीचरे लाढे नियमायगुत्ते ॥

चउदहवे अध्ययन में निदान रहित करनी करने का कहा ऐसी करनी साधु को होती है इसलिये इस पन्नरहवे अध्ययन में साधु का आचार कहते हैं जो कोई शुद्धमन से श्रुत धर्म व चारित्र धर्म अंगीकार करके अन्य साधुओं के साथ सरल स्वभावी, व नियाणा रहित बनकर संसारिक स्वजन संबंधियों का परिचय का त्याग करे और कामाभिलाष रहित अज्ञात कुल में आहार की गवेषणा करता हुवा विचरे वही भिक्षु कहाता है ॥ १ ॥ प्रधान साधु रागद्वेष से निवर्त कर विचरे सूत्र का ज्ञाता, बनकर अपने आत्मा को दुर्गति से बचाने वाला, प्रज्ञावान, परिषह जीतकर सर्वदर्शी बने हुवे जो कोई किसी वस्तु में मूर्च्छित होवे नहीं वही भिक्षु है ॥ २ ॥ देशांतर में विहार करते किसी स्थान कोई आक्रोश वचन से निभर्त्सना करे तथा कोई प्रहार करे सब अपने कर्मोदय हुए हैं ऐसा जानकर उन

मूल

अव्वग्गमणे असंपहिट्ठे जेकसिणं अहियासए स भिक्खू ॥ ३ ॥ पंत सयणासण भइत्ता, सीउण्हं विविहं च दसमसगं॥ अव्वग्गमणे असंपहिट्ठे, जेकसिण अहियासए सभिक्खू ॥ ४ ॥ नो सक्कइ मिच्छई न पूय, नो य वंदणग कओ पसंस ॥से संजए सुव्वए तवस्सी, सहिएआयगवेसए स भिक्खू ॥ ५ ॥ जेण पुण जहाइ जीविय, मोह वा कसिण नियच्छई ॥ नरनारिं पजहे सया तवस्सी, न य कोऊहल उवेइ स

अर्थ

कर्मों को क्षय करने का उत्तम अवसर प्राप्त हुवा जानकर क्रोध करे नहीं, असंयम से आत्मा को गोपवे अपना मन स्थिर रखे, संसार के झगडे में पडे नहीं, विषवाद करे नहीं, वैसे ही अहंकार करे नहीं, आकुल व्याकुल होवे नहीं इस तरह जो समभाव से सब आक्रोशकारी वचन व ताडन सहन करे वही साधु कहाता है ॥३॥ प्रांत (बचे हुवे) शयनासन का सेवन करके शीत उष्ण व विविध प्रकार दंश मच्छर के परिषह को आकुल व्याकुल चित्त रहित व विषवाद रहित जो सहन करे वही भिक्षु कहाता है ॥ ४ ॥ जो सत्कार, पूजा वंदन और प्रशंसा की वांच्छा करे नहीं और जो संयति सुव्रति तपस्वी ज्ञान क्रिया सहित व आत्मगवेषक होवे वही भिक्षु कहाता है ॥५॥ जिन स्त्री पुरुषों की संगति करने से संयम रूप जीवितव्य की घात होवे तथा कषाय नो कषाय रूप संपूर्ण मोहनीय कर्म की उत्पत्ति होवे उन स्त्री पुरुषों का परिचय करे नहीं वैसे ही संसार अवस्था

भिक्खू ॥ ६ ॥ छिन्नं सर भोममतलिक्खं, सुमिण लक्खणदंडवत्थु विज्ज ॥ अग वियार सरस्स विजयं जे, विज्जाहिं न जीवति स भिक्खू ॥ ७ ॥ मंत मूल विविह विज्जचितं, वमण विरेयण धूम णेत्तसिणाणं ॥ आउरे सरण तिगिच्छं च, त परिन्नाय परिव्वए स भिक्खू ॥ ८ ॥ खत्तियगेण उग्गराय पुत्ता, माहण भोइय विविहाय

में भोगवे हुव भोगों का स्मरण भी करे नहीं, वही भिक्षु कहाता है ॥ ६ ॥ १ वस्त्रादि वस्तु अथवा अंगोपांग छेदन की विद्या २ पक्षियों अथवा मनुष्य के स्वर जानने की विद्या ३ भूकंप अथवा भूमि के लक्षण जानने की विद्या ४ खगोल (ग्रहचारादि) विद्या, ५ शुभाशुभ स्वप्न के फल जानने की विद्या, ६ स्त्री पुरुष आदि के शुभाशुभ लक्षण जानने की विद्या, ७ काष्ट के लक्षण अथवा काष्ट से अन्य वस्तु बनाने की विद्या, ८ घरादि बनाने की विद्या ९ अंगस्फुरण का ज्ञान, १० सातस्वर से गायन करने की विद्या, इत्यादि पापविद्या से जो कोई अपनी आजीविका करे नहीं उसे साधु कहना ॥ ७ ॥ १ व्यंतरादिक के मंत्र, २ जडीबूटी आदि मूल ३ औषधोपचार ४ वमन कराने का औषध, ५ विरेचन जुल्लाब का औषध, ६ धूम्रपान कराने की विद्या अथवा गुदा द्वार को धूम्र देकर रोगादि निवृत्ति के उपाय, ७ वस्त्रादिक को धूप देना ८ आंख का अंजन करना ९ पुत्रादिक के लिये स्नान कराना इत्यादि वैद्यक शास्त्र का अभ्यास करना रोगादिक से पीडित हो मात पिता आदि का स्मरण करना इतने कामों का प्रत्याख्यान करके जो कोई संयम मार्ग में प्रवर्ते उस साधु कहना ॥ ८ ॥ क्षत्रिय के समुह, कोतवाल, राजपुत्र, ब्राह्मण, राजा,

सूत्र

सिप्पिणो ॥ नो तेसिं वयइ सिलोग पूयं, त परिण्णाय परिव्वए स भिक्खू ॥ ९ ॥ गिहिणो जे पव्वइएण दिट्ठा, अप्पव्वइएण व संथुया हविज्जा ॥ तेसिं इहलोइय फलट्ठा जो संथवं न करेइ स भिक्खू ॥ १० ॥ सयणासण पाणभोयणं, विविहं खाइम साइमं परेसिं ॥ अदए पडिसेहिए नियंठे, जे तत्थ न पउस्सई स भिक्खू ॥ ११ ॥ जं किंचि आहार पाणं जायं, विविहं खाइम साइमं परेसिं ॥ जो तं तिविहेण नाणुकंपे मणवयकाय सुसंवुडे स भिक्खू ॥ १२ ॥ आयामगं चेव

अर्थ

प्रधान, भोगी पुरुष और चित्रकारादि विविध प्रकार की कला में कुशल पुरुषों की प्रशंसा व पूजा करना अनर्थ का कारण मान जो परिहरे उसे साधु कहना ॥ ९ ॥ दीक्षा अंगीकार किये पहिले किसी गृहस्थ को देखे होवे अथवा दीक्षा लिये पीछे किसी गृहस्थ को देखे होवे तो उन का परिचय इस लोक के फल की प्राप्ति के लिये जो करे नहीं उसे साधु कहना ॥ १० ॥ शयन, आसन, भोजन व विविध प्रकार के खादिम स्वादिम की गृहस्थ के पास याचना करे और वह देवे नहीं तो उस पर जो द्वेष करे नहीं, उसे साधु कहना ॥ ११ ॥ जो गृहस्थ के घर से अशन पानी पक्वान्न मुखवास विविध प्रकार के ग्रहण करके अपने स्वधर्मी साधुओं का संविभाग करे मन वचन व काया के योगों का वैसा ही आस्रव तथा कषाय इत्यादि के स्थान का सम्यक् प्रकार से गोप कर रखे उसे साधु कहना ॥ १२ ॥ जो ओसामन में के दाने,

जत्रायणंच, सीय सावीर च जवोदगं च ॥ न हीलए पिंडनीरसंतु पंतकुलाई परिव्वए स भिक्खू ॥ १३ ॥ सद्दा विविहा भवाति लोए, दिव्वा माणुस्सगा तिरिच्छा ॥ भीमा भय भेरवा उदारा, सोचा न विहिज्जई स भिक्खू ॥१४॥ वाद विविह समिच्च लोए, सेयाणुगए य कोवियप्पा, पन्ने अभिभूय सव्वदसी, उवसंते अवहेड० स भिक्खू ॥ १५ ॥ असिप्प जीवी अगिहे अमित्त, जिइंदिए सव्वओ विप्पमुक्को ॥

में मति लेखना किया बाद पुनः प्रतिलेखना करने की आज्ञा दी तब शिष्य बोले क्या आप विस्मृत होगये कि अभी ही अभी प्रतिलेखना कराते हो? तब गुरु मौन रहे, उस इधर शिष्य प्रतिलेखना करता था, उस में ही उस में सर्पने फुत्कार किया, शिष्य देखकर विस्मित हुआ और गुरु के वचन पर श्रद्धा रखकर कालाकाल शुद्ध उपयोग से प्रतिलेखना करने लगे ॥ ७ ॥ अब पांचवी परिस्थापनीय समिति कहते हैं—१ उच्चार पुरीषित २ प्रस्रवण—लघुनीत, ३ श्लेष्म खंखार, ४ सिंघाण नाकका मल, ५ जल्ल—पसीना, ६ दोषित अथवा अधिक आहार, ७ वैसे ही निरुपयोगी वस्त्र पात्रादि उपधि और ८ मृत साधु का शरीर इत्यादि और नखकेश वगैरह और भी परिठाने योग्य वस्तु होवे उन को यत्ना पूर्वक परिठावे ॥ १५ ॥ अब परिठाने के दश बोल कहते हैं—प्रथम बोल में चौभंगी—१ कोई मनुष्य आता भी नहीं है और देखता भी नहीं है २ कोई मनुष्य आता नहीं है और देखता है ३ कोई आता है और देखता नहीं है और ४ कोई मनुष्य आता भी है और देखता भी है इन चार में से प्रथम भांगा शुद्ध है अर्थात् जिस स्थान कोई मनुष्य आता भी न होवे और देखता भी न होवे वहां उच्चार प्रस्रवणादि परिठाना और शेष तीन भांगे अशुद्ध है २ जिस स्थान परिठाने से अपना आत्मा की तथा दूसरे के आत्मा की घात न होवे, ३ ऊंच नीच भूमि नहोवे परंतु समभूमि होवे ४ तृण पात्र

सउब्बिहा ॥ सारंभ समारंभे, आरंभेय तहेव य ॥ वय पवत्तमाणतु, नियत्तेज्ज अयं जइ ॥ २३ ॥ ठाणे निसीयणे चेव, तहेव य तुयट्टणे ॥ उल्लंघण पल्लंघण, इंदियाण

बहुत समय लगा तब गुरुजीने पूछा कि इतनी देर क्यों हुइ शिष्यने उत्तर दिया कि मैं इस विचार में था कि वर्षा ऋतु आइ है, अब मेरे पुत्रों खेत में अनाज डाल देंगे तो उस की अच्छी उत्पत्ति होने से वे सुखी होंगे इस विचार से देर लग गइ गुरु ने कहा कि साधु को ऐसा सावद्य विचार नहीं करना चाहिये तब शिष्यने मिथ्या दुष्कृत्य दिया ॥ ० ॥ दूसरी वचन गुप्ति—१ सत्य वचन गुप्ति, २ असत्य वचन गुप्ति ३ मीश्र वचन गुप्ति और ४ व्यवहार वचन गुप्ति यावत् असत्य वचन व मीश्र वचन गुप्ति अंगीकार करे ॥ २२ ॥ और सारंभ समारंभ व आरंभ से वचन को निवारे + यह दूसरी वचन गुप्ति हुइ ॥ २३ ॥ इस पर कथा कहते हैं गुणवन्त साधुजी विहार करके जा रहे थे मार्ग में चोर मीले जो चाल थे तेरे दर्शन के लिये आगे जाय माता है उन का हमारे समाचार मत करना साधु कुच्छ भी बोले बिना आगे गये आगे साधु के कुटुम्बियों थे वे साधु के दर्शन कर सुखी हुए साधुने धर्मोपदेश दिया और वे पीछे गये रास्ते में चोरोंने उन को लूटे और कहने लगे

+ यह मरे तो अच्छा यह सारंभ अन्य का मारने के लिये विष शस्त्रादिक की सामग्री मीलाने का वचन कहे सो समारंभ और किसी को त्रास दे अथवा कठोर वचन बोले सो आरंभ

॥ १९ ॥ सच्चा तहेव मोसाय सच्चमोसा तहेवया चउत्थी असच्चमोसाय, मणगुत्तीओ चउव्विहा ॥ २० ॥ सारंभ समारंभे, आरंभय तहेवय ॥ मण पवत्तमाणंतु, नियत्तिज्जजय जई ॥ २१ ॥ सच्चा तहेव मोसाय, सच्च मोसा तहेयय ॥ चउत्थी असच्च मोसाय, वइगुत्ती

प्रतिलेखना करने लगा ॥ * ॥ यह पांचों समिति का कथन संक्षेप से कहा है इस का विस्तार पूर्वक कथन आचारांग सूत्र के दूसरे श्रुतस्कंध से जानना अब आगे तीनों गुप्ति का कथन अनुक्रम से कहता हूं ॥ १९ ॥ प्रथम मन गुप्ति कहते हैं—मनगुप्ति के चार भेद कहे हैं—१ सत्य मन गुप्ति सो सीधाधिक पदार्थ का यथार्थ जिनाज्ञानुसार चिंतवन करे २ असत्यमनगुप्ति—जिनाज्ञा से विपरीत चिंतवन करे, ३ मिश्रमनगुप्ति सो कुछ सत्य कुछ असत्य यों मिश्र चिंतवन करे, और ४ व्यवहार मन गुप्ति सो ग्राम आया, पर्वत गले, वगैरह सच्चा भी नहीं और झूठा भी नहीं ऐसा विचार करे इन चारों में से असत्य मन गुप्ति व मिश्र मन गुप्ति कर और मन को सारंभ, समारंभ व आरंभ से निवारे * यह मनगुप्ति का कथन हुआ ॥ २१ ॥ इस पर कथा कहते हैं—कुमन नामक साधु ध्यान

* किसी को मारने का विचार करे सो सारंभ, किसी को मारने की सामग्री मीलाने का विचार करे सो समारंभ, और शरीर प्रयोग से मारे सो आरंभ.

घुत्ता, अतुमत्थेसु सव्वसो ॥ २६ ॥ एसा पवयणमाया, जे सम्म आयरे मुणी ॥ से खिप्प सव्व ससारा, विप्प मुच्चइ पडिए ॥ २७ ॥ त्तिबेमि ॥ पवयण मायाणाम चउवीसय अज्झयण सम्मत्त ॥ २४ ॥ * * *

अर्थ

सर्ग कर खडे रह गये सोमील ब्राह्मण हवन सामग्री लाने को बाहिर गया था उसने पीछे आते गज सुकुमाल मुनि को देखे और क्रोधातुर हो कर गजसुकुमाल मुनि के मस्तक पर मीट्टी की पाल बाध कर जाज्वल्यमान अग्नि के खीर वस्तु में भर दिये मुनि की खोपरी खीचडी की तरह खदबद गई आंखों छीटक कर बाहिर आगइ अति उज्वल वेदना समभाव से सहन की परंतु किंचिन्मात्र भी काया का हलाइ नहीं, कर्म क्षय कर मोक्ष पधार एसे ही अन्य साधु को भी कायगुप्ति करना ॥ २५ ॥ समुच्चय-उक्त पांच समिति तो चारित्राराधन के कार्य साधन के लिये कही और तीनों गुप्ति सर्वथा प्रकार से निवर्तने रूप कही (पांच समिति प्रवृत्ति मार्ग है और तीन गुप्ति निवृत्ति मार्ग है) ॥ २६ ॥ जो पंडित साधु होवे वे उक्त आठों प्रवचन माता के कहे अनुसार सम्यक् प्रकार आचरण करके शीघ्रता से संसार से छूट कर मोक्ष पावेंगे ॥ २७ ॥ ऐसा मैं कहता हूं यों श्री सुधर्मा स्वामी अपने शिष्य श्री जम्बु स्वामी से कहते हैं कि जैसा मैंने सुना है वैसा ही तुझे कहता हूं यह आठ प्रवचन माता का चौवीसवा अध्ययन कहा ॥ २४ ॥

सूत्र

य जुंजणे ॥ २४ ॥ सारंभ समारंभ, आरंभेय तहेव य ॥ काय पवत्तमाण तु नियत्तेज्ज जयजई ॥ २५ ॥ एयाओ पंच समिई, चरणस्सय पवत्तणे ॥ गुत्ती नियत्तणे

अर्थ

कि साधो भया स त्कार नहीं दिये तो भवन तो अच्छा हुआ यह बात राणी भी माने तुई और भोलपन से बोली कि मेरी कूखसे ऐसा उत्पन्न हुआ कि मुझे ... और पोले किराड तो लाविदी माता है धन्य है साधु को कि इसने यह बात कही नहीं। यों विचार कर उन सब का लूंट हुआ धन पीछा देदिया ऐसी वचन गुप्ति सब साधु को रखना चाहिये ॥ * ॥ अब तीसरी कायागुप्ति कहते हैं— साधु खड़ा रहते, बैठते, शयन करते, खड्डे मनुष्य का उल्लंघन करते, पांचों इन्द्रियों से निवृत्त कर यतना से वर्ते ॥ ४ ॥ और सारंभ, समारंभ व आरंभ से काया को रोके ॥२५॥ इस पर कथा कहते हैं—द्वारिका नगरी के वसुदेव राजा व देवकी राणी गजसुकुमाल पुत्र हुए उन का पाणिग्रहण कराने के लिये श्री कृष्ण वासुदेवने सोमिल ब्राह्मण की कन्या को लग्न पहिले ही अपने राज महेल में में रखी थी गजसुकुमाल की नेमीनाथ भगवान का उपदेश सुन दीक्षित हुए और स्मशान में कायो

---

* दूसरे को मारने को शस्त्रादि रखना सो सारंभ दूसरे को मारने के सामग्री देना सो समारंभ और मारडाला सो आरंभ

सूत्र

घोसे त्ति नामेण, जन्न जयइ वेयवी ॥ ४ ॥ अह से तत्थ अणगारे, मासक्खमण पारणे ॥ विजय घोसस्स जन्नमि, भिक्खट्ठा उवट्ठिए ॥ ५ ॥ समुवट्ठिय तहिं सतं जायगो पडिसेहए ॥ न हु दाहामि ते भिक्ख, भिक्खू जायाहि अन्नओ ॥६॥ जे वेयविऊ विप्पा, जन्नट्ठाय जिइंधिया ॥ जोइसंगविऊ जे य जन्न धम्मस्स पारगा ॥ ७ ॥ से समत्था समुद्धत्तु परमप्पाण मेव य ॥ तेसिं अन्नमिण देय भो भिक्खू सव्व कामिय ॥ ८ ॥ सो तत्थ एव पडिसिद्धो, जायगेण महामुणी ॥ न वि रुट्ठो

अर्थ

उस वक्त उस वाणारसी नगरी में वेदों का पाठी विजयघोष नामक ब्राह्मणने वेदाज्ञानसार यज्ञ प्रारंभ किया था ॥ ४ ॥ उस वक्त वे विजय घोस नामक अनगार—साधुजी मासक्षमणोपवास के पारने के लिये भिक्षार्थ सावधान हुए तहां विजयघोष ब्राह्मन के यज्ञ पाडे में आकर खडे रहे ॥ ५ ॥ उस यज्ञ पाडे में साधु को समुपस्थित (आये) हुवे देखकर विजयघोष विप्र उन मान का तिरस्कार करता हुआ बोला कि—भो भिक्षुक ! मै तुझे निश्चय से भिक्षा नहीं दूंगा इस लिये तू यह घर छोडकर अन्य घर याचना कर क्यों कि—यहां यज्ञ पाडे में निष्पन्न हुआ आहार तो जो विप्रों वेद के जान हैं यज्ञार्थि हैं, ज्योतिष शास्त्र में प्रवीण हैं, और जो यज्ञ के पारगामी हैं वे अपने आत्मा को और अन्य के आत्मा को संसार समुद्र से उद्धार करने समर्थ होते हैं, ऐसे विप्रों के लिये ही यह षड्रस संयुक्त इच्छा तृप्ति का करनेवाला आहार भोजिक है (परन्तु अन्य के लिये नहीं है) ॥६ ८॥ उक्त प्रकार से जयघोष मुनि

॥ यज्ञ कीय नामक पंचविंशतितम मध्ययनम् ॥

सूत्र

माहण कुल समूओ, आसि विप्पो महायसो ॥ जायाई जमजन्नामि जयघोसे त्ति नामओ ॥ १ ॥ इंदियगामनिग्गाही, मग्गगामी, महामुणी ॥ गामाणुगाम रीयतो पत्तो वाणारसिं पुरिं ॥ २ ॥ वाणारसीए बाहिया, उज्जाणमि मणोरमे ॥ फासुए सेज्ज संथारे, तत्थ वास मुवागए ॥ ३ ॥ अह तेणेव कालेण पुरीए तत्थ माहणे, ॥ विजय

अर्थ

चौबीसवे अध्ययन में आठ प्रवचन माता के कहे वे तो भाव ब्राह्मण के होवे इसलिये पचीसवे अध्ययन में भाव ब्राह्मण का कथन करते हैं ॥ (वाणारसी नगरी के रहवासी ब्राह्मण जात्योत्पन्न, जय घोष और विजय घोष नामक दो भ्राताओं में से जय घोष को साधु की संगती होने से द्रव्य यज्ञ का त्याग कर साधु बन भाव यज्ञ करने प्रवृत्त हुए) वे ब्राह्मण कुलोत्पन्न महा यशवंत जयघोष नामक महामुनि इन्द्रियों के समूह रूप पशुओं के पंच महाव्रत रूप यज्ञ कुंड में निग्रह कर [होम कर] भाव से मोक्षमार्ग में प्रवर्तते हुए, द्रव्य से [अपने आत्मा का उद्धार करने] ग्रामानुग्राम विचरते (निवास करते) हुए वाणारसी नगरी पधारे ॥ १ २ ॥ वाणारसी नगरी के बाहिर मनोरम नामक उद्यान में प्रासुक निर्दोष स्थानक पाट संथारक आदि की याचना कर तप संयम से आत्मा भावते विचरने लगे ॥ ३ ॥

सूत्र

मुहं बूहि जं च धम्माण वा मुहं ॥ १४ ॥ जे समत्था समुद्धत्तुं, परमप्पाण मेव य ॥ एव मे ससय सव्वं, साहु कहसु पुच्छिओ ॥ १५ ॥ अग्गिहोत्ता मुहा वेया, जन्नट्ठी वेयसा मुहं ॥ नक्खत्ताण मुहं चंदो, धम्माण कासवो मुहं ॥ जहा चंद गहाईया, चिट्ठति पजली उडा ॥ वंदमाणा नमसता, उत्तम मणहारिणो

अर्थ

नक्षत्र का मुख्य धर्म का मुख्य कौन है ? और ससार समुद्र से उद्धार करने समर्थ कौन है यह हमारे मन में संदेह है सो इस का खुलासा आप कृपा करके कहो ॥ १६ ॥ तब जयघोष मुनि बोले कि हे विप्रों ! (१ जीव रूपकुंड, २ तपरूपी वेदीका, ३ कर्मरूप इंधन ४ ध्यान रूपी अग्नि, ५ शरीर रूपगोर, ६ कमयोग रूप चारू, ७ शुद्ध मान तथा जीवदया रूप आहुति इस प्रकार का) जो अग्निहोत्र है यही वेद का मुख्य है और ऐसा यज्ञ ही वेद में मुख्य है, येही वेद प्रमाण सूत हैं इस प्रकार यज्ञ के अर्थी साधुओं येही यज्ञ के प्रवर्तक हैं नक्षत्रों में मुख्य चन्द्रमा है और धर्म में मुख्य धर्म के प्रवर्तक श्री ऋषभ देवजी तथा श्री महावीर स्वामीजी हैं जिस प्रकार चन्द्रमा के आगे ग्रह नक्षत्र तारागणों दोनों हाथ जोड़कर खड़ रहते हैं गुणस्तवन करते हैं नम्ररूप हो सेवा करते हैं इस प्रकार सौजन्य प्रीति से मानते हुये रहते हैं वैसे ही आदीनाथजी के तथा महावीर स्वामीजी के आगे चौसठ ही

सूत्र

नवि तुट्ठो उत्तमट्ठ गवेसओ ॥ ९ ॥ नन्नट्ठ पाणहेउ वा, नवि निव्वाहणाय वा ॥ तसिं विमोक्खणट्ठाए, इम वयणमब्बवी ॥ १० ॥ नवि जाणसि वेयमुहं, नवि जन्नाण ज मुहं ॥ नक्खत्ताण मुहं ज च, ज च धम्माण वा मुहं ॥ ११ ॥ जे समत्था समुद्धत्तु परमप्पाणमेव य ॥ न ते तुम वियाणासि, अह जाणासि तो भण ॥ १२ ॥ तस्स खेव पमोक्खा तु अचयतो तहिं दिओ ॥ स परिसो पजलि होउ पुच्छइ तं महामुणिं ॥ १३ ॥ वेयाण च मुहं बूहि, बूहि जन्नाण ज मुहं ॥ नक्खत्ताण

अर्थ

का विजय घोष जिनने तिरस्कार किया वो भी वे मोक्षार्थ के गवेषी मुनि न तो रुष्ट (क्रोधी) हुवे और न तुष्ट हुवे; परंतु समभाव से रहे और आहार पानी वस्त्रादि के लाभ के वास्ते नहीं परंतु विजय घोष का उद्धार करने के लिये इस प्रकार बोले—॥ ९ ॥ हे विप्र! वेद में मुख्य कौन है यज्ञ में मुख्य कौन है, नक्षत्र में मुख्य कौन है, और धर्म में मुख्य कौन है उसे तु जानता नहीं है, वैसे ही अपना आत्मा का तथा पर आत्मा का संसार समुद्र से उद्धार करने समर्थ कौन है उसे भी तू जानता नहीं है जो तू जानता हो तो कहे! ॥ ११ १२ ॥ उक्त प्रकार मुनि के वचन सुनकर विजय घोष ब्राह्मण उन मुनि को प्रत्युत्तर देने असमर्थ होकर उस यज्ञ वाडे में आए हुए सब ब्राह्मणों के साथ दोनों हाथ जोडकर उन मुनि को इस प्रकार पूछने लगा ॥ १३ ॥ अहो साधुजी ! वेदों का मुख्य यज्ञ का मुख्य

कुसल सदिट्ठं त वय बूम माहण ॥ १९ ॥ जो न सज्जइ आगंतु, पव्वयतो न सोयई ॥ रमइ अज्ज वयणमि, त वय बूम माहण ॥ २० ॥ जायरूवं जहा मिट्ठं, निद्धंत मल पावग ॥ राग दोस भयाईय त वय बूम माहण ॥ २१ ॥ तवस्सिय

अर्थ

स्व परात्मा का तारने योग्य ब्राह्मणों होते हैं उन के लक्षण कहते हैं—हे विप्रो ! केवलज्ञानीयोंने युव से सी उन की हुई अग्नि समान जो ब्राह्मणों जगत् में सदैव पूज्यनिय कहे हैं उनो को मैं भी ब्राह्मण कहता हूं (उन के लक्षण—) ॥ १९ ॥ जो आगामि काल में किसी वस्तु की प्राप्ति के लिये सज नहीं

न भूतो न भविष्यति ॥ १ ॥ अथ—जो पशुओं का वधकर देवतादि की पूजा करे सो घोर नरक में जावे क्यों कि हिंसा में धर्म न कभी हुवा और न कभी होवेगा ! ॥ ३ ॥ इसलिये व्यासजी के कहे मुजब करना श्लोक-ज्ञान पालि परिक्षित, ब्रह्मचर्य दयाम्भ स ॥ स्नात्वासि विमल तीर्थे, पापपंक पहारिणि ॥ ४ ॥ ध्यानाग्नौ जीव कुंडस्थ दममारुत दीपिते असत कर्मसमित क्षिप्रेग्निहोत्र कुरुत्तमम् ॥ ५ ॥ कषाय पशुभिर्दुष्टै धर्माकामर्थ नाशकै शम मंत्र हुतैर्यज्ञ, विधेहि विहित बुधै ॥६॥ अथ—ज्ञान रूपी तलाब में दया और ब्रह्मचर्य रूपी पानी है एसे तीर्थ में स्नान कर कर्म मल से शुद्ध बन फिर जीव रूपी कुंड में दमरूप पवन से दीपित या ध्यान रूपी अग्नि है उस में असत्कर्म रूपी काष्ट को डाल कर उत्तम अग्निहोत्र करो, धर्म काम और अर्थ को नाश करने वाले शम रूप मंत्र की आहुती को प्राप्त हुवे ऐसे दुष्ट कषाय रूपी पशुओं से ज्ञानवतो द्वारा किया हुआ यज्ञ करो अश्वमेधसो-मनरूपी घोडे का, गोमेध सो असत्य वचन का, अजामेध सो इन्द्रियों का और नरमेध सो कामदेव का पराक्रम कुंड की अग्नि में यज्ञ करने से स्वर्ग की प्राप्ति होती है। ४१।

सूत्र

॥ १७ ॥ अजाणागा जन्नवाई विज्जा माहण संपया ॥ गूढा सज्झाय तवसा, भास च्छन्नाइवाग्गिणो ॥ १८ ॥ जो लोए बंभणो वुत्तो अग्गीव महिओ जहा ॥ सया

अर्थ

इन्हों सेवा करते हैं * ॥ १७ ॥ अब जो ब्राह्मणों कहाने वाले होते हैं उन का कथन करते हैं जो ब्राह्मणा उक्त प्रकार से वेद के तत्त्व के अजान हो कर यज्ञ करते हैं, और विद्यारूप ब्राह्मन की सम्पदा है उस का भी नहीं जानते हैं वो धनादि के मोह में मुग्ध बनकर स्वाध्याय तपादि नहीं करते हैं ऐसे पूर्व किये ढकी हुइ अग्नि के समान होते हैं अर्थात् जिस प्रकार ढकी हुइ अग्नि बाहिर से शीतल देखाती है परंतु अन्दर से जाज्वल्यमान होती है, तैस ही य ब्राह्मणों भी ब्राह्मण का वेष धारन कर ऊपर से निष्कामी शीतली भूत होते हैं, परंतु अन्दर मे कामाग्नि क्रोधाग्नि कर प्रदीप्त हैं ॥ १८ ॥ अब जो

* ज्योतिषी लोगों सब ग्रहों में चन्द्रमा को प्रधान मानते हैं इसलिये चन्द्रमा के दृष्टांत से तीर्थकरों का गौरव दरशाकर उन का महत्व उन के मन में ठसाया है

† श्लोक—यूपं छित्वा पशुन् हत्वा कृत्वा रुधिर कर्दमम् ॥ यद्येवं गम्यते स्वर्गे नरके केन गम्यते ॥ १ ॥ अर्थ-यज्ञस्थंभका छेदन कर पशूओं की घातकर रक्त का कर्दम मचा यदि स्वर्ग में जाते हों तो फिर नरक में कौन जावेगा ॥ २ ॥ श्लोक—[illegible] पठाध्यायेन, पत्रध्यायेन या ऽ [illegible] ॥ यान्ति जन्तुनगतघृणा घोरां ते यान्ति दुर्गतिम ॥ १ ॥ शास्त्र पुरुषों का फरमान है कि जो पुरुष घृणा रहित वेदों के मंत्र करके [illegible] या यज्ञ के मिस से जीवों को मारते हैं वे घोर दुर्गति में जाते हैं ॥ ७ ॥ व्यासजी भी कहते हैं श्लोक—[illegible] सकलान पशुभिर्ये [illegible] ॥ हिंसा नाम [illegible]

सूत्र

थयइ जो उ, त वय बूम माहणं ॥ २४ ॥ चितमत मचित्तवा,अप्प व जइवा वहुं॥ न गिण्हइ अदत्त जे, तं वय बूम माहण ॥ २५ ॥ दिव्व माणुस तेरिच्छ, जो न सेवइ मेहुण ॥ मणसा काय वक्केण, त वय बूम माहण ॥ २६ ॥ जहा पोम जले जायं, नोव लिप्पइ वारिणा ॥ एव अलित्त कामेहिं, त वय बूम माहण ॥ २७ ॥

अर्थ

के वश हो हसी के वश के वश हो तथा भय के वश हो मृषा (झूठ) बोले नहीं, बुलावे नहीं बोलते को अच्छा जाने नहीं मन से वचन से काया से उन का मैं ब्राह्मण कहता हु ॥ २४ ॥ जो सचित्त–मनुष्य पशु आदि, अचित्त–वस्त्र पात्रादि, तथा सुवर्णादि अल्प–थोडा तथा बहुत * इन की चारों तीन करन तीन जोग से नहीं करे उसे ब्राह्मन कहना ॥ २५ ॥ देवता सम्बन्धी मनुष्य सम्बन्धी और तिर्यच सम्बन्धी मैथुन तीन करन तीन जोग से सेवन नहीं करे उस मैं ब्राह्मण कहता हू ॥ २६ ॥ जिस प्रकार पद्म कमल कीचड में उत्पन्न हो पानी में वृद्धि पा कर पुनः कीचड पानी से लिप्त नहीं होता है ऐसे ही जो कामरूपी कर्दम से उत्पन्न हो भोग रूप पानी से वृद्धि पा पुनः कामभोग से लिप्त नहीं होवे हैं उन ही का मैं ब्राह्मन कहता हु ॥ २७ ॥ जो अचित्त निर्दोष अन्य के लिये बनाया आहार को प्राप्त कर उस में लोलुपता रहित भोगवने वाले सुवर्णादि द्रव्य के त्यागी कुटुम्बियों का तथा गृहस्थों के

---

१ द्रव्य से थोडा भाव से बहुत रत्नादि, २ द्रव्य से बहुत भाव से थोडा प्रस्तरादि ३ द्रव्य से भी बहुत भाव से भी बहुत रत्न कम्बलादि और ४ द्रव्य से ही थोडा तथा भाव से ही थोडा राख वगैरह

मूल

किसं दत अवाचिय मस सोणिय ॥ सुव्वय पत्त निव्वाण, त वय बूम माहण ॥ २२ ॥ तस पाणे वियाणेत्ता, सगहेण य थावरे ॥ जो न हिंसइ तिविहेण, त वय बूम माहण ॥२३॥ कोहा वा जइ वा हासा, लोहा वा जइ वा भया ॥ मुस न

अर्थ

होते है तथा स्वजनादि के स्थानक में आकर प्रसन्न नहीं होते हैं और जो बीत हुई बात का शोच-पश्चात्ताप नहीं करते हैं तथा अन्य स्थान में व दीक्षा ग्रहण करने में खेदित नहीं होते हैं और तीर्थंकरों के वचन में तथा मार्ग में रमण करते हैं सदैव खुश रहते हैं उन ही को मैं ब्राह्मण कहता हूं ॥ २० ॥ जिस प्रकार सुवर्ण को आग में तपाकर क्षारादि से धोकर उस का मैल दूरकर गेरु आदि औषध लगाने से शोभता है, वैसे ही जो आत्मा रूप सुवर्ण को तप रूप अग्नि में तपकर चारित्र रूप क्षार से धोकर रागद्वेष तथा सातों भय रहित हुये हैं वे मोक्ष रूप सुवर्ण समान महा अर्थ पाते हैं उन को मैं ब्राह्मण कहता हूं ॥ २१ ॥ जिन्होंने इन्द्रियों का दमन करके द्वादश प्रकार का तप कर अपने शरीर का रक्त मांस सुखा कर शरीर को कृश बना दिया है सुव्रति निर्वाण प्राप्त करने योग्य बने हैं उन को मैं ब्राह्मण कहता हूं ॥ २२ ॥ जो बेन्द्रिय आदि त्रस प्राणी को और पृथव्यादि स्थावर प्राणी को संक्षेप से तथा विस्तार से जानकर मन वचन काया के योग कर घात करे नहीं करावे नहीं और करते को

सूत्र

समभरेण समणो ॥ नाणेण उ मुणी होइ तवेण होइ तावसो ॥३१॥ कम्मुणा बम्भणो होइ, कम्मुणा होइ खत्तिओ ॥ वइसो कम्मुणा होइ, सुद्दो हवइ कम्मुणा ॥ ३३ ॥ एए पउकरे बुद्धे, जेहिं होइ सिणायओ ॥ सव्व कम्म विनिमुक्क, त वय बूम माहणं ॥ ३४ ॥ एव गुण समाउत्ता, जे भवति दिउत्तमा ॥ ते समत्था उ उद्धत्तु, परमप्पाण मव य ॥ ३५ ॥ एव तु ससए छिन्नो, विजयघोसे य माहणे ॥ समुदाय तय त तु,

अर्थ

है ज्ञानाभ्यास से मुनि होते हैं और तपश्चर्या करने से तपस्वी होते हैं ॥ ३२ ॥ ब्राह्मणों की ब्रह्मचर्यादि क्रिया करने से ब्राह्मण होते है, दुःखी जीवों का रक्षण करने से क्षत्री होते है नीतीप्रमाने व्यपार करने से वैश्य होते हैं और कृषी कर्म तथा सेवा चाकरी करने से शूद्र होते हैं ॥ ३३ ॥ यह जो मैंने उक्त अहिंसादि कथन किया यह सर्वज्ञ तीर्थंकरों का प्रतिपादन किया हुआ है उक्त धर्माराधन कर के ही तीर्थंकर तथा केवलज्ञानी होते हैं और सर्व कर्मांश का क्षयकर मोक्ष प्राप्त करते हैं उन ही को मैं ब्राह्मण कहता हूं ॥ ३४ ॥ हे विजयघोष ! यह पूर्वोक्त प्रकार अहिंसादि गुनकर सहित जो उत्तम ब्राह्मण होते हैं वे ही ब्राह्मण अपनी तथा अन्य की आत्मा का संसार समुद्र से उद्धार करने समर्थ होते हैं ॥ ३५ ॥ इस प्रकार धर्मोपदेश करके जयघोष नामक महाऋषिने विजय घोष ब्राह्मण के संशय का

सूत्र

आलोलुय मुहाजीवी, अणगारं अकिंचनं ॥ असंसत्त गिहत्थेसु, तं वयं बूम माहणं ॥ २८ ॥ जहित्ता पुव्व संजोगं, नाति संगेय बंधवे ॥ जो न सज्जइ भोगेसु, तं वयं बूम माहणं ॥२९॥ पसुबंधा सव्ववेया य, जट्ठं च पावकम्मुणा ॥ न तं तायंति दुस्सीलं, कम्माणि बलवंति ह ॥ ३० ॥ नवि मुंडिएण समणो ओंकारेण न बंभणो ॥ न मुणी रण्णवासेण कुसचीरेण तावसो ॥ ३१ ॥ समयाए समणो होइ

अर्थ

सम्बन्ध रहित होवे उसे मैं ब्राह्मन कहता हूं ॥ २८ ॥ जो पूर्वात्-संसार सम्बन्धी संयोग मात पिता स्त्री पुत्र भाईयों ज्ञातीजनों को छोडकर निकले, पुनः उन के भोग (जहर) में सज्ज (लुब्ध) न होवे उन को मैं ब्राह्मन कहता हूं ॥ २९ ॥ हे विजयघोष ! तेरे मान्यता से वेदों है वे सर्व पशुओं के वध [घात] के स्थापक हैं, तैसे ही यज्ञ का करना भी पाप कर्म के हेतु भूत है इस लिए यह दुराचार है सो आत्मा का त्राण शरण कदापि नहीं होता है परन्तु धर्मार्थ किया पाप सर्व कर्म का बन्धकर दुर्गति दाता होता है ॥ ३० ॥ हे विजय घोष ! मस्तक मुण्डित करने से साधु नहीं होते हैं, ॐकार के उच्चार से ब्राह्मण नहीं होते हैं वनवास करने से मुनि नहीं होते हैं और वल्कल के वस्त्र पहनने से तापस नहीं

सूत्र

निक्खमसू दिया ॥ मा भमिहिसि भयावट्टे घोरे ससार सागरे ॥ ४० ॥ उवलेवो होइ भोगेसु, अभोगी नोव लिप्पई ॥ भोगी भमइ ससारे ॥ अभोगी विप्प मुच्चई ॥ ४१ ॥ उल्लो सुक्को य दो छूढा, गोलया मट्टिया मया ॥ दो वि आवडिया कुड्डे, जो उल्लो सो तत्थ लग्गइ ॥ ४२ ॥ एव लग्गति दुम्मेहा, जे नरा काम लालसा ॥ विरत्ताओ न लग्गति, जहा से सुक्क गोलए ॥ ४३ ॥ एव से विजयघोसे जय

अर्थ

नहीं है परतु तू शीघ्रता से गृह कदाग्रह का त्याग कर दीक्षा धारन कर कि जिस से तू अनंत भ्रमन (परिभ्रम) वाले ससार समुद्र में परिभ्रमण करने से छूट जा गा ॥ ४० ॥ हे विप्र! कामभोग के सेवन से आत्मा कर्मों कर लिप्त होता है वह ससार में परिभ्रमण करता है और भोग रहित आत्मा कर्मों से निर्लेप होता है वह ससार से मुक्त होता है ॥ ४१ ॥ जिस प्रकार आला और सूका दोनों मट्टी के गोले को भींत पे डालने से जो आला गोला होता है वह भींत को चोंट जाता है इस प्रकार जो दुष्ट बुद्धि कामभोग के लम्पटी जीव होते हैं वे पाप कर्मोपार्जन कर ससार रूपी भींत को चोंटे रहते हैं और जो सूका गोला होता है वह तत्काल खिसक पडता है ऐसे जो कामभोग से विरक्त होते हैं वे संसार रूपी भींत को चेंटते नहीं हैं परन्तु मोक्ष चले जाते हैं ॥४२ ४३॥ इस प्रकार श्रवण कर विजयघोष

जयघोस महामुर्णि ॥ ३६ ॥ तुट्ठे य विजयघोसे इण मुदाहु कयजली ॥ माहणत्त जहाभूय सुट्ठु मे उवदसिय ॥ ३७ ॥ तुब्भे जइया जन्नाण, तुब्भे वेयविऊ-विऊ ॥ जोइसगविऊ तुब्भे तुब्भे धम्माण पारगा ॥ ३८ ॥ तुब्भे समरया उद्धत्तु, परमप्पाण मेवय ॥ तमणुग्गह करेहम्ह, भिक्खेण भिक्खु उत्तमा ॥ ३९ ॥ न कज्ज मज्झ भिक्खेण, खिप्प

छेदन किया सशय का निवारन होने से विजय घोष ब्राह्मनने जयघोष मुनि के वचन सम्यमान कर हृदय में प्रदान किया -धारन किये इन जयघोष महामुनि के वचनों से विजय घोष ब्राह्मन सतुष्ट हुआ और दोनों हाथ जोडकर यों बोला-अहो मुनि ! जिस प्रकार ब्राह्मन के लक्षण होते हैं उस ही प्रकार आपने मुझे सत्य कहे-बहुत ही अच्छे कहे ॥ ३६-३७ ॥ अहो मुनि ! आप ही सचे यज्ञ के करने वाले हो आप ही सचे वेद के जानने वाले हो, आप ही ज्योतिष शास्त्र में प्रवीन हो और आप ही सत्य धर्म के पारगामी हो ॥ ३८ ॥ आप ही अपना आत्मा का तथा अन्य के आत्मा का उद्धार करने समर्थ हो इस लिये अहो सब भिक्षुओं में उत्तम भिक्षु ! आप हमारे यहां से भिक्षा ग्रहण कर हमारे पर उपकार करो ॥ ३९ ॥ तब जयघो[illegible]

॥ सामाचारी नामकं षड्विंशतितम मध्ययनम् ॥

सूत्र

सामायारिं पवक्खामि सव्व दुक्खविमोक्खणिं ॥ ज चरित्ताण निग्गथा, तिण्णा ससार सागर ॥१॥ पढमा आवस्सिया नाम, बिइया य निसीहिया ॥ आपुच्छणा य तइया, चउत्थी पडिपुच्छणा ॥ २ ॥ पचमा छदणा नाम, इच्छाकारो य छट्ठओ ॥ सत्तमो मिच्छकारो उ तहक्कारो य अट्ठमो ॥ ३ ॥ अब्भुट्ठाण च नवम, दसमी उवसपदा ॥ एसा दसगा साहूण, सामायारी पवेइया ॥ ४ ॥ गमणे आवस्सिय

अर्थ

पचीसवे अध्ययन में भाव ब्राह्मण के गुण का वर्णन किया, भाव ब्राह्मण साधु समाचारीवाले होवे हैं इस लिये छब्बीसवे अध्ययन में दश समाचारी कहते हैं श्री सुधर्मा स्वामी कहते हैं कि—हे जम्बू ! जिन समाचारी का समाचरन कर साधुओं ससार समुद्र से तीरे हैं वे सब दुःख से मुक्त करनेवाली दशविधि समाचारी मैं तुझे कहता हूं ॥ १ ॥ उन दश समाचारी के नाम—१ आवश्यकी, २ निषेधकी ३ आपृच्छना, ४ प्रतिपृच्छना, ५ छंदना, ६ इच्छाकार ७ मिच्छाकार, ८ तहत्तिकार, ९ अभ्युत्थना, और १० उपसम्पदा यह दश प्रकार की साधु की समाचारी जानना ॥ २-४ ॥ अब इन दशों का अर्थ कहते हैं—१ उपाश्रय आदि स्थान में रहे हुवे साधु को बाहिर जावे आवश्यकी २ शब्दोच्चार करना अर्थात्

सूत्र

घोसरस अतिए ॥ अणगारस्स निक्खतो, धम्म सोच्चा अणुत्तर ॥ ४४ ॥ खवित्ता पुव्वकम्माइ, सजमेण तवेण य ॥ जयघोस विजयघोसा, सिद्धि पत्ता अणुत्तरं ॥४५॥ त्तिबेमि ॥ जन्नइज्ज पचविस अज्झयण सम्मत्त ॥ २५ ॥ • • •

अर्थ

ब्राह्मणने जयघोष नामक महा ऋषि के पास अहिंसादि उत्तम धर्म (दीक्षा) अंगीकार किया ॥ ४४ ॥ फिर दोनों भाइयो सम्यक् प्रकार तप संयम का पालन स्पर्शन कर कर्मों का क्षय कर जयघोष विजय घोष दोनों ही मोक्ष पधारे; अनंत अनुत्तर सुख को प्राप्त किया यों सुधर्मा स्वामीने जम्बू स्वामी से कहा इति जयघोष विजयघोष का पचीसवा अध्ययन समाप्त हुवा ॥ २५ ॥ •

पडिलेहित्ता, वंदित्ता य गुरुं तओ ॥ ८ ॥ पुच्छिज्ज पंजलिउडो कि कायव्वं मए
इह ॥ इच्छं निओइउं भंते ! वेयावच्चे व सज्झाए ॥ ९ ॥ वेयावच्चे निउत्तेण,
कायव्व अगिलायओ ॥ सज्झाए वा निउत्तेण, सव्व दुक्खविमोक्खणे ॥ १० ॥

अर्थ

उपसम्पदा नामक समाचारी है उस का विशेष स्वरूप दर्शावे हुवे साधु का दिन का आचार रात्रि का आचार का सब कर्तव्य का संक्षेप में वर्णन करते हैं—दिन का चार भाग करना उसे चार प्रहर कहते हैं उस में प्रथम प्रहर है उस के भी चार भाग करना (सब दिन ३२ घडी का होता है उस का चौथा भाग आठ घडी का एक प्रहर गिना जाता है और उस का चौथा भाग दो घडी का मुहूर्त गिना जाता है अढाइ (२॥) घडी का घंटा होता है) इस लिये सूर्योदय से एक मुहूर्त दिन आवे उतने में पश्चाप-करण की प्रतिलेखना करना, फिर गुरुआदि को वंदना नमस्कार कर दोनों हाथ जोड पूछे कि—अहो भगवन् ! मैंने प्रतिलेखना तो की है अब मैं वैयावच्च और स्वाध्याय इन दोनों कार्य में से कौनसा काय करूं ? ॥ ८। ९ ॥ तब गुरु कहे कि—हे वत्स ! तुम वैयावच्च करो तो वह गुरु आज्ञा प्रमान कर किंचित ही खेदित नहीं होता हुवा उत्साह पूर्वक वैयावच्च करे, और जो गुरु स्वाध्याय करने की आज्ञा देवे तो सर्व दुःख से मुक्त करनेवाली स्वाध्याय-सज्झाय करे ॥ १० ॥ अब दिन के चारों भाग का

सूत्र

फुआ, ठाणे कुजा निसीहिय ॥ आपुच्छणा सय करण परकरणे पडिपुच्छणा ॥५॥ छंदणा दव्वआएणं, इच्छाकारोय सारण ॥ मिच्छाकाराय निंदाए, तहक्कारो पडिस्सुए ॥ ६ ॥ अब्भुट्ठाण गुरुपूया, अच्छणे उवसंपदा ॥ एवं दुपंच संजुत्ता, सामायारी पवेदिता ॥ ७ ॥ पुव्विल्लंमि चउब्भाए, आइच्चंमि समुट्ठिए ॥ भंडय

अर्थ

में अवश्य कार्य है उस के लिये जाता हूं २ उपाश्रय में पीछे प्रवेश करती वक्त निस्सीही २ अच्छाकार करना अर्थात् जिस कार्य के लिये गया था उस से निवर्ता हूं ३ अपने को जो कोई कार्य करना हो वह गुरु आदि को पूछकर करना ४ दूसरे साधु का काम करने का हो तो भी गुरुआदि जेष्ठ को पूछके करना ५ आहार प्रमुख जो कोई वस्तु लाया हो उस से गुरुआदि की आमंत्रणा करना ६ अपनी इच्छा जिस कार्य करने की हो वह गुरुआदि को दर्शानी गुरुआदि का सलाह लेनी तथा अन्य के पास किसी भी प्रकार का कार्य करना हो तो कहे कि-आप की इच्छा हो तो यह कार्य करना ७ किसी प्रकार का अयोग्य कार्य अपने से बना हो तो उस का पश्चाताप पूर्वक मिच्छा मे दुक्कडं देना अर्थात् यह कार्य मैंने खराब किया ८ गुरुआदि जेष्ठ जो वचन कहे—आज्ञा दे उसे शक्ति प्रमाण तथास्तु करना, ९ गुरुआदि जब आवे जावे तब खडा होना उन की सेवा भक्ति में तत्पर रहना और १० ज्ञानादि गुण की प्राप्ति के लिये गुरु के पास सदैव रहना तथा अन्य गच्छ के आचार्यादि के पास भी स्वेमत ज्ञानादि गुण ग्रहण करना यह पांच पांच अर्थात दश समाचारी तीर्थंकरने कही है ॥५-७॥ जो

पढिलेहित्ता, वंदित्ता य गुरुं तओ ॥ ८ ॥ पुच्छिज्ज पंजलिउडो किं कायव्वं मए इह ॥ इच्छं निओइउं भंते ! वेयावच्चे व सज्झाए ॥ ९ ॥ वेयावच्चे निउत्तेण, कायव्वं अगिलायओ ॥ सज्झाए वा निउत्तेण, सव्व दुक्खविमोक्खणे ॥ १० ॥

अर्थ

उपसम्पदा नामक समाचारी है उस का विशेष स्वरूप दर्शाते हुवे साधु का दिन का आचार रात्रि का आचार का सब कर्तव्य का संक्षेप में वर्णन करते हैं—दिन का चार भाग करना उसे चार प्रहर कहते हैं उस में प्रथम प्रहर है उस के भी चार भाग करना [सब दिन ३२ घडी का होता है उस का चौथा भाग आठ घडी का एक प्रहर गिना जाता है और उस का चौथा भाग दो घडी का मुहूर्त गिना जाता है अढाइ (२॥) घडी का पंग होता है) इस लिये सूर्योदय से एक मुहूर्त दिन आवे उतने में वस्त्राप-करण की प्रतिलेखना करना, फिर गुरुआदि को वंदना नमस्कार कर दोनों हाथ जोड पूछे कि—अहो भगवन् ! मैंने प्रतिलेखना तो की है अब मैं वैयावृत्य और स्वाध्याय इन दोनों कार्य में से कौनसा कार्य करूं ? ॥ ८९ ॥ तब गुरु कहे कि—हे वत्स ! तुम वैयावृत्य करो तो वह गुरु आज्ञा प्रमाण कर किंचित ही खेदित नहीं होता हुवा उत्साह पूर्वक वैयावृत्य करे, और जो गुरु स्वाध्याय करने की आज्ञा देवे तो सर्व दुःख से मुक्त करनेवाली स्वाध्याय सज्झाय करे ॥ १० ॥ अब दिन के चारों भाग का

सूत्र

कुम्मा, ठाणे कुम्मा निसीहिय ॥ आपुच्छणा सय करण परकरणे पडिपुच्छणा ॥५॥ छदणा दव्वजाएणं, इच्छाकारोय सारण ॥ मिच्छाकाराय निंदाए, तहक्कारो पडिस्सुए ॥ ६ ॥ अब्भुट्ठाण गुरुपूया, अच्छणे उवसंपदा ॥ एवं दुपच संजुत्ता, सामायारी पवेदिता ॥ ७ ॥ पुव्विल्लंमि चउब्भाए, आइच्चंमि समुट्ठिए ॥ भंडय

अर्थ

में अवश्य कार्य है उस के लिये जाता हूं २ उपाश्रय में पीछे प्रवेश करती वक्त निस्सीही २ छन्दाचार करना अर्थात् जिस कार्य के लिये गया था उस से निवर्ता हूं ३ अपन को जो कोइ कार्य करना हो वह गुरु आदि को पूछकर करना ४ दूसरे साधु का काम करने का हो तो भी गुरुआदि ज्येष्ठ को पूछके करना ५ आहार प्रमुख जो कोई वस्तु लाया हो उस से गुरुआदि की आमंत्रणा करना ६ अपनी इच्छा जिस कार्य करने की हो वह गुरुआदि को दर्शानी गुरुआदि का सलाह लेनी तथा अन्य के पास किसी भी प्रकार का कार्य करना हो तो कहे कि-आप की इच्छा हो तो यह कार्य करना ७ किसी प्रकार का अयोग्य कार्य अपने से बना हो तो उस का पश्चाताप पूर्वक मिच्छा मे दुक्कडं देना अर्थात् यह कार्य मैंने खराब किया ८ गुरुआदि ज्येष्ठ जो वचन कहे—आज्ञा दे उसे तहति प्रमाण तथास्तु करना, ९ गुरुआदि आप आवे जावे तब खडा होना उन की सेवा भक्ति में तत्पर रहना और १० ज्ञानादि गुन की प्राप्ति के लिये गुरु के पास सदैव रहना तथा अन्य गच्छ के आचार्यादि के पास भी सविनय ज्ञानादि गुण ग्रहण करना यह पांच पांच अर्थात् दश समाचारी तीर्थंकरने कही है ॥५-७॥ अब गुरुवी जो

सधरसेण, पक्खेण च दुअगुलं ॥ वड्ढए हायए वावि मासेणं चउरंगुलं ॥ १४ ॥

पूर्णिमा से हरेक महिने में कृष्ण प्रतिपदा [एकम] से सात दिन में एक अंगुल घटता है पंदरे दिन में दो अंगुल छाया घटती है और महिने में चार अंगुल छाया घटती है, यों घटते २ चेत सुदी पूर्णिमा को तीन पांव छाया की पोरपी होती है और आषाढ महिने में दो पांव छाया की पोरपी होती है फिर सूर्य का पलटा होता है इस लिये आषाढ सुदी पूर्णिमा से सात दिन में एक अंगुल छाया बढाना पंदरे दिन में दो अंगुल छाया बढाना और महिने में चार अंगुल छाया बढाना यों आश्विन सुदी पूर्णिमा को तीन पांव छाया हो जाती है और पोष सुदी पूर्णिमा को चार पांव छाया हो जाती है, इस प्रकार पांव से पोरपी का माप जानना और जो हाथ के वेंत से मापना हो तो दो वेंत का पांव होने से आधा पांव का वेंत होता है इस लिये सब हिसाब आधा गिनना अर्थात् आषाढ महिने में वेंत की एक वेंत पूरी छाया होने पर पोरपी दिन आता है, फिर सात दिन में आधा अंगुल, पदरे दिन में पूरा अंगुल और महिने में दो २ अंगुल छाया की वृद्धि करते २ पोष महिने तक दो वेंत छाया की पोरपी होती है फिर पक्ष में एक अंगुल और महिने में दो अंगुल घटते २ आषाढ महिने तक एक वेंत छाया की पोरपी होती है घोडियों की गिनती इस प्रकार होती है सूर्य की तरफ पृष्ठ कर खडा रहे जहां तक अपने शरीर की छाया पडे वहां लग के पांव के माप में सात की वृद्धि कर एकसो वीस का भाग देने से जितने आवे उतनी घडी दिन दो प्रहर तक आया और दो प्रहर बाद रहा जानना ॥ २४ ॥ अब दिन की तथा रात्रि की घडी के प्रमाण का यत्र देते हैं—

रिक्खस्स चउरो भागे, भिक्खू कुज्जा वियक्खणो ॥ तओ उत्तरगुणे कुज्जा, दिण भागेसु चउसु वि ॥ ११ ॥ पढम पोरिसि सज्झायं, बीयं झाण झियायई ॥ तइयाए भिक्खायरियं, पुणो चउत्थीइ सज्झाय ॥ १२ ॥ आसाढे मासे दुपया, पोसे मासे चउप्पया ॥ चित्तासोएसु मासेसु, तिप्पया हवइ पोरिसी ॥ १३ ॥ अंगुल

संक्षेप में कहते हैं—दिन के प्रथम प्रहर में शास्त्र की स्वाध्याय करे दूसरे प्रहर में अर्थ चिन्तवन रूप ध्यान करे तीसरे प्रहर में गौचरी (आहार आदि की याचना) करे, और चौथे प्रहर में फिर स्वाध्याय करे ॥ १२ ॥ * प्रथम के दो प्रहर दिन आवे वहां तक उत्तर तरफ मुख रखकर और पीछे के दो प्रहर में दक्षिण दिशा तरफ मुख रखकर सूर्य के ताप [धूप] में खड़ा रहकर फिर दाहिन (जीमने) गोड़ का भाग आगे खड़ा कर घुटने पर तर्जनी अंगुली लगावे उस की छांय जमीन पर जिस स्थान पर वहां से पांव की छांय को मापे आषाढ महिने में दो पांव प्रथम की और पीछे की छाया हो तब प्रहर दिन आया अथवा रहा जानना पोष महिने में चार पांव छाया आवे तथा रहे तब प्रहर दिन आया अथवा रहा मानना और चैत तथा अश्विन महिने में तीन पांव छांया हो तब प्रहर दिन आया तथा रहा मानना ॥ १३ ॥ अब बाकी के बीच के आठ महिने में प्रहरसी का प्रमाण कहते हैं पोष शुक्ल

* इन चारों प्रहर के मध्य में वैयावच्च करने का काम होवे तो सब काम छोड़ प्रथम उस करे. यह कथन नवमी गाथा के अनुसार से कहा है

सूत्र

रूप

रात्रिकी महरसी पांव ममान	अपाढ	श्रावण	भाद्रव	आश्विन	कार्तिक	मृगशर	पोप	महा	फाल्गुन	चैत	वैशाख	जेष्ठ
	पां अं	पां अं	पां अं	पां अं	पां अं	पां अं	पां अं	पां अं	पां अं,	पां अं	पां अं	पां अं
कृष्ण सप्तमी	२ ९	२ ७	३ १	३-६	३ २	४ ३	४ ७	४ २	४ ३	३ ११	३-७	३ २
अमावस्या	२ ८	२-८	३-२	३ ६	३ १	४ ४	४ ८	४ ८	४ २	३ १०	३ ६	३
शुक्ल सप्तमी	२-७	२ २	३-३	३-७	३ ११	४ ५	४ ?	४-७	४ १	३ २	३ ५	२ ११
पूर्णिमा	२ ६	२ १०	३ ४	३-८	४	४ ३	४ १०	४ ६	४	३ ८	३ ४	२ १०

सूत्र

आसाढ बहुल पक्खे, भद्दवए कत्तिएय पोसे य ॥ फग्गुण वाइसाहेसु य, बोद्धव्वा-ओमरत्ताओ ॥ १५ ॥ जंट्ठामूले आसाढ सावणे, छहिं अगुलेहिं पडिलेहा ॥ अट्ठहिं

अर्थ

अब कौन से महिने में तिथी घटती तथा वृद्धिपाती है सो कहते हैं—१ अषाढ २ भाद्रव, ३ कार्तिक ४ पोष, ५ फाल्गुन, और ६ वैशाख इन छ महिने के कृष्ण पक्ष में तीथी घटती है, अर्थात् यह ६ महिने २९ दिन के होते हैं इस सिवाय—१ श्रावण, २ आश्विन ३ मृगशर ४ महा ५ चैत, और ६ जेष्ट, यह ६ महीने पूर्ण ३० दिन के होते हैं अर्थात् एक महिना गुनतीसा और एक महीना तीसा होता है ॥ १५ ॥ अब पौन पोरषी का प्रमाण बताते हैं—१ जेष्ट, २ अषाढ और ३ श्रावण इन तीन महिने का जो महरसी का प्रमाण ऊपर कहा है उन पांव पर छ अंगुल अधिक करने से पौन पोरषी का

है—जिस काल में जो नक्षत्र रात्रि को पूर्ण करते हों उन का आकाश में चार भाग करना जब नक्षत्र आकाश में चौथे भाग में आवे तब प्रहर रात्री आई जानना आकाश के मध्य में आवे तब आधी रात्रि आई जानना तीसरे भाग में जावे तब प्रहर रात्रि रही जानना और उस नक्षत्र के अस्त होने से रात्रि पूर्ण होती है अब जो नक्षत्र जिस २ महीने की रात्रि को पूर्ण करते हैं उन के नाम चंद्र प्रज्ञप्ति सूत्र अनुसार कहते हैं—१ श्रावण महीने की प्रतिपदा से चवदह दिन तक उत्तराषाढा नक्षत्र, फिर सात दिन अभिजित नक्षत्र, फिर आठ दिन धनिष्ठा नक्षत्र और श्रवण शुक्ल पूर्णिमा को धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है २ भाद्रव प्रतिपदा से १४ दिन धनिष्ठा सात दिन शतभिषा, आठ दिन पूर्व भाद्रपद और पूर्णिमा के दिन उत्तर भाद्रपद नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ३ आश्विन महिने की प्रतिपदा से चौदह दिन तक उत्तराभाद्रपद, पन्द्रे दिन रेवती, और पूर्णिमा के दिन अश्विनी नक्षत्र रात्री पूर्ण करता है ४ कार्तिक महिने की प्रतिपदा से १४ दिन अश्विनी, १५ दिन भरनी, और पूर्णिमा के दिन कृत्तिका नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ५ मृगशिर महिने की प्रतिपदा से १४ दिन कृत्तिका, १५ दिन रोहिणी और पूर्णिमा के दिन मृगशिर नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ६ पौष महिने की प्रतिपदा के १४ दिन मृगशिर आठ दिन आर्द्रा, सात दिन पुनर्वसु और पूर्णिमा को पुष्य नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ७ महा महिने की प्रतिपदा से १४ दिन तक पुष्य नक्षत्र, १५ दिन अश्लेषा नक्षत्र, और पूर्णिमा के दिन मघा नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ८ फाल्गुन महिने की प्रतिपदा से १४ दिन मघा,

मूल

बीयतयम्मि, तइए दस अट्ठहिं चउत्थे ॥ १६ ॥ रत्तिं पि चउरो भागे, कुज्जा भिक्खू वियक्खणो ॥ तओ उत्तरगुणे कुज्जा राइभाएसु चउसुवि ॥ १७ ॥ पढम पोरिसि सज्झायं, बीतिय झाण झियायई ॥ तइयाए निद्दमोक्खंतु चउत्थी भुज्जो वि सज्झाय ॥१८॥ ज नेइ जयारत्तिं, नक्खत्त तम्मि नभचउब्भाए॥सच्चे वि

अर्थ

प्रमाण होता है वैसे ही-१ भाद्रव, २ आश्विन और कार्तिक इन तीन महिने में उक्त जो पोरपी का प्रमाण कहा है उस पर आठ अंगुल अधिक करने से पौन पोरपी का प्रमाण होता है, वैसे ही -१ मृगशर २ पोष, और ३ महा इन तीन महीने का पोरपी का जो ऊपर प्रमाण कहा है उस पर दश अंगुल की वृद्धि करने से पौन पोरपी का प्रमाण होता है. वैसे ही—१फाल्गुन २ चैत और ३ वैशाख इन तीन महीने में जो पोरपी की छाया का प्रमाण कहा है उस पर आठ अंगुल वृद्धि करने से पौन पोरपी का प्रमाण होता है, इस प्रकार हरेक महिने में प्रथम पांवों का जो प्रमाण कहा है उस पर उक्त प्रमाण अंगुल की वृद्धि करने से पौन पोरसी का प्रमाण होता है ॥ पोरसी दिन आवे तब पात्र की प्रति लेखना करना ॥ यह दिन का कर्तव्य संक्षेप में कहा ॥ १६ ॥ अब रात्रि का कर्तव्य कहते हैं ॥ विचक्षण साधु रात्रि के भी चार भाग कर फिर उन चारों भागों में पृथकर उत्तर गुण का कर्तव्य करे ॥ १७ ॥ रात्रि के प्रथम प्रहर में स्वाध्याय करे दूसरे प्रहर में ध्यान धरे तीसरे प्रहर में निद्रा मुक्त होवे, और चौथे प्रहर में पुनःस्वाध्याय करे ॥ १८ ॥ अब रात्रि का पोरसी का मान किस प्रकार जानना सो कहते

है—जिस काल में जो नक्षत्र रात्रि को पूर्ण करते हों उन का आकाश में चार भाग करना यह नक्षत्र आकाश में पाये भाग में आवे तब प्रहर रात्री आइ मानना आकाश के मध्य में आवे तब आधी रात्रि आइ जानना तीसरे भाग में आवे तब प्रहर रात्रि रही जानना और उस नक्षत्र के अस्त होने से रात्रि पूर्ण होती है अब जो नक्षत्र जिस २ महीने की रात्रि को पूर्ण करते हैं उन के नाम चंद्र प्रज्ञप्ति सूत्र अनुसार कहते हैं—१ श्रावण महिने की प्रतिपदा से चउदह दिन तक उत्तराषाढा नक्षत्र, फिर सात दिन अभीच नक्षत्र, फिर आठ दिन धनिष्ठा नक्षत्र और श्रवण शुक्ल पूर्णिमा को धनिष्ठा नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है २ भाद्रव प्रतिपदा से १४ दिन धनिष्ठा, सात दिन शतभिषा, आठ दिन पूर्व भाद्रपद और पूर्णिमा के दिन उत्तर भाद्रपद नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ३ आश्विन महिने की प्रतिपदा से चौदह दिन तक उत्तराभाद्रपद, पन्द्रे दिन रेवती, और पूर्णिमा के दिन अश्विनी नक्षत्र रात्री पूर्ण करता है ४ कार्तिक महिने की प्रतिपदा से १४ दिन अश्विनी, १५ दिन भरणी, और पूर्णिमा के दिन कृत्तिका नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ५ मृगशिर महिने की प्रतिपदा से १४ दिन कृत्तिका, १५ दिन रोहिणी और पूर्णिमा के दिन मृगशिर नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ६ पोष महिने की प्रतिपदा से १४ दिन मृगशिर, आठ दिन आर्द्रा, सात दिन पुनर्वसु और पूर्णिमा को पुष्य नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ७ महा महिने की प्रतिपदा से १४ दिन तक पुष्य नक्षत्र, १५ दिन अश्लेषा नक्षत्र, और पूर्णिमा के दिन मघा नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है. ८ फाल्गुन महिने की प्रतिपदा से १४ दिन मघा,

मूल

धीपतयंमि, तइए दस अट्ठहिं चउत्थे ॥ १६ ॥ रत्तिं पि चउरो भागे, कुज्जा भिक्खू वियक्खणो ॥ तओ उत्तरगुणे कुज्जा राइभाएसु चउसुवि ॥ १७ ॥ पढम पोरिसि सज्झायं, बीतिय झाण झियायई ॥ तइयाए निद्दमोक्खतु चउत्थी भुज्जो वि सज्झाय ॥१८॥ ज नेइ जयारत्तिं, नक्खत्त तमि नभचउब्भाए॥सपत्ते वि

अर्थ

प्रमान होता है वैसे ही—१ भाद्रव, २ आश्विन और कार्तिक इन तीन महीने में उक्त जो पोरषी का प्रमान कहा है उस पर आठ अंगुल अधिक बढाने से पौन पोरषी का प्रमान होता है, वैसे ही—१ मृगशर २ पोष, और ३ महा इन तीन महीने का पोरषी का जो ऊपर प्रमान कहा है उस पर दश अंगुल की वृद्धि करने से पौन पोरषी का प्रमान होता है वैसे ही—१फाल्गुन २ चैत्र और ३ वैशाख इन तीन महीने में जो पोरषी की छाया का प्रमान कहा है उस पर आठ अंगुल वृद्धि करने से पौन पोरषी का प्रमान होता है, इस प्रकार हरेक महिने में प्रथम पोरषी का जो प्रमाण कहा है उस पर उक्त प्रमाने अंगुल की वृद्धि करने से पौन पोरसी का प्रमान होता है ॥ पोरसी दिन आवे तो पात्र की प्रति लेखना करना ॥ यह दिन का कर्तव्य संक्षेप में कहा ॥ १६ ॥ अब रात्रि का कर्तव्य कहते हैं ॥ विचक्षण साधु रात्रि के भी चार भाग कर फिर उन चारों भागों में पृथकर उत्तर गुन का कर्तव्य करे ॥ १७ ॥ रात्रि के प्रथम प्रहर में स्वाध्याय करे दूसरे प्रहर में ध्यान धरे तीसरे प्रहर में निद्रा मुक्त होवे, और चौथे प्रहर में न स्वाध्याय करे ॥ १८ ॥ अब रात्रि का पोरसी का मान किस प्रकार जानना सो कहते

भायणं पडिलेहए ॥ २२ ॥ मुहपत्तिं पडिलेहित्ता पडिलेहिज्ज गोच्छगं ॥ गोच्छग लइयगुलिओ, वत्थाइ पडिलेहए ॥ २३ ॥ उड्ढं थिरं अतुरियं, पुव्वं ता वत्थ मेव पडिलेहे ॥ तो बिइयं पप्फोडे, तइयं च पुणो पमज्जिज्ज ॥ २४ ॥ अणच्चाविय

अर्थ

काल से निवृत्ति पाकर पोरषी के चौथे भाग में गुरु को वंदना करके सर्व दुःख से मुक्त करनेवाली स्वाध्याय करे ॥ २२ ॥ पोरषी के चौथे भाग में पोन पौरषी निवृते बाद गुरु को नमस्कार करके स्वाध्याय के काल से निवृत्त हो पात्रादि भाजन की प्रतिलेखना करे ॥ २३ ॥ अब वस्त्र की पडिलेहना करने की विधी कहते हैं—सब पडिलेहना के पचीस प्रकार कहे हैं उस में १२ तो प्रशस्त (अच्छे) हैं और तेरह अप्रशस्त (खराब) हैं जिस में से प्रथम बारा प्रशस्त पडिलेहना कहते हैं—१ जमीन से वस्त्र ऊंचा रखे, २ मजबूत पकडे, ३ शीघ्रता नहीं करे ४ आदि से अन्त तक वस्त्रादि का सर्व विभाग सूक्ष्म दृष्टि से देखे यह प्रथम चार पडिलेहना दृष्टी से देखने की कही जो दृष्टी देखते जीव की शंका पडे तो—५ वस्त्र को थोडासा खंखेरे (झटके) (यह दूसरी खंखेरने की पडिलेहना) जो खंखेरते भी जीव दूर न होवे तो ६ गुच्छकादि से वस्त्रादि का प्रमार्जे [यह तीसरी] यह पडिलेहना प्रशस्त जानना ॥ २४ ॥ और भी छ प्रशस्त पडिलेहना कहते हैं—७ वस्त्र को तथा शरीर को नचावे नहीं ८ वस्त्र को मरोडे नहीं, ९ वस्त्रादि कुछ भी बिना पडिलेहना नहीं रखे, १० वस्त्रादि का ऊपर छप्परादि से नीचे

रमज्जा, सज्झाय पओसकालम्मि ॥ १९ ॥ तम्मेव य नक्खत्ते, गयण चउब्भाग साय सेसम्मि ॥ वेरत्तिय पि कालं पडिलेहित्ता मुणी कुज्जा ॥ २० ॥ पुव्विल्लम्मि चउब्भाए पडिलेहित्ताण भंडय ॥ गुरु वंदित्तु सज्झाय, कुज्जा दुक्खविमोक्खण ॥ २१ ॥ पोरिसीए चउब्भाए, वंदित्ताण तओ गुरु ॥ अपडिक्कमित्ता कालस्स,

१५ दिन पूर्वाफाल्गुनी, और पूर्णिमा को उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ९ चैत्र महिने की प्रतिपदा से १४ दिन उत्तराफाल्गुनी १५ दिन हस्त और पूर्णिमा के दिन चित्रा नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है १० वैशाख महिने की प्रतिपदा से १४ दिन चित्रा, १५ दिन स्वाति और पूर्णिमा को विशाखा नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है ११ जेष्ठ महिने की प्रतिपदा से १४ दिन विशाखा, १५ दिन अनुराधा और पूर्णिमा को जेष्ठा नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है और १२ असाढ महिने की प्रतिपदा से १४ दिन जेष्ठा नक्षत्र, ७ दिन मूल नक्षत्र ८ दिन पूर्वाषाढा और पूर्णिमा को उत्तराषाढा नक्षत्र रात्रि पूर्ण करता है यों चार महिने में रात्रि का प्रमाण जानना ॥१९॥ और उक्त नक्षत्रों आकाश के तीन भाग पूर्ण कर चौथा भाग में प्रवर्तते तब प्रहर रात्रि रहे और उसके ही चौथे भाग में आधा यह दो घडी रात्रि रही जानना उस काल की प्रति लेखना कर साधु प्रतिक्रमणादि क्रिया करे ॥२०॥ अब दिन का कर्तव्य विस्तार से कहते हैं—दिन के प्रथम प्रहर के प्रथम चौथे भाग में (सूर्योदय से दो घडी तक) वस्त्रादि उपकरणों की प्रति लेखना करे फिर गुरु महाराज को वंदना नमस्कार करे स्वाध्याय करे ॥ २१ ॥ पोन पोरसी हुवे बाद स्वाध्याय के

सूत्र

मुणा ॥ कुणइ पमाणि पमाय, साकिय गणणोयग कुज्जा ॥ २७ ॥ अणूणाइरित्त पडिलेहा, अविवच्चासा तहेवय ॥ पढम पय पसत्थ, सेसाणिय अप्प सत्थाणि

अर्थ

रखकर पडिलेहना करे (६) एक मदीसा-दोनों घुटने दोनों हाथ के मध्य रख पडिलेहना करे, यह छ ही प्रकार की पडिलेहना अप्रशस्त (खराब) कहा है ॥ २७ ॥ और भी सात प्रकार की अप्रशस्त पडिलेहना कहते हैं-१ वस्त्र मजबूत नहीं पकडे ८ वस्त्र लम्बा रखकर पडिलेहना करे, ९ वस्त्र को धरती के साथ रगडे १० एक ही वक्त में सब वस्त्र दृष्टि से देखे ११ पडिलेहना करते वस्त्र को तथा शरीर को हलावे १२ पांच प्रकार के प्रमाद सहित पडिलेहना करे और १३ बारा प्रकार की जो प्रशस्त प्रतिलेहना कही है उस की गिनती करते हुए भूले यह तेरे प्रकार की अप्रशस्त प्रतिलेखना जानना यों पूर्वोक्त १२ प्रशस्त और १३ अप्रशस्त दोनों मिलकर २५ प्रकार की पडिलेहना जानना ॥ २७ ॥ अप डिलेहना के आठ भांग कहते हैं-पडिलेहना की विधी-१ कमी नहीं करे, ज्यादा नहीं करे विपरीत नहीं करे २ कमी नहीं करे ज्यादा नहीं करे परंतु विपरीत करे, ३ कमी करे ज्यादा करे परंतु विपरीत नहीं करे, ४ कमी नहीं करे ज्यादा करे और विपरीत करे, ५ कमी करे ज्यादा नहीं करे, विपरीत नहीं करे ६ कमी करे ज्यादा नहीं करे विपरीत करे ७ कमी करे, ज्यादा करे, विपरीत नहीं करे और ८ कमी करे, ज्यादा करे, विपरीत करे इन आठ भांगों में प्रथम भांगा प्रशस्त (अच्छा) बाकी सात भांगे

अयलिपं, अणाणुयविममोसालि ॥ छप्पुरिमा नव पक्खोडा, पाणी पाभिविसोहण ॥ २५ ॥ आरभडा स दा वज्जेयव्वा य मोसली तइया ॥ पप्फोडणे चउत्थी, विक्खित्ता वेइया छट्ठी ॥ २६ ॥ पसिढिल पलंबलोला, एगा मोसा अणेग रूव

नवीन न और ते उा मीत दि स लगावे नहीं ११ वस्त्र का झटकारे नहीं और १२ वस्त्रादि में मो और ऐसी भाव वो उस के पानी ऊपर ग्रहण कर प्राणी की विराधी पश्चात में परिठाय यों १२ प्रकार पडिलेहना मानना ॥ २५ ॥ ❀ अ ० पडिलेहना अप्रशस्त कहते हैं—१ आरभडा सो विपरीत तथा शीघ्रता से पडिलेहना कर, २ समादा सो वस्त्र को मरोडे मशले ३ मोसली सो वस्त्र को ऊंचा नीचा तिरछा लगावे ४ पफोडा-वस्त्र को झटके ५ विखित्ता सो-वस्त्र को बिखेर कर रखे तथा पडिलेहना बिना पडिलेहना बेस रखे ६ पांच वेदी का-(१) ऊंची वेदीका-एक घुटने पर दोनों हाथ रखकर पडिलेहना करे (२) नीची वेदीका-दोनों हाथ घुटने के नीचे रखकर पडिलेहना करे, (३) तिरछी वेदी का एक घुटने के दोनों पास हाथ रखकर पडिलेहना करे, (४) दो पास वेदीका-घुटने के बीच में दोनों हाथ

❀ जिस के स्थान नव पखोडा का अर्थ ऐसा भी है कि-किसी भी पक्ष के तीन विभाग कर उस में का एकक विभाग ऊपर मध्य और नीचे ऐसे तीनों स्थान में रखना तीन श्री नव पखोडे होते हैं और कितनीक प्रतों में नव खोडा पाठ है उस का अर्थ झटके नहीं ऐसा है

मूल

वेयण वेयावच्चे, इरियट्ठाए य संजमट्ठाए ॥ तह पाणवत्तियाए, छट्ठं पुण धम्मचिंताए ॥ ३३ ॥ निग्गंथो धिइमंतो, निग्गंथी वि न करेज्ज छहिं चेव ॥ ठाणेहि उ इमेहिं, अणतिक्कमणाइ से होइ ॥ ३४ ॥ आयंके उवसग्गे, तितिक्खया बंभचेरगुत्ती सु

अर्थ

॥ ३२ ॥ अब छ कारन आहार करने के कहते हैं—१ क्षुधा वेदनी शमाने के लिये २ गुरु आदि की वैयावच्च करने के लिये ३ ईर्या पंथ शोधन करने अर्थात् आहार बिना आंख में अंधारी आती हो तो ४ संयम का निर्वाह काल पालन करने ५ अपने प्राण की तथा छ काय प्राणीयों की रक्षा करने के लिये और ६ धर्म ध्यान का चिन्तवन करने अर्थात् आहार बिना चित्त व्याकुल हो धर्म ध्यान में विघ्न पडता हो तो आहार करे इन छ कारन में का कोइ भी कारन हुवे आहार करे ॥ ३३ ॥ उक्त छ कारन में का कोइ भी कारन उत्पन्न हुवे जो साधु साध्वी आहार करते हैं वे तीर्थंकर की आज्ञा का उल्लंघन करने वाले नहीं होते हैं अर्थात् जिनाज्ञा के आराधक होते हैं ॥ ३४ ॥ अब छे कारन से आहार का त्याग कर सो कहते हैं—१ रोग प्राप्त

यार दूसरे आरे में दो दिन बाद, तीसरे आरे में एक दिन बाद, चौथे आरे में दिन में एक वक्त पांचवे आरे में दो वक्त छठे आरे में बेमात्रा आहार की इच्छा होती है, इस अपेक्षा से चौथे आरे में दो प्रहर दिन के बाद ही गृहस्थ के घरों में आहार निष्पन्न होने का समय है सदैव के लिए तो संपूर्ण दिवस उष्णता तथा कालकाल समाचर अर्थात् जिस ग्रामादि में जब भिक्षा का काल हो तब भिक्षा ग्रहण करने जावे.

सूत्र

॥ २८ ॥ पडिलेहणं कुणंतो, मिहोकहं कुणइ जणवय कहं वा ॥ देइ व पच्चक्खाणं वाएइ सयं पडिच्छइ वा ॥ २९ ॥ पुढवी आउक्काए तेऊ वाऊ वणस्सइ तसाण ॥ पडिलेहणा पमत्तो छण्हंपि विराहओ होइ ॥ ३० ॥ पुढवी आउक्काए, तेऊ वाऊ वणस्सइ तसाणं ॥ पडिलेहणा आउत्तो छण्हं संरक्खओ होइ ॥ ३१ ॥ तइयाए पोरिसीए भत्तपाणं गवेसए ॥ छण्हं अन्नयराए कारणंमि उवट्ठिए ॥ ३२ ॥

अर्थ

जानना ॥ २८ ॥ अब पडिलेहना करते पांच काम करना नहीं—१ परस्पर वार्तालाप करे नहीं २ चारों विकथा करे नहीं, ३ प्रत्याख्यान करावे नहीं ४ वाचना पृच्छना परियटना अनुप्रेक्षा धर्म कथा पांचों प्रकार की स्वाध्याय आप करे नहीं और पांचों स्वाध्याय अन्य के पास करावे नहीं ॥ २९ ॥ उक्त पांच प्रकार से प्रमाद करता हुवा जो पडिलेहना करेगा वह पृथ्वी २ पानी, ३ अग्नि, ४ वायु ५ वनस्पति और ६ त्रस इन छ ही काय जीवों की विराधना करनेवाला होगा ॥ ३० ॥ और जो उपयोग सहित पडिलेहना करेगा तो—१ पृथ्वी, २ पानी ३ अग्नि, ४ वायु, ५ वनस्पति और ६ त्रस इन छ ही काय जीवों की यत्ना करनेवाला होवे यह पडिलेहना का अधिकार कहा ॥ ३१ ॥ अब गोचरी का अधिकार कहते हैं—आगे कहे ये छ कारन में से कोई भी कारन प्राप्त हुवे साधु दिन के तीसरे प्रहर में अर्थात् दो प्रहर दिन आए बाद * गोचरी करने के लिये सावधान होवे

* यहां तीसरा प्रहर में गोचरी का कहा सो चौथे आरा आश्रित जानना क्यों कि चौथे आरे में तीन दिन के

वेयण वेयावच्चे, इरियट्ठाए य संजमट्ठाए ॥ तह पाणवत्तियाए, छट्ठं पुण धम्मचिंताए ॥ ३३ ॥ निग्गंथो धिइमंतो, निग्गंथी वि न करेज्ज छहिं चेव ॥ ठाणेहिं उ इमेहिं, अणतिक्कमणाइ से होइ ॥ ३४ ॥ आयंके उवसग्गे तितिक्खया बंभचेरगुत्ती सु

॥ ३२ ॥ अब छ कारन आहार करने के कहते हैं—१ क्षुधा वेदनी शमाने के लिये २ गुरु आदि की वैयावच्च करने के लिये ३ ईर्या पथ शोधन करने अर्थात् आहार बिना आंख में अंधारी आती हो तो ४ संयम का निर्वाह करने ५ अपने प्राण की तथा छ काय प्राणीयों की रक्षा करने के लिये और ६ धर्म ध्यान का चिन्तवन करने अर्थात् आहार बिना चित्त व्याकुल हो धर्म ध्यान में विघ्न पड़ता हो तो आहार करे इन छ कारन में का कोई भी कारन हुवे आहार करे ॥ ३३ ॥ उक्त छ कारन में का कोई भी कारन उत्पन्न हुवे जो साधु साध्वी आहार करते हैं वे तीर्थंकर की आज्ञा का उल्लंघन करने वाले नहीं होते हैं अर्थात् जिनाज्ञा के आराधक होते हैं ॥ ३४ ॥ अब छे कारन से आहार का त्याग कर सो कहते हैं—१ रोग प्राप्त

यार दूसरे आरे में दो दिन बाद, तीसरे आरे में एक दिन बाद, चौथे आरे में दिन में एक वक्त पांचवे आरे में दो वक्त छठे आरे में व मात्रा आहार की इच्छा होती है, इस अपेक्षा से चौथे आरे में तीसरे प्रहर दिन के बाद ही गृहस्थ के घरों में आहार निष्पन्न होने का समय है, सवेरे के लिये तो संपूर्ण दिवस... तथा कालंकाल समाचर अर्थात् जिस ग्रामादि में जब भिक्षा का काल हो तब भिक्षा ग्रहण करने जावे.

सूत्र

पाणिदया तवहेउ, सरीर वोच्छेयणट्ठाए ॥ ३५ ॥ अवसेसं भंडगं, गिज्झ चक्खुसा पडिलेहए ॥ परमद्ध जोयणाओ विहारं विहरे मुणी ॥ ३६ ॥ चउत्थीए पोरिसीए निक्खिवित्ताण भायणं ॥ सज्झायं तओ कुज्जा सव्वभाव विभावणं ॥ ३७ ॥ पोरिसीए चउब्भाए वंदित्ताण तओ गुरु ॥ पडिक्कमित्ता कालस्स सज्ज

अर्थ

होवे सो तपश्चर्या मौषधी है २ सर्पादि पशुओं तथा देवादि का उपसर्ग उत्पन्न होवे तब आहार छोडे ३ मन में रहन हर होवे ४ शीघ्र ब्रह्मचर्य व्रत पालन करने इन्द्रिय जय करने का महान उपाय तपश्चर्या है ४ प्राणी जीवों की रक्षार्थ आहार निहारादि अर्थ गमना गमन करने की हिंसा छोडना ५ तपश्चर्या करने के लिये और ६ शरीर का परित्याग (संथारा) करने इन छे कारन आहार का त्याग करता हुआ साधु जिनाज्ञा का उल्लंघन नहीं करता है ॥ ३५ ॥ जो कभी साधु का आहार पानी साथ लेकर विहार करना होतो सब भंडोपकरन की पडिलेहणा कर उन सब को अपने साथ में ले उठाए आधा योजन (दो कोस) पर्यन्त जा सकता है ॥ ३६ ॥ आहार किये बाद चौथी पहरसी में भंडोपकरण पात्रादि को अच्छी तरह बांधकर अलग रख और फिर सब पदार्थ भाव का प्रकाशने वाली स्वाध्याय करें ॥ ३७ ॥ चौथी पहरसी के चौथे भाग में (दो घडी दिन रहे तब) स्वाध्याय से निवृत्त कर अपने गुरु आदि को वंदना

सूत्र

तु पडिलेहए ॥ ३८ ॥ पासवणुच्चारभूमिं च पडिलेहिज्ज जयं जई ॥ काउस्सग्गं तओ कुज्जा, सव्व दुक्खविमोक्खणं ॥ ३९ ॥ देवसियं च अतीचारं, चिंतिज्जा

अर्थ

नमस्कार करके शयन करने का मकान शय्या-पाटादि बिछानेके वस्त्रादि की पडिलेहणा करे ॥ ३८ ॥ फिर उच्चार - बडी नीत परिठाने की प्रस्रवण-लघुनीत परिठाने की भूमी की यत्ना से पडिले हणा करे फिर काउत्सर्ग करे-अर्थात्-प्रथम नमस्कार मंत्र कह तिक्खुत्ता से वंदना कर इर्यावही तस्स उत्तरी का पाठकह कायोत्सर्ग करे कायुत्सर्ग में इर्यावही की चिंतवना करे कायुत्सर्ग पार लोगस्स कह फिर प्रति लेखना में जो दोष लगा हो उस का मिथ्या दुष्कृत्यदे फिर एक सिद्ध भगवंत को, दूसरा अरिहंत का, नमोत्थुणं देवे तीसरा 'मम धम्म गुरु धम्मायरि का होना" इस मुजब प्रथम क्षेम प्रश्न करके फिर गुरु आदि पास प्रथम आवश्यक की आज्ञा ग्रहण कर, इच्छामिणे भंते, नवकार, करेमी भंते इच्छामी ठामी; तस्स उत्तरी का पाठ कहकर सर्व दुःख का क्षय करने वाला कायुत्सर्ग करे ॥ ३९ ॥ कायुत्सर्ग में दिन सम्बन्धी ज्ञान में दर्शन में चारित्र में जो कोई अतिचार लगा हो उस की चिंतवना अनुक्रम से करे अर्थात्—१४ ज्ञान के ५ सम्यक्त्व के २५ भावना पांच महाव्रत की, २ रात्रि भोजन के, ४ इर्या समिति के २ भाषा समिती के ४७ एषणा समिती के, २ आदान निक्षेपना समिती के, १० परिठावणिया समिती के, ३ मनगुप्ति के, ३ वचन गुप्ति के, ३ काया गुप्ति के

सूत्र

अणुपुव्वसो ॥ नाणमि दंसणे चेव चरित्तम्मि तहेव य ॥ ४० ॥ पारिय काउस्सग्गो, वदित्ताण तओ गुरु ॥ देसिय तु अतिचारं, आलोएज्ज जहक्कम ॥ ४१ ॥ पडिक्कमित्तु निस्सल्लो, वदित्ताण तओ गुरु ॥ काउस्सग्ग तओ कुज्जा, सव्व दुक्खविमोक्खण ॥ ४२ ॥ पारिय काउस्सग्गो वदित्ताण तओ गुरु ॥ थुइमगल च

अर्थ

मार पांच संलेखना के यों सब १२५ अतिचार की कायुत्सग में चिंतवना करे ॥ ४० ॥ कायुत्सर्ग पारकर दूसरे आवश्यक की आज्ञा से लोगस्स करे, फिर तीसरे आवश्यक की आज्ञा से गुरु आदि को इच्छामी खमासमणा की पाटी से बारे आवृत रूप वदना करे फिर चौथे आवश्यक की आज्ञा ग्रहण करे दिन का लगे हुवे उक्त अतिचारों की अनुक्रम से आलोचना करे ॥ ४१ ॥ सब अतिचारों का प्रतिक्रमण कर मिथ्या दुष्कृत्य देकर नि शल्य होवे श्रमणसूत्र नमो चउवीसा इच्छामी खमा समणा पाचों पद को वंदना वगैरह करे फिर गुरु आदि का वदना कर पांचवे आवश्यक की आज्ञा से नवकार करेमी भते इच्छामीठामी तस्सुत्तरी करके सर्व दुःख मुक्त करता चार लोगस्स का कायुत्सर्ग करे यह पांचवा आवश्यक हुवा ॥ ४२ ॥ फिर कायुत्सर्ग पारकर लोगस्स कहकर गुरु वंदन करे अर्थात इच्छामी खमासमणा से ४ द्वादशावृत वंदना करे फिर प्रत्याख्यान करे यह छ ही आवश्यक पूर्ण हुवे इस प्रकार छ ही आवश्यक पूर्ण हुवे बाद स्तुति मंगल करे अर्थात् सिद्ध का और अरिहंत को

सूत्र

काऊण, काल संपडिलेहए ॥ ४३ ॥ पढम पोरिसि सज्झाय बितियं झाणं झियायई तइयाए निद्दमोक्खं तु, सज्झायं तु चउत्थिए ॥ ४४ ॥ पोरिसीए चउत्थीए, कालं तु पडिलेहए ॥ सज्झायं तु तओ कुज्जा, अबोहतो असंजए ॥ ४५ ॥ पोरिसीए चउब्भाए वंदिऊण तओ गुरु॥ पडिक्कमित्तु कालस्स, कालं तु पडिलेहए ॥ ४६ ॥ आगए कायवोस्सग्गे सव्व दुक्खविमोक्खणे ॥ काउस्सग्गं तओ कुज्जा, सव्व

अर्थ

और धर्माचार्य को नमोत्थुणं देवे फिर स्वाध्याय करने के लिये काल की पडिलेहना करे दिशा को देखे की रक्त वर्ण की तो नहीं, तारादि तो टूटते नहीं है वगैरह ॥ ४३ ॥ फिर रात्रि के प्रथम प्रहर में स्वाध्याय करे दूसरे प्रहर में ध्यान करे तीसरे प्रहर में निद्रा से मुक्त होवें और चौथे प्रहर में स्वाध्याय करे ॥ ४४ ॥ चौथी प्रहरसी के कालका प्रतिलेखन करके अर्थात् चौथी प्रहरसी प्राप्त हुई जानकर ३२ असझाय टालकर असंयति यों जाग्रत न होवे इस प्रकार स्वाध्याय करे ॥ ४५ ॥ फिर रात्रि के चौथी पोरसी के चौथे भाग में अर्थात् पीछे की दो घडी रात्री रहे तब स्वाध्याय के काल से निवृत्ति पाकर आवश्यक (प्रतिक्रमण) के काल की प्रतिलेखना करे फिर प्रतिक्रमन की आज्ञा ग्रहण करने गुरु आदि को वंदना करे ॥ ४६ ॥ जब प्रतिक्रमण करने की वक्त हो गई हो तब जिस प्रकार देवसी (दिन सम्बन्धी) प्रतिक्रमण की विधी कही है उस ही प्रमाने क्षेत्र विशुद्धि कर पहिले

दुक्खवि मोक्खण ॥ ४७ ॥ राइय च अइयार, चिंतिज्ज अणुपुव्वसो ॥ नाणंमि दसणंमि य चरित्तंमि तवंमि य ॥ ४८ ॥ पारिय काउस्सग्गो, वंदित्ताण तओ गुरु ॥ राइयं तु अतीचार आलोएज्ज जहक्कम ॥४९॥ पडिक्कमित्तु निस्सल्लो, वंदित्ताण तओ गुरु ॥ काउस्सग्ग तओ कुज्जा, सव्व दुक्खवि मोक्खण ॥ ५० ॥ किं तव पडिवज्जामि एव तत्थ विचिंतए ॥ काउसग्गं तु पारित्ता वन्दई य तओ गुरु ॥५१॥

आवश्यक की आज्ञा ले पूर्वोक्त विधी प्रमाण सब दुःख से मुक्त करनेवाला कायोत्सर्ग करे ॥ ४७ ॥ कायोत्सर्ग में रात्रि सम्बन्धी १४ ज्ञान का, ५ सम्यक्त्व के १२५ चारित्र के और १२ तप के यों १५६ अतिचार का अनुक्रम से चिन्तवन करे यह प्रथमावश्यक ॥ १ ॥ कायोत्सर्ग पारकर दूसरे आवश्यक की आज्ञा लेकर लोगस्स कहे फिर तीसरे आवश्यक की आज्ञा ले दो खमासमना से गुरु वंदना करे यह तीसरा आवश्यक हुवा फिर चौथे आवश्यक की आज्ञा ग्रहन कर रात्रि सम्बन्धी ज्ञानादि के अतिचार की आलोचना करे ॥ ४९ ॥ आलोचना कर उस पाप से प्रतिक्रमा है । मिथ्या दुष्कृत दे शुद्ध होवे मायादि तीनों शल्य रहित निःशल्य होवे श्रमण सूत्र नमो चौवीसा खमासमणा पांचों पद की वंदना करे यह चौथा आवश्यक पूरा हुवा फिर गुरु आदि का वंदना करके पांचवा आवश्यक की आज्ञा से नमस्कार करेमी भंते इच्छामी ठामी तस्सुत्तरी का पाठ कहकर सब दुःख से छोडानेवाला कायोत्सर्ग करे ॥ ५० ॥ इस पांचवे आवश्यक के कायोत्सर्ग में चिन्तवन करे

सूत्र पारिय काउसग्गो, वंदित्ताण तओ गुरु ॥ तवं तु पडिवज्जेज्जा, करिज्ज सिद्धाण संथवं ॥ ५२ ॥ एसा सामायरी समासेण वियाहिया ॥ जं चरित्ता बहु जीवा तिण्णा संसार सागरं ॥ ५३ ॥ त्तिबेमि ॥ इति सामायारी नामक छब्बीसमं अज्झयणं सम्मत्तं ॥ २६ ॥ * * * * *

अर्थ कि-आज में किस प्रकार का तप अंगीकार करूं ? फिर नवकारसी आदि जो तप उस दिन ग्रहण करना है उस का निश्चय कर कायुत्सर्ग को पारे लोगस्स कहे फिर दो वक्त खमासमणादे यह गुरु वंदना हुवा बाद पांचवा आवश्यक पुरा हुवा ॥ ५१ ॥ फिर पांचवा कायुत्सर्ग आवश्यक पुरा हुवे बाद गुरु आदि को वंदना करके नवकारसी आदि जो तप अंगीकार करने का हो वह अंगीकार करे फिर सिद्धस्तवन अर्थात् अरिहंत को सिद्ध का और धर्माचार्य को नमुथुणं देवे यह छठा आवश्यक पुरा हुवा यह राईसी प्रतिक्रमण की विधी हुई यहां तो यह संक्षेप में छ ही आवश्यक की विधी कही है इन की विशेष विधी आवश्यक सूत्र से जानना ॥ ५२ ॥ इस प्रकार दश प्रकार की समाचारी तीर्थंकर भगवान ने कही है इन समाचारी का आचरन कर गत काल में अनंत जीवोंने संसार समुद्र से तीर कर मुक्ति पद प्राप्त किया सिद्ध बुद्ध मुक्त हो सर्व दुःख का अन्त किया है॥ ५३ ॥ यों सुधर्मा स्वामीजीने जंबू स्वामी जी से कहा कि मैंने जिस प्रकार तीर्थंकर भगवानसे सुना वैसा तेरे से कहा है, इति समाचारी नामक छब्बीसवा अध्ययन समाप्तम् ॥ २६ ॥

॥ खलुङ्किय नाम सप्तविंशतितम मध्ययनम् ॥

सूत्र

थेरे गणहरे गग्गे, मुणी आसि विसारए ॥ आइण्णे गण भावम्मि, समाहिं पडिसंधए ॥ १ ॥ वहणे वहमाणस्स, कंतारं अइवत्तई ॥ जोगे वहमाणस्स, संसारं अइवत्तई ॥ २ ॥ खलुंके जो उ जोएइ, विहम्माणो किलिस्सई ॥ असमाहिं च वेएइ, तोत्तओ से य भज्जई ॥ ३ ॥ एगं डसइ पुच्छंमि, एगं विंधइ भिक्खण-

अर्थ

